दैनिक बजट नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार, 4 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 25 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित,

ज्ञान और गति से अंजोर छत्तीसगढ़

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का पेश किया बजट

बजट 2025

G गुड गवर्नेंस

- शासन में सुधार
- बेहतर सेवा वितरण
- नागरिक सहभागिता
- नागरिक केन्द्रित दृष्टिकोण
- पारर्शिता, जवाबदेही

A एक्सलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर

- विकास को प्रोत्सहन
- रोजगार के अवसर
- निजी निवेश नीति में सुधार
- व्यवसाय करने के आसानी

T टेक्नोलॉजी

- अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी
- प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना
- सेवा वितरण को बढ़ावा
- उन्नत विश्लेषण

i इंडस्ट्रियल ग्रोथ

- औद्योगिक विकास
- नई औद्योगिक नीति
- रोजगार बढ़ाना
- रोजगार देने वाले उद्योगों को आकर्षित करना

रायपुर/नवप्रदेश। *वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को सदन में बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार अच्छी नियत और पूरी कर्मठता के साथ काम कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार का बजट मैंने खुद अपने हाथ से लिखा है। सदन के सदस्यों को बजट की जो कॉपी सौंपी गई है, वह मेरे हाथ से लिखी गई हैं। साय सरकार ने अपना दूसरा और राज्य का 25वां बजट पेश किया। पिछला बजट साल 2024-25 में एक लाख 47 हजार 446 करोड़ था। इस बार 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट है। इसमें नौकरियां व शिक्षा समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। नई परंपरा की शुरुआत अब तक छत्तीसगढ़ विधानसभा में केवल कंप्यूटर-टाइप्ड बजट ही पेश किए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार परंपरागत और अनूठे अंदाज में बजट तैयार किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी का मानना है कि इससे प्रामाणिकता और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।*

कर्मचारियों के लिए बड़ा तोहफा, पेट्रोल 1 रुपए सस्ता, डीए, पत्रकार सम्मान निधि भी बढ़ी

बजट में सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ा तोहफा है। कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 फीसदी किया जायेगा। अप्रैल से डीए का लाभ मिलेगा। बजट में होम स्टे पॉलिसी के लिये पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ग्राम गौरव पथ योजना के लिये 100 करोड़ रुपये का प्रावधान, महतारी सदन निर्माण के लिये 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्कूल और कॉलेजों में होगी शिक्षकों की भर्ती, नगरीय विकास के लिये 750 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। पत्रकार सम्मान निधि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार किया गया। प्रदेश में ह्स्त्र की तर्ज पर स्त्र बनेगा। सीआईएसएफकी तर्ज पर सीआईएसएफका गठन होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 62 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में 1 रुपए पेट्रोल सस्ता करने की घोषणा की है।

पत्रकार सम्मान निधि 20 हजार

पत्रकार सम्मान निधि को 10 से बढ़ाकर 20 हजार किया गया। प्रदेश में एनएसजी एसएजी बनेगा, सरकारी कर्मचारियों का डीए बढ़ाकर 53 फीसदी बढ़ा अप्रैल से मिलेगा डीए का लाभ। बजट 2025 में छत्तीसगढ़ में पेंशन फंड बढ़ेगा, बस्तर में दो नये थानों का निर्माण होगा, पेंशन फंड के लिये 456 करोड़ रुपये का प्रावधान, छत्तीसगढ़ का व्यय 1.38 लाख करोड़, नैनो यूरिया और डीएपी को होगा गठन, डेयरी विकास के लिये 90 करोड़ का प्रावधान, छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एक रुपये सस्ता, पेट्रोल के वैट में एक रुपये की होगी कमी।

भूमिहीन मजदूरों के लिए 600 करोड़ का प्रावधान

बजट में भूमिहीन मजदूरों के लिये 600 करोड़ रुपये का प्रावधान है, दलहन-तिलहन को एमएसपी पर खरीदने का फैसला किया गया है। दलहन-तिलहन खरीदी के लिये 80 करोड़ रुपये का भी प्रावधान किया गया है। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान, एकीकृत बगवानी के लिये 150 करोड़ रुपये का प्रावधान। गन्ना किसानों के लिये बोनस के लिये 60 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कविता के जरिए यह दर्शा दिया कि हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

अंधकार कितना भी घना हो उजाले की उम्मीद पर ही मानव जाति की सार्थकता है। यह बजट बेहतर कल के लिए प्रयास है, भावी विकास की एक कोशिश है, विकास के बसंत के लिए एक प्रयास है। अंधेरों से आंख मिलाने चला आया है जूगनुओं का कारवां,हम ढूंढ ही लेंगे अपने हिस्से की रोशनी मशालें जलेंगी भी राहें दिखेंगी भी कुशासन की आंच से ठूंठ नहीं होगा, किसी का भी भविष्य जड़ें सोख ही लेंगी अपने हिस्से का पानी विकास का बसंत आएगा पूरे शबाब पर आएगा, कोपलें फिर से फूटेंगी, कोयलें फिर से कूकेंगी।

अटल सिंचाई योजना लागू होगी

छत्तीसगढ़ बजट 2025 में प्रदेश में अटल सिंचाई योजना लागू होगी, अटल सिंचाई योजना के लिये पांच हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बस्तर में शिक्षा को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। तेंदूपत्ता की 5500 प्रति मानक बोरा दर से खरीदी होगी।

बस्तर-सरगुजा प्राधिकरण के लिए 50-50 करोड़

छत्तीसगढ़ बजट 2025 में बस्तर और सरगुजा प्राधिकरण के लिए 50-50 करोड़ रुपए का प्रावधान है। मुख्यमंत्री विद्युतीकरण के लिए 2500 करोड़ रुपये का प्रावधान और बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है।

पीएम कुसुम योजना: 362 करोड़ रुपए का प्रावधान

बजट 2025 में पीएम कुसुम योजना को लेकर 362 करोड़ रुपए का प्रावधान, पीएम सूर्य घर योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान, पटवारियों को संसाधन भत्ता दिया जाएगा। नवीन पुलिस थाना के लिए बजट का प्रावधान और अचल संपत्ति के अंतरण पर स्टांप ड्यूटी के लिए 12 फीसदी सेस खत्म करने का फैसला किया गया है।

10 नवीन योजनाओं की घोषणा

- मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना
- मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना
- मुख्यमंत्री परिवहन योजना
- मुख्यमंत्री बाय पास एवं रिंग रोड निर्माण योजना
- मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना
- मुख्यमंत्री गवर्नेंस फेलोशिप
- सियान केयर योजना
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
- अटल सिंचाई योजना
- एसएसआईपी (छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति) का कार्यान्वयन
- राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ छात्र कौशल कार्यक्रम और वित्तीय निवेश प्रशिक्षण योजना

छत्तीसगढ़ में पहली बार हस्तलिखित बजट पेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा में सोमवार को ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है, जब राज्य में कंप्यूटर-टाइप्ड बजट की जगह खुद वित्त मंत्री के हाथों से लिखा गया बजट सदन में प्रस्तुत किया। यह बजट 100 पृष्ठों का है, जिसे पूरी तरह हाथ से लिखा गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इसे परंपराओं की ओर वापसी और मौलिकता को बढ़ावा देने का कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हस्तलिखित बजट पेश करना एक अलग पहचान और ऐतिहासिक महत्व रखता है।

प्रमुख विभागों को आवंटन करोड़ों में

स्कूल शिक्षा विभाग	- 22,356
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	- 18461
कृषि विभाग	- 13,506
लोक निर्माण विभाग	- 9,501
खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग	- 9,440
गृह विभाग	- 8,380
महिला एवं बाल विकास विभाग	- 8,245
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	- 8,040
ऊर्जा विभाग	- 7,055
नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग	- 6,044
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	- 5,300

ये हैं बजट के शिल्पकार...

छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 की 20 बड़ी बातें-

- वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 62 हजार 100 करोड़ का बजट किया पेश
- छत्तीसगढ़ में 1 रुपए सस्ता होगा पेट्रोल,वैट में एक रु छूट देने की घोषणा
- सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए की घोषणा
- रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो ट्रेन चलाने के लिये होगा सर्वे

- एतिहासिक रिकॉर्डः छत्तीसगढ़ में पहली बार और देश में संभवतः प्रथम हाथ से लिखा बजट पेश हुआ
- गति थीम पर आधारित रहा बजट, ज्ञान से लेकर गति तक का सफर
- दलहन-तिलहन को एमएसपी पर खरीदने का फैसला
- पत्रकार सम्मान निधि 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार होगा
- प्रदेश में एनएसजी की तर्ज पर बनेगा एसएजी
- सीआईएसएफ की तर्ज पर एसआईएसएफ का होगा गठन
- सरकारी कर्मचारियों का डीए 53 फीसदी बढ़ाने की घोषणा, अप्रैल से मिलेगा लाभ
- तेंदूपत्ता की 5500 प्रति मानक बोरा दर से होगी खरीदी
- 20 हजार नई भर्तियों की स्वीकृति, 12 अतिरिक्त नर्सिंग की होगी स्थापना, 34 करोड़ का प्रावधान
- दिव्यागों के विशेष स्कूल के लिये 5 करोड़ रुपये का प्रावधान
- नई सड़क निर्माण के लिए 2 हजार करोड़ का प्रावधान
- मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना होगी शुरू, 100 करोड़ रुपए का प्रावधान
- 11 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ दो विशेष संग्रहालय होंगे तैयार
- नवा रायपुर में फिल्म सिटी बनाने का प्रावधान
- रामलला के दर्शन के लिये 36 करोड़ रुपये का प्रावधान, तीर्थ यात्रा योजना के लिये 15 करोड़ रुपये का प्रावधान
- 8 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, महतारी सदन निर्माण के लिए 50 करोड़

बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगी तीव्र गति : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर/नवप्रदेश। यह बजट वर्तमान की जरूरतों को पूरा करते हुए भविष्य में विकसित छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को तीव्र गति मिलेगी। इसमें धान के कटोरे की चमक ''कृषि अर्थव्यवस्था'' को संवारने के उपायों के साथ ही इंडस्ट्रियल हब और आईटी हब के रूप में छत्तीसगढ़ को तैयार करने की ठोस नींव रखी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा में अपनी सरकार के दूसरे साल के प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपरोक्त बातें कही। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि हम आधुनिक समय के मुताबिक अपनी अर्थव्यवस्था को तैयार करें, बजट में पूरा फोकस

इसी पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रदेश में बदहाल राजकोष और कुशासन की विरासत मिली थी। हमने राजकोषीय सुधारों के साथ प्रशासनिक प्रणालियों में सुधार करते हुए बजट के संतुलित उपयोग से प्रदेश में जनकल्याण के कार्य पुनः आरंभ कराए। अब छत्तीसगढ़ में विकास ट्रैक पर आ गया है और ट्रिपल इंजन की सरकार इसे तेजी से गति दे रही है। बजट प्रावधानों से यह गति और बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले बजट में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप समावेशी विकास की राह तैयार हुई और हमारा फोकस ज्ञान अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति पर था। इनके लिए हमने जिस तरह से नवाचारी योजनाएं लागू कीं, उसके प्रभावी नतीजे मिले। इस बार बजट का थीम है ''ज्ञान के लिए गति'' यह हमारी ट्रिपल इंजन सरकार के लक्ष्यों के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि गति से हमारा तात्पर्य सुशासन, बुनियादी ढांचे में तेजी लाना, तकनीक का अधिकाधिक प्रयोग और औद्योगिक विकास में तीव्र वृद्धि करना है। हम इन सभी मानदंडों को पूरा करेंगे।

समावेशी विकास को गति देने वाला बजट : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 को प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'अटल निर्माण वर्ष' के अनुरूप प्रदेश को एक नए विकास पथ पर ले जाने वाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'GYAN' (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) के विकास के लक्ष्य को 'GATI' के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस बार बजट में छत्तीसगढ़ की आर्थिक संरचना को मजबूत करने के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं, जिससे बुनियादी ढांचे और विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि गृह एवं जेल विभाग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इस वर्ष पांच नए साइबर पुलिस थानों की स्थापना बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और जशपुर में की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोरबा, जांजगीर-चांपा और सूरजपुर में तीन नए महिला पुलिस थाने खोले जाएंगे। कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नवा रायपुर में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के उन्नयन के लिए ?40 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है।

पहले ज्ञान और अब गति को समर्पित साय सरकार का दूसरा बजट

यशवंत धोटे

त्वरित टिप्पणी

जैसी की उम्मीद थी इस बार बजट का आकार बड़ा होगा और वही हुआ। आकार इतना बड़ा हो गया कि छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयन्ती वर्ष में न केवल आकड़ों का रिकार्ड टूटा बल्कि संभवतः भारतीय बजट के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि किसी वित्त मंत्री ने अपने हाथ से लिखा हुआ 100 पेज का बजट पौने दो घंटे सदन में पढ़ा। बजट पढ़ने के बाद स्पीकर कक्ष में सीएम और स्पीकर से मिलने पंहुचे वित्त मंत्री ओपी चौधरी की स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने हस्तलिखित भाषण की तारीफ की, तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहज ही पूछ लिया कि हाथ से लिखने से पहले इसको रफ किया था क्या? वित्तमंत्री ने कहा नहीं सर तीन दिन लगे रात भर जाग कर फाइनल किया हूं। वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्यचकित थे। सरकार के मुताबिक यह वाला बजट ***ज्ञान*** *के परिष्कृत रूप* ***गति*** *को समर्पित है। यानि 2024 में* ***जी*** *से गरीब,* ***वाय*** *से युवा,* ***ए*** *से अन्नदाता, और* ***एन*** *से नारी मिलकर* ***ज्ञान*** *बना था। इस बार 2025 में* ***जी*** *से गुडगर्वनेंस* ***ए*** *से एक्सेलरेटिंग इंफ्रांस्ट्रक्चर,* ***टी*** *से टेक्नोलॉजी और* ***आई*** *से इंडस्ट्रीयल ग्रोथ मिलाकर यह बजट* ***गति*** *को समर्पित कर दिया गया है। हालांकि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी प्रतिक्रिया में इसे दुर्गति वाला बजट बताया लेकिन यह नही बताया कि दुर्गति किसकी? अब बात करते हैं आकंड़ों की। 25 साल में 29 गुना बड़े आकार के लगभग एक लाख 65 हजार करोड़ के इस बजट से राज्य में एक रुपए लीटर पेट्रोल सस्ता होने जा रहा है। क्योंकि वेट हटाया गया। कर्मचारियों का डीए बढ़कर अप्रैल की तनख्वाह के साथ मिलने भी लगेगा। वैसे तो इस बजट में बड़ा प्रावधान शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थय योजना के तहत 1500 करोड़ रखा गया है। पहली बार किसी बजट में निसन्तान दम्पतियों के लिए आइवीएफ जैसी मेडिकल फेसिलीटी के लिए 10 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर ये है कि अब 15 हजार रुपए महीने पाने वाले और मोटरसायकिल से चलने वाले भी इस आवास को पा सकते हैं। राज्य की दो बड़ी नदियों महानदी और इन्द्रावती को जोड़ने के लिए भी इस बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। लगभग 18 हजार करोड़ के घाटे वाला यह गांव, गरीब, किसान, महिला व शहरी आबादी के लिए नई सुबह लेकर आया है।*

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए बजट में महत्वपूर्ण प्रावधानः श्याम बिहारी जायसवाल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है। 2025-26 के बजट में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के नागरिकों को सुलभ, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 1,850 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। वहीं, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के लिए 1,500 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। यह बजट स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल गरीबों और जरूरतमंदों को निःशुल्क उपचार मिलेगा, बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी होगा।

इसके अतिरिक्त रायपुर में ए.आर.टी. केंद्र की स्थापना के लिए 10 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे निःसंतान दंपतियों को विशेष उपचार की सुविधा मिल सकेगी। वहीं MRI और CT स्कैन मशीनों की स्थापना हेतु 35 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे सरकारी अस्पतालों में उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस पर जायसवाल ने कहा, राज्य में उन्नत चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। इस बजट के माध्यम से सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों को आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे प्रदेशवासियों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, ÷हमारी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हों। इस बजट में हाट-बाजार क्लिनिक योजना और सिकल सेल संस्थान जैसी नई पहलों के माध्यम से प्रदेश के हर नागरिक को स्वास्थ्य सुविधा देने का संकल्प लिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन प्रावधानों से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और राज्य का चिकित्सा ढांचा अधिक मजबूत होगा।

उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों का आधुनिकीकरण

प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा संस्थानों का उन्नयन किया जा रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल, रायपुर में उन्नत कार्डियक संस्थान के विस्तार के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिससे हृदय रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में, रायपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर और अन्य गंभीर रोगों के उपचार हेतु आधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए 20 करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नई पहल

छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष ध्यान ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर है। इसी के तहत, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 13 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, सिकल सेल रोग की रोकथाम और उपचार हेतु विशेष सिकल सेल संस्थान स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए 13 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना के लिए 132 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। साथ ही, छत्तीसगढ़ आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया सेवा योजना के तहत 21 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

बजट के कुछ अंश

सीएम नगरोत्थान योजना के लिये 500 करोड़

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कार्यालय और सर्वे के लिये पांच करोड़ के बजट का प्रावधान, सीएम नगरोत्थान योजना के लिये 500 करोड़ का प्रावधान और रायपुर-दुर्ग मेट्रो के सर्वे का प्रावधान। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शेरो-शायरी से बांधा समा।

खाद प्रसंस्करण फूड पार्क के लिये 17 करोड़

छत्तीसगढ़ में खाद प्रसंस्करण फूड पार्क के लिये 17 करोड़ रुपये का प्रावधान, उद्योगों के लिये बजट का प्रावधान, जीएसडीपी में 12 फीसदी वृद्धि का प्रावधान, मां बम्लेश्वरी मंदिर के पास बनेगा पुल, डोंगरगढ में परिक्रमा पथ का होगा निर्माण, 22 हजार से ज्यादा लोगों को रामलला के दर्शन कराये, रामलला के दर्शन के लिये 36 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में शामिल किया गया है।

20 हो जाएगी नर्सिंग कॉलज की संख्या

प्रदेश में आठ से बढ़कर 20 हो जायेगी नर्सिंग कॉलजों की संख्या, नये नर्सिंग कॉलेज के लिये 34 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 12 अतिरिक्त नर्सिंग की होगी स्थापना, 6 नये फिजियोथैरेपी कालेज, 6 करोड़ रुपये का प्रावधान, निफ्ट की स्थापना के लिये 50 करोड़ रुपये का प्रावधान, 20 हजार नई भर्तियों की स्वीकृति।

होम स्टे पॉलिसी के लिये 5 करोड़

छत्तीसगढ़ बजट में होम स्टे पॉलिसी के लिये पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ग्राम गौरव पथ योजना के लिये 100 करोड़ रुपये का प्रावधान, महतारी सदन निर्माण के लिये 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्कूल और कॉलेजों में होगी शिक्षकों की भर्ती, नगरीय विकास के लिये 750 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

दिव्यागों के लिये विशेष स्कूल 5 करोड़

छत्तीसगढ़ बजट 2025 में दिव्यागों के लिये विशेष स्कूल के लिये पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। महिलाओं के विकास पर फोकस करते हुए आठ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिये 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान और पीएम आवास योजना ग्रामीण का दायरा बढ़ाया गया है।

महतारी वंदन योजना 5500 करोड़

छत्तीसगढ़ बजट 2025 में महतारी वंदन योजना के लिये 5500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। खाद सुरक्षा के लिये 5336 करोड़ रुपये का प्रावधान, रायपुर में आईवीएफ के लिये मेकाहारा रायपुर में हाईटेक मशीनें लगाई जाएंगी। मेकाहारा में एआरटी की स्थापना होगी। वहीं एनएचएम के लिये 1850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बिजली उत्पादन 18000 मेगावाट पहुंचा

ओपी चौधरी ने कहा 7300 मेगावाट बिजली उत्पादन अब 18000 मेगावाट पहुंच गया है। राजधानी रायपुर में एक भी राष्ट्रीय स्तर का संस्थान नहीं था। आज रायपुर में ऐसा एकमात्र राजधानी शहर है, जहां आईआईएम भी है। एम्स भी है। एनआईटी भी है। ट्रिपल आईटी भी है। प्लास्टिक इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट भी है। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी है। ओपी चौधरी ने कहा कि 7300 मेगावाट बिजली उत्पादन अब 18000 मेगावाट पहुंच गया है।

मिनी मेट्रो के लिए सर्वे कराया जाएगा

बड़े शहरों के लिए मिनी मेट्रो का विकास निश्चित रूप से हो रहा है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सुविधा के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

हवाई अड्डे के लिए 40 करोड़ का प्रावधान

छत्तीसगढ़ में हवाई अड्डे के विकास के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान है, ताकि अधिकतम संख्या में उड़ानें संचालित की जा सकें।

600 से अधिक इंजीनियर्स की भर्ती

सब-इंजीनियर की भर्ती न होने के कारण सभी निर्माण विभागों में पीडी एचडी जल संसाधन अभियंताओं की भारी कमी है। हमने 1 साल में 600 से अधिक अभियंताओं की भर्ती की अनुमति दी है, ताकि इन विभागों में पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। पूंजीगत व्यय करके छत्तीसगढ़ में आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है। हमारी सरकार ने सड़कों का जाल बिछाने के लिए सड़क योजना 2030 तैयार की है, जिसका मुख्य उद्देश्य राजधानी से लेकर जिले तक और जिलों से लेकर विकासखंड स्तर तक सड़कों को चौड़ा करना है।

फूड पार्क के लिए 17 करोड़ का प्रावधान

फूड पार्क के लिए 17 करोड़ का प्रावधान है। औद्योगिक क्षेत्र के स्थापना के लिए 23 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। उद्योगों को अनुदान ना मिलने के कारण व्यवसायों को व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। 700 करोड रुपए के दायित्वों को हमारी सरकार ने इस साल भुगतान किया है। 700 करोड रुपए का भुगतान किया गया है। उद्योगों को बढ़ावा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समावेशी विकास की ओर छत्तीसगढ़ सरकार का एक और कदम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने सोमवार को अपना महत्वाकां बजट प्रस्तुत किया। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में छत्तीसगढ़ सरकार का वर्ष 2025-26 का एक लाख 65 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जो कि वर्ष 2024-25 के बजट एक लाख 47 हजार 500 करोड़ रुपए से 12 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष का बजट "GYAN" (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित था, जबकि इस वर्ष का बजट "GATI" (गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ) पर केन्द्रित है। यह राज्य का अब तक सबसे बड़ा बजट है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस बजट से विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प है। यह नवाचार, अधोसंरचना और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने वाला बजट है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह बजट राज्य के रजत जयंती वर्ष का बजट है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में इस वर्ष को ÷अटल निर्माण वर्ष÷ के रुप में मना रही है। प्रस्तुत बजट में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 12 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है, जो वर्ष 2025-26 में 6,35,918 करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति आय में 9 प्रतिशत वृद्धि, बिना नया कर लगाए राजस्व में 11 प्रतिशत वृद्धि तथा राजस्व अधिशेष 2,804 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। राज्य का पूंजीगत व्यय 26,341 करोड़ रुपए प्रस्तावित है, जो अब तक का सर्वाधिक है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने बजट में व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से कर के बोझ को कम करने के लिए ई-वे बिल सीमा 50 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए की है। नए बजट में 25 हजार रुपए तक की वैट देनदारी को माफ किया गया है, जिससे 40,000 से अधिक व्यापारियों को राहत मिलेगी। अचल संपत्ति लेनदेन पर स्टांप शुल्क उपकर हटा दिया गया है।

वर्ष 2025-26 के बजट में छत्तीसगढ़ सरकार ने कई प्रमुख घोषणाओं को पूरा करने के लिए भी बजट प्रावधान किया है, जिसमें कृषक उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़, महतारी वंदन योजना के लिए 5500 करोड़, मुख्यमंत्री खाद्यान्त्र सहायता योजना के लिए 4500 करोड़, पांच एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपए सहित अन्य योजनाओं को पूरा करने के लिए भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो कि पिछले साल के बजट से 300 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025-26 के बजट में मुख्यमंत्री मोबाईल टॉवर योजना, मुख्यमंत्री परिवहन योजना, 500 नई सहकारी समितियों का गठन का प्रावधान किए जाने के साथ ही केन्द्र सरकार की पीएसएस योजना के तहत पहली बार दलहन और तिलहन की खरीदी के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के साथ ही जशपुर जिले के कुनकुरी में नया मेडिकल कॉलेज खोलने तथा रिक्त सरकारी पदों को तेजी से भरने का भी प्रावधान है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल की बजट में उद्योग विभाग को तीन गुना अधिक राशि आर्बंटित की गई है।

विकसित छत्तीसगढ़ वाला बजट हुआ पेशः डिप्टी सीएम साव

बजट 2025-26 में रजत जयंती की दिखी झलक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज विकसित छत्तीसगढ़ का बजट पेश हुआ। बजट में रजत जयंती की झलक साफ तौर पर दिखी। यह बात उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कही। उन्होंने कहा कि, वित्त मंत्री ओपी चौधरी जी ने विधानसभा में गति बजट पेश किया है। गति के G गुड गवर्नेंस, A एक्सलरेटिंग, T टेक्नोलॉजी और I इंडस्ट्रियल ग्रोथ से मुख्यमंत्री विष्णु देव जी के विकसित प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक सिद्ध होगी। वहीं इस लक्ष्य को हासिल करने कुल 1 लाख 65 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया गया। छत्तीसगढ़ इस वर्ष को रजत जयंती वर्ष मना रहा है। और छत्तीसगढ़ का निर्माण करने वाले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी है।

साव ने कहा कि, बजट 2025 में हमारी सरकार ने किसानों की तरक्की के लिए कृषक उन्नति योजना में 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए पीएम आवास 8500 करोड़ रुपए बनेगा। वहीं मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 100 करोड़ रुपए दी है। जबकि मातृ शक्ति के लिए महतारी वंदन योजना में 5500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। लोक निर्माण विभाग के लिए 9500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन में 4500 करोड़ रुपए, न्यायिक प्रकिया को सरल और पारदर्शी बनाने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री नगरों उठान योजना शुरू की गई है, इसके लिए 500 करोड़ रुपए दिया गया है। मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 6 नए फिजियोथैरेपी कॉलेज, 12 नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे।

स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 1500 करोड

- सिकल सेल स्क्रीनिंग केंद्र की स्थापना के लिए प्रथम चरण में 50 विकासखंड में
- 1850 करोड रुपए का प्रावधान
- डॉ भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट एशिया के कार्डियोलॉजी विभाग का विस्तार रहा है।
- सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बना रहे हैं, इसके लिए मेकाहारा में सारे 28 करोड़ की तीन एमआरआई मशीन, 26 करोड़ के 256 स्लाइस सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी।
- महासमुंद चिकित्सा महाविद्यालय में 14 करोड़ की लागत से 128 सिटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी।
- जनकपुर में 100 बिस्तर अस्पताल
- रायपुर सरोना में 100 बिस्तर अस्पताल
- चार योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के लिए 13 करोड रुपए का प्रावधान किया गया।
- आयुर्वेदिक कॉलेज के लिए 4 करोड़ का प्रावधान
- बजट में विश्व स्तरीय मध्य भारत का सबसे बड़ा अत्यधिक इंटीग्रेटेड खाद्य औषधि प्रयोगशाला लैबोरेट्री बढ़ाने के लिए 45 करोड रुपए का प्रावधान किया गया।

समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीदी

- भूमि कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से 5 लाख 65 हजार भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान
- कृषि पंपों के निशुल्क विद्युत प्राय योजना के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 75,00 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया।
- दलहन और तिलहन के फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के साथ क्लब किया गया है। दलहन और तिलहन की फसलों की के लिए 80 करोड़ रुपए का प्रावधान
- रागी के साथ-साथ दलहन तिलहन फसल के बीज उत्पादन और वितरण के लिए बजट में कृषक समग्र विकास योजना के लिए 150 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।
- राज्य में नैनो नैनो यूरिया और डीएपी को भी प्रोत्साहित करेंगे। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए परंपरागत कृषि योजना के अंतर्गत 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- इसके साथ ऑर्गेनिक प्रमाणीकरण के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम के लिए 200 करोड़, कृषि पंप की पंजीकरण के लिए 50 करोड़, गन्ना किसानों को बोनस प्रदान के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

एक हजार नक्सलियों ने किया सरेंडर

- छत्तीसगढ़ बजट 2025 में प्रदेश में अटल सिंचाई योजना लागू होगी, अटल सिंचाई योजना के लिये पांच हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बस्तर में शिक्षा को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा। तेंदूपत्ता की 5500 प्रति मानक बोरा दर से होगी खरीदी, अब तक करीब एक हजार नक्सलियों ने किया सरेंडर।

कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 53 प्रतिशत डीए

- छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता डीए बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया जाएगा। मार्च माह का वेतन जो अप्रैल में देना होगा। बढ़ हुए महंगाई भत्ते के साथ दिया जाएगा।
- नक्सलवाद को समाप्त करने की लड़ाई में बस्तर फाइटर का सारणी योगदान मिला है। इसे देखते हुए इस साल 3200 अतिरिक्त बस्तर फाइटर के पदों पर सृजन किया जाएगा।
- 9 जिलों में आजाद थाना कोरबा जांजगीर सूरज में नया था। नया महिला थाना सुकमा के नक्सल प्रभावित गांवों में नए पुलिस थाने शुरू किए जाएंगे। नवीन भारत रक्षित वाहिनी का गठन किया जाएगा 39 करोड़ का प्रावधान किया गया है।
- पत्रकार साथियों के विशेष योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनेक प्रावधान किए गए हैं। रायपुर में प्रेस क्लब के रिनोवेशन और विस्तार के लिए एक करोड रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।
- पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुना करते हुए 10000 से बढ़कर 20000 करने का निर्णय लिया गया है। पत्रकार साथियों के एक्सपोजर विजिट के लिए एक करोड रुपए का बजट प्रावधान। राज्य में प्रवासी सम्मेलन कराया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में 1 रुपए सस्ता होगा पेट्रोल

- छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 1 लाख 62 हजार 100 करोड़ का बजट पेश किया, जो पिछले साल की तुलना 12 प्रतिशत ज्यादा है। ओपी चौधरी ने सदन में 1 रुपए पेट्रोल सस्ता करने और सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत ध्र की घोषणा की है।
- इस दौरान ओपी चौधरी ने बताया कि महतारी वंदन योजना के लिए 5 हजार 500 करोड़, पीएम आवास के लिए 8 हजार 500 करोड़ और पीएम स्कूल के लिए 277 करोड़, स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 1500 करोड़, रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- प्लास्टिक इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट भी है और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भी है। वित्त मंत्री ने पहली बार हाथ से लिखा बजट पेश कर रहे हैं।

आरोग्य की दिशा में सार्थक कदम

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े डॉ. संजय शुक्ला ने छत्तीसगढ़ सरकार के नवीन बजट को आरोग्य की दिशा में सार्थक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विष्णदेव सरकार के इस बजट में मोदी सरकार द्वारा आयुष पद्धतियों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों की झलक मिल रही है। नवीन बजट में सरकार ने 4 योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के साथ ही आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। इस निर्णय से राज्य में आयुर्वेद तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन मिलेगा जिसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। इसके अलावा नवीन बजट मे 6 फिजियोथेरेपी कॉलेज एवं 50 विकास खंडों में सिकलसेल स्क्रीनिंग सेंटर की स्थापना की घोषणा की गई है जो जनस्वास्थ्य की दिशा में स्वागतेय कदम है। उन्होंने इस बजट को प्रदेश के आर्थिक सेहत के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी उत्तम बजट बताया है। -डॉ. संजय शुक्ला एसोसिएट प्रोफेसर, शासकीय आयुर्वेद कॉलेज, रायपुर

ओम के बजट में विष्णु के सुशासन का प्रकाश

चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव,
छत्तीसगढ़ विधानसभा

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने आज दिनांक 3 मार्च 2025 को छत्तीसगढ राज्य के वर्ष 2025-26 के आय व्यय का उपस्थापन छत्तीसगढ़ विधान सभा में किया। वित्त मंत्री के नाते ओ पी चौधरी का यह लगातार दूसरा बजट है। दिसंबर 2023 में सरकार बनने के दो माह की अवधि के भीतर ही पहला बजट प्रस्तुत किया गया था लेकिन इस बजट में सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन के लिए विस्तार से प्रावधान किया गया है और बजट के माध्यम से पार्टी के संकल्प पत्र को धरातल पर लाने का प्रयास किया गया है।

संभवतः यह पहला अवसर है जब वित्त मंत्री बजट प्रस्तुत करने के पूर्व शंकर जी के मंदिर गए और उनसे प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद माँगा साथ ही यह भी पहला अवसर है जब वित्त मंत्री को उनकी पत्नी ने तिलक लगाकर शुभकामनाएँ दी जो भारतीय संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। वर्ष 2025 इस मायने में भी उल्लेखनीय है कि यह वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का रजत जयंती वर्ष है और यह राज्य का 25 वा बजट है जिसके माध्यम से प्रदेश के विकास की नई इबारत लिखने का प्रयास किया गया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह भी पहली बार दर्ज होगा कि वित्त मंत्री ने बजट भाषण मुद्रित प्रति से न पढ़ते हुए कंप्यूटर से पढ़ा जो भविष्य में प्रदेश को डिजिटाइज्ड करने के उनके सपने को साकार करने का पहला क़दम है। हस्तलिखित बजट भाषण पड़कर उन्होंने यह भी बताया कि बजट उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है। अपने बजट भाषण की शुरुआत में उन्होंने एक कविता के माध्यम से वीर नारायण गुण्डा धुर ,गुरु घासीदास स्वामी विवेकानंद कालिदास और माता शबरी का स्मरण किया।

जिस प्रकार आम निर्वाचन में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास व्यक्त किया उसको देखते हुए प्रथम वर्ष को विश्वास वर्ष के रूप में स्थापित कर जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई और जनता ने भी नगरीय निकायों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति पुनः विश्वास व्यक्त किया और ट्रिपल इंजन की सरकार विकास के पथ पर तेजी से दौड़ने की दिशा में अग्रसर है। जिस प्रकार केंद्र में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया गया है उसी तर्ज़ पर छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने हेतु छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 योजना बनायी गई है और इसे मूर्त रूप देने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। विगत वर्ष के बजट का सूत्र वाक्य ज्ञान था वहीं इस वर्ष के बजट का मूल मंत्र गति रखा गया है अर्थात ज्ञान और गति के बिना विकास की अवधारणा की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी राज्य के विकास का पहिया तभी तेज़ी से घूमता है जब कार्यकुशलता को प्रोत्साहन दिया जाए और इसी श्रृंखला में प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना की शुरुआत की जा रही है। जनता का सरकार में भरोसा क़ायम रहे इसी दृष्टि से डीएमएफ का सोशल आडिट करने की बात भी वित्त मंत्री ने कही है। वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ के निर्माता श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन शताब्दी वर्ष भी है और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की दृष्टि से इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया है जो प्रशंसनीय है और इसी को साकार करने की दृष्टि से अधोसंरचना को तेज़ी से बढ़ाने का प्रयास बजट में दिखाई दे रहा है और पूंजीगत व्यय में विगत वर्ष की तुलना में 18 फ़ीसदी की वृद्धि की गई है जो उल्लेखनीय हैं। बजट में जहाँ इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी गई है वहीं भारतीय संस्कृति के महत्व को भी रेखांकित किया गया है।

प्रदेश में युवाओं को रोज़गार के अधिकाधिक अवसर मिले इसे प्राथमिकता क्रम में रखा गया है इसी दृष्टि से उद्योग विभाग के बजट में विगत वर्ष की तुलना में दोगुना से भी अधिक वृद्धि की गई है और नई औद्योगिक नीति को निवेश आधारित न बनाकर रोजगारोन्मुखी बनाया गया है और इसीलिए नए नर्सिंग कॉलेज और फ़िजियोथैरेपी कॉलेज खोलने का प्रावधान किया गया है तो वहीं दूसरी ओर पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से होम स्टे पालिसी का भी निर्णय लिया गया है। युवाओं को शासकीय सेवा में भी रोज़गार मिले इस दृष्टि से आगामी वर्ष में नवीन पदों की भर्ती की स्वीकृति की प्रक्रिया को और गति देने का उल्लेख किया गया है जिससे युवाओं में नई आशा का संचार होगा। नारी शक्ति के महत्व को भी एक बार पुनः बजट में प्राथमिकता दी गई है। यद्यपि इस बात की चर्चा थी कि महतारी वंदन योजना की राशि में वृद्धि की जाएगी तथापि महतारी वंदन योजना अंतर्गत राशि में विगत वर्ष की तुलना में लगभग डबल राशि का प्रावधान रखा गया है। किसी भी सरकार की सफलता उसके वित्तीय अनुशासन के प्रबंधन पर निर्भर करती है और वित्त मंत्री ने वर्ष 2025-26 के बजट में राजस्व एवं राजकोषीय घाटा को दो 2.97 प्रतिशत तक सीमित रखा है जो रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर है। इस प्रकार वित्त मंत्री ने 2025-26 के लिए 1 लाख 65 हज़ार एक सौ करोड़ की कुल प्राप्ति का अनुमान रखा है जो विगत वर्ष की तुलना में बारह प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्री ने वर्ष2025-26 का 1,79,540 करोड़ 92, लाख 86 हज़ार का बजट प्रस्तुत करते हुए आम लोगों को भी काफ़ी रियायतें दी है जहाँ अचल संपत्ति के अंतरण पर लगने वाले उपकर को समाप्त किया है वहीं छोटे व्यापारियों के ऊपर लंबित वेट टैक्स को माफ़ कर व्यापारियों का भी विश्वास अर्जित करने का प्रयास किया है और पेट्रोल पर लगने वाले वेट टैक्स में भी एक रुपये की कमी की गई है इस प्रकार ज्ञान और गति को साधते हुए वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रति आस्था का इजहार भी किया है।

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, मंगलवार, 4 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

न उम्र की सीमा हो न जन्मों का हो बंधन जब राजनीति करे कोई तो देखे केवल सिंहासन। राजनेताओं की सेवानिवृत्ति की अब तक उम्र तय नहीं की गई है। नतीजतन भले ही पैर कब्र में लटक रहे हों लेकिन कुर्सी नहीं छूटती। दरअसल सत्ता सुंदरी का सानिध्य होता ही ऐसा है कि मरते दम तक उसका मोह नहीं छूटता। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उम्र के उस पड़ाव पर आ गये हैं कि उन्हें सक्रिय राजनीति से किनारा कर मार्गदर्शक की भूमिका निभाना चाहिए। अन्यथा उनका हश्र उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक जैसा हो सकता।

प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट जॉर्ज पी. अब्राहम की मृत्यु

नई दिल्ली/(ए.)। प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. जॉर्ज पी अब्राहम नेदुंबसेरी में अपने फार्महाउस में मृत पाए गए, पुलिस ने सोमवार को बताया। वह 75 वर्ष के थे। वरिष्ठ सर्जन का शव रविवार रात नेदुंबसेरी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले उनके फार्महाउस में लटका हुआ मिला जटिल यूरोलॉजिकल विकारों के सर्जिकल प्रबंधन में एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. अब्राहम कोच्चि के एक प्रमुख निजी अस्पताल से संबद्ध थे। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से 2,500 से अधिक गुर्दा प्रत्यारोपण प्रक्रियाएं की थीं। पुलिस ने कहा कि उनके शव को आगे की प्रक्रियाओं के लिए अंगमाली के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

जयशंकर चार से नौ मार्च तक ब्रिटेन-आयरलैंड की यात्रा पर

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 04 से 09 मार्च तक ब्रिटेन और आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी है जिसने रक्षा और सुरक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को मजबूत किया है।

ईरान के उप राष्ट्रपति जरीफ ने दिया इस्तीफा

तेहरान (वार्ता) ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ ने पिछले साल अगस्त में अपनी नियुक्ति के बाद दूसरी बार रविवार रात को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री जरीफने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने रविवार को ईरान के न्यायपालिका प्रमुख से मुलाकात की और न्यायपालिका प्रमुख ने उनके विश्वविद्यालय लौटने की सिफारिश स्वीकार कर लिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराष्ट्रपति पद से हटने से प्रशासन की सफलता के मार्ग में आने वाली अडचनें समाप्त हो जाएंगी।

बस दुर्घटना में 37 लोग घायल

इस्तांबुल, (वार्ता)। यूनान से आ रही एक पर्यटक बस सोमवार को उत्तर-पश्चिमी तुर्की के कनाकाले प्रांत में सड़क से खेत में उतरने से उसमें सवार 37 यात्री घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे हुई। बस में 42 यात्री सवार थी और बस पश्चिमी बंदरगाह शहर इज़मिर जा रही थी तभी अचानक से बस चालक का बस उस पर से नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से उतरकर खेतों में चली गयी और पेड़ों से टकराने के बाद रुक गई।

बजट से पूर्व सवालों के चले तीर- विधायक चंद्राकर और राजेश मूणत ने सरकार को घेरा

अजय चन्द्राकर को डॉ. रमन सिंह की नसीहत, दूसरे के प्रश्न को न करें हाईजैक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट पेश होने से पूर्व प्रश्नकाल के दौरान जमकर सवालों के तीर चले। पहला प्रश्न करते हुए पुन्नूलाल मोहले ने मंत्री राम विचार नेताम से पूछा कि रासायनिक खाद और बीजों के भंडारण के नियम क्या है। जवाब देते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि सिंगल लॉक और डबल लॉक के जरिए वितरण होता है। सिंगल लॉक में सहकारी समिति और डबल लॉक प्राइवेट फर्म से लेकर मांग के अनुरूप वितरण करते हैं। इसी बीच भाजपा विधायक ने मंत्री को घेरते हुए पूछा कि सिंगल लॉक यानी सहकारी समिति से ज्यादा डबल लॉक प्राइवेट फर्म से खरीदी होती। क्या मंत्री जी कोई नीति बनाएंगे। जिस पर मंत्री ने कहा कि इसकी जांच कराएंगे, नीति बनाएंगे।

तभी विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा मोहले जी आपका प्रश्न हो गया है। इस पर मोहले जी बोले कि मेरे प्रश्न को अजय चंद्राकर जी ने लपक लिया, ये तो हर प्रश्न में कूद जा रहे हैं, मौका ही नहीं देते किसी को। जिस पर रमन सिंह ने कहा अजय चंद्राकर जी आप दूसरे के प्रश्न को हाईजैक मत किया करिए। जब आपके प्रश्न की बारी तो बोलें। इस पर सदन में ठहाके भी लगे।

विधायक राजेश मूणत ने हाउसिंग बोर्ड की जमीनों के डायर्वसन पर उठाए सवाल :

विधायक राजेश मूणत ने हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत आने वाली जमीनों का फ्री होल्ड नहीं किए जाने का मामला सदन में उठाया। उनके प्रश्न का जवाब वित्त मंत्री ओपी चौधरी के स्थान पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने देते हुए कहा कि भू-संशोधन विधेयक में इस प्रावधान किया जाएगा। राजेश मूणत ने पूछा, आवासीय के स्थान पर आज भी कृषि भूमि अंकित है। औपचारिक आदेश क्यों नहीं जारी हो पाया। इसके लिए अधिकारी पर कार्रवाई करेंगे। इस पर जायसवाल ने कहा जांच कराएंगे। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शंकर नगर, हीरापुर, डंगनिया हाउसिंग बोर्ड की जमीनों को डायवर्सन से मुक्त कर दिया जाएगा।

सरकार से सवाल — शिवनाथ नदी कैसे होगी प्रदूषण से मुक्त?

सदन में शिवनाथ नदी के प्रदूषित होने का मुद्दा भी गूंजा, इसके लिए जिम्मेदार उद्योगों पर कार्रवाई नहीं होने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य सदन के सदस्यों ने सरकार को घेर लिया। हालांकि प्रश्न विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा का था। उन्होंने पूछा, दुर्ग एवं भिलाई क्षेत्र में मंझोले एवं सूक्ष्म स्तर के कितने उद्योग हैं। इसमें केमिकल या उससे जुड़े उत्पाद कितने हैं। जिस पर मंत्री श्याम बिहारी ने कहा-दुर्ग-भिलाई में मंझोले श्रेणी के 63 और लघु 1017 उद्योग हैं। इसके बाद उन्होंने पूछा, शिवनाथ नदी में उद्योगों के खतरनाकर केमिकल्स जा रहे हैं। जिसे जल जीवों को अस्तित्व ही खत्म हो गए हैं। कार्रवाई होने के बावजूद इन उद्योगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस बात का समर्थन करते हुए भूपेश बघेल ने भी इस चिंता जाहिर की। तब तक सत्ता पक्ष के सदस्य बोल कि आपकी सरकार थी तब क्यों नहीं किए। बहरहाल, आसंदी ने शांत कराते हुए चर्चा को आगे बढ़ाया। अंत में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा मंत्री जी, इतना बता दीजिए क्या ऐसे उद्योगों पर कार्रवाई करेंगे। जिस पर मंत्री जायसवाल ने कहा जुर्माना लगाया गया है। आगे भी इसे रोकने के लिए कार्रवाई करेंगे।

फिल्म 'अनोरा' का जलवा, जीते पांच अवार्ड

आस्कर: सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म अनोरा को

लॉस एंजिल्स,(वार्ता)। 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) में फिल्म 'अनोरा' का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच अवार्ड अपने नाम किये।

ऑस्कर अवार्ड ,लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में आयोजित किए गए। जिसमें इस साल मेजबानी कॉनन ओ'ब्रायन ने की। निर्देशक जैक्स ऑडियार्ड की फिल्म एमिलिया पेरेज को 13 नॉमिनेशन मिले थे. जबकि इसके ठीक पीछे ब्रैडी कॉर्बेट की द ब्रूटलिस्ट और जॉन एम. चू की विक्ड हैं, जिन्हें दस-दस नॉमिनेशन मिले। आस्कर अवार्ड में फिल्म अनोरा' का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच अवार्ड अपने नाम किये।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म अनोरा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार फिल्म अनोरा के लिये शॉन बेकर को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार एड्रियन ब्रॉडी को फिल्म द ब्रुटलिस्ट के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार माइकी मैडिसन को फिल्म अनोरा के लिये दिया गया।सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का सम्मान कीरन कल्किन को फिल्म ए रियल पेन के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनत्री का पुरस्कार जोई सलदाना, को एमिलिया पेरेज के लिये दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल फीचर फिल्म आई एम् स्टिल हियर (ब्राजील) चुनी गयीं। सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर का पुरस्कार फ्लो को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री फीचर का पुरस्कार नो अदर लैंड को मिला। सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्क्रीनप्ले का पुरस्कार फिल्म 'अनोरा' को दिया गया। सवश्रेष्ठ अडेप्टेड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

■ **हम अंग्रेजों से नहीं डरे, ईडी,आईटी से क्या डरेंगे :भूपेश, महंत, बैज**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ राजधानी के राजीव गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। दरअसल आज ईडी ने फिर महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को पूछताछ के लिए बुलाया था। वहीं ईडी दफ्तर से ठीक 100 मीटर की दूरी पर कांग्रेस ने राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन कर बड़ी सभा की, जिसमें कांग्रेस प्रदेश सह-प्रभारी, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, गैदू समेत पूर्व मंत्री, विधायक, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कुछ दिनों पहले ईडी की टीम ने रायपुर स्थित राजीव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आकाश आनंद बसपा से निष्कासित

लखनऊ (ए.)। सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद से नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी पद छीनने के बाद अब उन्हें पार्टी से ही निष्कासित कर दिया है। अपने फैसले के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी।

आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित हो : कांग्रेस

नयी दिल्ली, (वार्ता) कांग्रेस ने आदिवासी समाज के साथ न्याय नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वन भूमि पर उनके अधिकारों को छीनकर उनके साथ अत्याचार हो रहा है, इसलिए विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर इस समुदाय के अधिकारों को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

आदिवासी कांग्रेस के चेयरमैन डॉ विक्रांत भूरिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समुदाय के लोगों पर तरह तरह के अत्याचार हो रहे हैं, इसलिए उनकी समस्या पर सबका ध्यान केंद्रित करने के लिए सरकार को उनकी जल- जंगल-जमीन की लड़ाई की मांग स्वीकार कर नौ

अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करना चाहिए।

उन्होंने गोंडी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करते हुए कहा कि देश के मूल निवासी आदिवासी हैं और इस देश पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गिर के शेर देखने के बाद थोड़ा गिरते हुए शेयर भी देख लेते साहब...

गुजरात दौरे पर गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी करने गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस ने कटाक्ष किया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गिर में शेर की तस्वीरें क्लिक करते पीएम मोदी की एक तस्वीर को दोबारा पोस्ट किया। उन्होंने शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी से इस मुद्दे की गंभीरता को समझने और तत्काल हस्तक्षेप कर सुधारात्मक उपाय करने की अपील भी की। सोमवार के कारोबार के बाद भी शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

गरमा-गरम

कोयला घोटाला... 500 करोड़ के कोयला लेवी घोटाला और मनी लांड्रिग के मामले में हैं आरोपी

निलंबित आईएएस साहू व अन्य को मिली अंतरिम जमानत

रायपुर /नवप्रदेश । उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ के कोयला लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया,व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी और अन्य को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है।

इस संबंध में सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की युगल पीठ ने कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं। शीर्ष अदालत ने रानू साहू, सौम्या चौरसिया, दीपेश टोंक, राहुल कुमार सिंह, शिव शंकर नाग, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, संदीप कुमार नाग, रोशन कुमार सिंह, समीर विश्नोई, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, सूर्यकांत तिवारी को अंतरिम जमानत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी

समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं। ये सभी करीब दो वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं। इनकी पूर्व में कई याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं।

शीर्ष अदालत ने सरकार को कहा है कि मामले में निर्धारित तारीख पर याचिकाकर्ताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत रिहाई ट्रायल के आधार पर दी गई है ताकि स्वतंत्रता और निष्पक्ष जांच के बीच संतुलन बनाया जा सके। अदालत ने कहा कि यदि किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकती है और उस स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह भी कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत और बेल्जियम ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और बेल्जियम ने क्षेत्रीय सुरक्षा और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बेल्जियम की राजकुमार एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकन के साथ यहां मुलाकात शानदार रही। उन्होंने कहा , बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और मेरे समकक्ष श्री थियो फ्रेंकन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और इंडो पैसिफिक में रक्षा सहयोग की संभावना पर चर्चा की। साथ ही, हमने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया।

सुविचार

जहां सज्जन होते हैं वहां सार्थक संवाद होता है और जहां मूर्ख होते हैं वहां व्यर्थ का विवाद होता है। - अज्ञात

यूक्रेन को मिला यूरोपीय देशों का साथ

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जैसा व्यवहार किया था उसे लेकर यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ खड़े हो गये हैं। यूरोपीय संसद के अध्यक्ष रॉबर्ट ने बयान जारी किया है कि यूक्रेन के लोगो की बहादुरी का हम सम्मान करते हैं आप अकेले नहीं है। हम न्यायपूर्ण और स्थाई शांति के लिए यूक्रेन के साथ काम करना जारी रखेंगे। अमेरिका के वाइट हाउस से लौटने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भारी तनाव में थे लेकिन अब यूरोपीय देशों का साथ मिलने से उनके मन में उम्मीद की नई किरण जागी है। हालांकि अमेरिका ने अब यूक्रेन को किसी भी तरह की आर्थिक मदद करने से दा टूक शब्दों में इंकार कर दिया है। ऐसे में अब यूक्रेन को यूरोपीय देशों से ही मदद की उम्मीद है लेकिन यूरोपीय देश आज इस स्थिति में नहीं है कि वे यूक्रेन की ज्यादा आर्थिक मदद कर पायें। ऐसे में यूक्रेन को रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई आगे और लंबी चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि यूक्रेन पहले ही अमेरिका से भारी भरकम मदद ले चुका है जिसे चुका पाना उस वस की बात नहीं है। इसीलिए अमेरिका यह चाह रहा था कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज समझौता हो जाये ताकि अमेरिका यूक्रेन की खनिजों का दोहन करके अपने कर्ज की वसूली कर पाये। किन्तु डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद यह खनिज समझौता अधर में लटक गया है। अब जेलेंस्की के सामने रूस के साथ अपनी जंग को जारी रख पाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। वैसे भी पिछले तीन सालों से यह जंग जारी है और इसमें यूक्रेन का ही ज्यादा नुकसान हुआ है। रूस को भी क्षति पहुंची है लेकिन रूस यूक्रेन के मुकबाले आर्थिक रूप से बहुत बेहतर स्थिति में है। इसलिए वह अभी और यह जंग जारी रख सकता है। बहरहाल अमेरिका ने इस जंग को रोकने की कोशिश की लेकिन जेलेंसकी की हटधर्मिता के कारण बात नहीं बन पाई। इस बीच ब्रिटेन ने अमेरिका के प्रयासों की प्रशंसा की है और कहा है कि यूक्रेन में स्थाई शांति के लिए अमेरिका का नेतृत्व आवश्यक है। और इस मामले में ब्रिटेन डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिबद्धता का स्वागत करता है। कुल मिलाकर रूस और यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई को लेकर दुनिया दो खेमों में बटती जा रही है। ऐसे में यदि युद्धविराम नहीं होता और यह जंग आगे भी जारी रहती है तो डोनाल्ड ट्रंप की यह आशंका सही साबित हो जाएगी कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से विश्व युद्ध का खतरा उत्पन्न हो जाएगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया की शानदार जीत

आईसीसी चैपियन्स ट्रॉफी में टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन बदस्तूर जारी है। अपने ग्रुप में इंडिया ने पहले बांग्लादेश को हराया फिर पाकिस्तान को पछाड़ा और अब न्यूजीलैंड को पराजित कर उसने जीत की हैट्रिक लगा दी। अपने ग्रुप टीम इंडिया टॉप पर पहुंच गई है अब उसका सेमीफाइनल में मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा। जिस तरह का प्रदर्शन टीम इंडिया कर रही है उसे देखते हुए भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पूरी उम्मीद है कि टीम इंडिया सेमीफाइनल में भी जीत का चौका जड़ेगी और ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में प्रवेश करेगी और जो भी टीम फाइनल में पहुंचेगी। उसे भी पराजित कर एक बार फिर चैपियन्स ट्रॉफी पर कब्जा करेगी। न्यजीलैंड के खिलाफ खेले गये मैच में टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और भारतय टीम श्रेयस अय्यर के 79 रन, हार्दिक पांडया के 45 रन तथा अक्षर पटेल के 42 रनों की बदौलत 249 रन बना सकी। तब ऐसा लगा था कि न्यजीलैंड आसानी से लक्ष्य का पिछा कर लेगी और टीम इंडिया को पराजय का सामना करना पड़ जाएगा। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया और न्यूजीलैंड को 44 ओवर में ही 205 रनों पर ढेर कर दिया और 44 रनों से यह मैच जीत लिया। टीम इंडिया के गेंदबाज वरूण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लेकर न्यूजीलैंड की कमर ही तोड़ दी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए वरूण चक्रवर्ती को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। लगातार तीन मैच जीतने से टीम इंडिया का हौसला बुलंदी पर है और अब वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी जीत के इरादे से ही मैदान में उतरेगी और कोई बड़ी बात नहीं कि आस्ट्रेलिया को पछाडकर फाइनल में पहुंच जाएगी। और चैपियन्स ट्रॉफी कब्जा करने में सफल होगी।

परीक्षा का दौर

बच्चों के लिए तनावपूर्ण होता है। उन्हें अच्छे अंक लाने का दबाव होता है, और वे असफल होने से डरते हैं। माता-पिता और शिक्षकों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें बच्चों को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है उन्हें बताएं कि आप उन पर विश्वास करते हैं और वे सफल हो सकते हैं। उनकी मेहनत और प्रयास की सराहना करें। उन्हें बताएं कि परीक्षा परिणाम सब कुछ नहीं है, और वे जीवन में कई अन्य तरीकों से सफल हो सकते हैं। बच्चों को परीक्षा के दौरान आराम करने का समय देना भी महत्वपूर्ण है। उन्हें पर्याप्त नींद लेने और स्वस्थ भोजन खाने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें कुछ समय निकालकर अपनी पसंदीदा गतिविधियों को करने दें हरदम पढ़ाई करो का दबाव तो कतई मत डालिए बल्कि बच्चों को इस परीक्षा रूपी तनाव से निपटने में मदद कीजिए जो करना भी हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्हें बताएं कि तनाव महसूस करना सामान्य है, और उन्हें इससे निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजने में मदद करें। उन्हें गहरी सांस लेने, व्यायाम करने या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से बात करने के लिए प्रोत्साहित करें।

माता-पिता और शिक्षकों के लिए कुछ खास सुझाव

सबसे पहले बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें।

बच्चों को प्रोत्साहित करें

बच्चों को आराम करने का समय दें बच्चों को तनाव से निपटने में मदद करें

बच्चों के साथ समय बिताएं और उनकी की बात ध्यान से सुनें

बच्चों को प्यार और समर्थन दें।

परीक्षा का समय बच्चों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह उनके लिए सीखने और बढ़ने का भी एक अवसर है। माता-पिता और शिक्षकों के रूप में, हम बच्चों को इस दौरान उनका समर्थन कर उनका मनोबल बढ़ाने मे उनके सहायक बन सकते हैं और उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।

विकास शर्मा

लगातार बढ़ती उपभोक्ता संख्या और बहुत बड़े विद्युत तंत्र की देखरेख के लिए वर्तमान कार्यबल पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है। इतनी कम संख्या में होकर भी लाइनमैन बिजली की आपूर्ति के लिए हर क्षण तैनात रहते हैं और यदि किन्हीं परिस्थिति में विद्युत बहाली में इनसे देर हो जाए तो हम क्षणभर भी यह विचार नहीं करते हैं कि कितने दबाव के बीच ये श्रमवीर कार्य करते हैं, इतना ही नहीं दबाव के बीच कार्य के दौरान दुर्घटनाओं के शिकार भी हो जाते हैं और कई बार तो जान भी चली जाती है।

आमजन के लिए इस बात को महसूस कर पाना इतना आसान नहीं है कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए कुशल और पेशेवर दक्षता के साथ मैदानी अमला प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करता है। यह भी सच है कि आम उपभोक्ता की अपेक्षा बहुत अधिक है जो लगातार और बढ़ती ही जा रही है । विद्युत आपूर्ति का थोड़े देर के लिए भी बाधित होना उपभोक्ता की असंतुष्टि का कारण बनता है। इसके समानांतर क्या यह विचार हमारे मन में नहीं आना चाहिए कि जिस मौसम में हम अपने घरों से बाहर निकलना नहीं चाहते , जिस समय हम बिजली की रोशनी के सामने ही रहना चाहते हैं, कूलर , एसी और पंखे के नीचे से सरकना भी नहीं चाहते उस मौके पर वो लाइनमैन ही स्वयं कठिनाइयाँ उठाकर आँधी - पानी के बीच बिजली के टूटे तारों को जोड़ता है।

अंधेरा मिटाने वाले श्रमवीरों के प्रति बदलती हमारी दृष्टि,विद्युत आपूर्ति की निरंतरता के पीछे है खतरों का खिलाड़ी लाइनमैन

बीते दिनों अपने मित्र के घर मैं सपरिवार रात्रि भोज पर गया था, सभी हॉल में बैठकर बातें कर ही रहे थे कि अचानक घर की बिजली गुल हो गई । कमरे में अंधेरे के बीच मोबाइल टार्च चालू कर बातें होती रहीं, और पाँच मिनट भी नहीं गुजरा था कि मित्र के युवा पुत्र ने बिजली कंपनी की व्यवस्था पर प्रश्न उठा दिया। मेरी उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए मेरे मित्र इस बात को संभाल पाते कि उनकी अर्धांगिनी ने लाइनमैन के कामकाज पर सीधे प्रश्न चिन्ह खड़ाकर दिया। मुझे यह सुनकर बड़ा बुरा तो लगा और मन किया कि प्रतिकार किया जाए पर मैंने अपने शब्दों को रोका। बिजली कुछ देर बात आ भी गई पर मैं सोच में पड़ गया कि क्या बिजली जैसे बेहद खतरनाक और संवेदनशील प्रणाली की देखरेख करने वाले बिजली कर्मियों के प्रति हमारी यही दृष्टि है?

कुछ ही पलों में उत्पादन से लेकर हमारे घरों तक बिजली के पहुँचने का सफर कौंध गया और उसमें लगे श्रमवीरों के योगदान का भान मुझे हो चला। हमें समझना भी चाहिए कि हमारे जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ी और उसे प्रभावित करने वाली बिजली के एक क्षण भी हमसे दूर होने पर हम क्यों बेचैन हो जाते हैं ? और ऐसे में इसकी निर्बाध आपूर्ति करने वाले जमीनी लोगों के लिए हमारे मन में सम्मान क्यों नहीं होना चाहिए ? बिजली आज घर के बल्ब और पंखे की ही जरूरत नहीं है, सुबह की गिज़र, इंडक्शन, टोस्टर, फ्रीज, ड्राइयर से लेकर एसी, पंखे, टीवी, वाईफाई, लैपटॉप, मोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन तक सब जगह बिजली ही उसे चलाने वाली शक्ति है। मकान,दुकान , स्कूल , अस्पताल, उद्योग, व्यापार सब जगह बिजली पहली आवश्यकता है। हमारे प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में ही देखें तो इतनी निरंतर बिजली का प्रवाह बड़ी जटिल और कठिन व्यवस्था से संभव हो पाता है। इसे संचालित करने वाली विद्युत कंपनी का सबसे जमीनी कार्यकर्ता लाइनमैन होता है। ये वो ही लाइनमैन है जिसके हिस्से हर मौसम की प्रतिकूलता के बीच काम करना लिखा है।

आँधी बारिश का मौसम हो या गर्मी की चिलचिलाती धूप, कड़कड़ाती ठंड हो या आग सी तपीश भरे लू के थपेड़े इन सारी स्थितियों में ही एक लाइनमैन ढाल बनकर हमारी बिजली की आपूर्ति को निरंतरता प्रदान करता है। हमें ध्यान रहना चाहिए कि हमारे प्रदेश में ही विभिन्न श्रेणियों के 64 लाख उपभोक्ता हैं जिन्हें सतत और गुणवत्तापूर्ण बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होती है। इस पूरे विद्युत आपूर्ति तंत्र और उसके विकसित प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन के लिए विदयुत कंपनी के तकनीकी और उनके जमीनी श्रम साधकों की मेहतन होती है। प्रदेश में विद्युत वितरण की निर्बाध आपूर्ति के लिए लगभग 800 मैदानी अभियंता और 11 हजार लाईन परिचारक

लाइनमैन दिवस 4 मार्च पर विशेष

(लाइनमैन) कार्यरत हैं। अनुमानित रूप से प्रदेश में 2700 लोगों में एक लाइमैन तैनात है या कहें 580 विदयुत उपभोक्ताओं के बीच एक लाइनमैन।

लगातार बढ़ती उपभोक्ता संख्या और बहुत बड़े विद्युत तंत्र की देखरेख के लिए वर्तमान कार्यबल पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है। इतनी कम संख्या में होकर भी लाइनमैन बिजली की आपूर्ति के लिए हर क्षण तैनात रहते हैं और यदि किन्हीं परिस्थिति में विद्युत बहाली में इनसे देर हो जाए तो हम क्षणभर भी यह विचार नहीं करते हैं कि कितने दबाव के बीच ये श्रमवीर कार्य करते हैं, इतना ही नहीं दबाव के बीच कार्य के दौरान दुर्घटनाओं के शिकार भी हो जाते हैं और कई बार तो जान भी चली जाती है।

आमजन के लिए इस बात को महसूस कर पाना इतना आसान नहीं है कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए कुशल और पेशेवर दक्षता के साथ मैदानी अमला प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करता है। यह भी सच है कि आम उपभोक्ता की अपेक्षा बहुत अधिक है जो लगातार और बढ़ती ही जा रही है । विद्युत आपूर्ति का थोड़े देर के लिए भी बाधित होना उपभोक्ता की असंतुष्टि का कारण बनता है। इसके समानांतर क्या यह विचार हमारे मन में नहीं आना चाहिए कि जिस मौसम में हम अपने घरों से बाहर निकलना नहीं चाहते , जिस समय हम बिजली की रोशनी के सामने ही रहना चाहते हैं, कूलर , एसी और पंखे के नीचे से सरकना भी नहीं चाहते उस मौके पर वो लाइनमैन ही स्वयं कठिनाइयाँ उठाकर आँधी - पानी के बीच बिजली के टूटे तारों को जोड़ता है, तपते बिजली के खंभों पर चढ़ते हैं, बाढ़ और पानी में डूबे खंभो पर चढ़ बिजली आपूर्ति की बहाली का काम करता है। तमाम सावधानियों के बीच करंट के खतरों से जूझकर बिजली आपूर्ति की निरंतरता बनाए रखते हैं ये लाइनमैन। हम कुछ देर के लिए बिजली बाधित होने पर अपशब्द कहने की बजाए उन लाइनकर्मियों के प्रति संवेदनशीलता अपनाए। फाल्ट सुधारते लाइनस्टॉफ के प्रति दुर्भावना लाने के पहले उनकी मानसिक दशा का ख्याल रखें। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने विद्युत वितरण व्यवस्था के आधार लाईनस्टॉफ को समुचित सम्मान देने, उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति सजग करने और आमजन को लाईनपरिचारकों के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2021 से प्रतिवर्ष 4 मार्च को लाईनमैन दिवस मनाने का निर्णय लिया है। चिलचिलाती धूप में हवा के गर्म थपेड़ों का मौसम हो या गरजते और बरसते बारिश का मौसम , मूसलाधार पानी से डूब चुके खंभों पर घुप अंधेरे के बीच चढ़कर किसी खराबी को ठीक करने का जोखिम उठाता है , लाईन स्टॉफ अपनी सारी कठिनाइयों को भूलकर अपने उपभोक्ता को जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति करने के लिए फाल्ट सुधारता है।

यह हम सभी की भी जिम्मेदारी है कि सीमा की सुरक्षा में तैनात सैनिकों की भांति हमारे घरों को निर्बाध रूप से रोशन करने के लिए खतरों के बीच संघर्ष करते एक लाइनमैन के प्रति संवेदनशील हों क्योंकि सही मायनों ये लाइनमैन हैं असल जीवन में खतरों के खिलाड़ी। उनकी जीवटता भरे कार्य को आमजन आवश्यक सम्मान के नजरिए से देखें तथा यथासंभव प्रतिष्ठा के साथ व्यवहार करे जिससे समाज के लिए जान का जोखिम उठाने वाला यह वर्ग सम्मान की ऊर्जा से हमारे आपके घर की बिजली को यूं ही निर्बाध बनाए रख सके।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1788 में पश्चिम बंगाल में आज ही के दिन कलकत्ता गजट का पहला प्रकाशन हुआ था। 1886 में 4 मार्च के दिन ही मद्रास के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बलुसु संबमूर्ति का जन्म हुआ था। 1930 में 4 मार्च के दिन ही फ्रांस में आई भयंकर बाढ़ से तकरीबन 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। 1939 में 4 मार्च के दिन ही भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का निधन हुआ था।1951 में आज ही के दिन नई दिल्ली में पहले एशियाई खेलों का आयोजन किया गया था। 2008 में 4 मार्च के दिन ही हिंदी के प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. मदन लाल मधु को प्रतिष्ठित सम्मान मीडिया यूनियन ने स्वर्णाक्षर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। 2008 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान के विरुद्ध नई पाबंदियां लागू की थीं। 2009 में 4 मार्च के दिन ही राजस्थान के पोखरन से ब्रह्मोस मिसाइल के नए संस्करण का परीक्षण किया गया था। 2012 में आज ही के दिन व्लादिमिर पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी जीत मिलती

कभी जीत मिलती है, तो कभी तजुर्बा मिलता है, जिंदगी में हर कोशिश का... हमें फल जरूर मिलता है, जो हारते नहीं हिम्मत, उन्हें... मंज़िल का पता मिलता है, सब्र का इम्तिहान लेती है जिंदगी जो धैर्य रखे उसे सब मिलता है। **–अरूणा राव**

प्रेम बहुत महंगा

प्रेम बहुत महंगा शौंक है एक कप चाय पिलाकर भी निर्वाह किया जा सकता है । वास्तविक जीवन में रिश्ते और दोस्त बहुत कम हैं ।आज कौन किसको समझ पाता है । असल ज़िन्दगी में बहुत कम अपने होते हैं इस बात को समझना बहुत मुश्किल काम है। फेस बुक के सभी मित्रों को सुप्रभात।

– लक्ष्मी नारायण लहरे

ख़ास पाती

वस्त्र जिंदगी के पास होते

वस्त्र जिंदगी के पास होते हैं सिर्फ तीन वस्त्र भूत, वर्तमान और भविष्य रोज़ बदलती है वो भूत वाला वस्त्र कुछ रेशे चिपके ही रह जाते है यादों पर मन पर भी कुछ कुछ ज्यादा झाड़ों तो कमबख्त रेशे कांटे जैसे गढ़ जाते हैं... मेरा कहा मानो आज जब जिंदगी वर्तमान पहने तो उतरे हुए वस्त्रों को अन्तर्मन की गंगा में प्रवाहित कर दो – **अनिता कपूर**

आईना अक्सर कहता है खुद से रुठे

आईना अक्सर कहता है खुद से रुठे हैं हम लोग। जब से छुटे हैं हम लोग टूटे-फूटे से हैं हम लोग। अक्स हमारा हम जैसा ही सीधे-सच्चे हैं हम लोग। गिले सारे अब जाएं भूल अपनों जैसे हैं हम लोग। पिघल जाएगी बर्फ जमी आकर मिलते हैं हम लोग। हैरान-परेशान से चेहरे हैं उलझे दिखते हैं हम लोग अलग-थलग जीवन कैसा क्यूँकर लड़ते हैं हम लोग। आँसूओं से आँखों का नाता पी-पीकर हँसते हैं हम लोग। – **सपना चन्द्रा**

ख्वाहिश-ए-दिल सदा यूँ मचलती

ख्वाहिश-ए-दिल सदा यूँ मचलती रहे प्यार की लौ दिये जैसी जलती रहे। सर पे सेहरा सजा मेरी खुशियाँ सजीं जश्ने शादी में महफ़िल बहकती रहे। तुझको दुल्हन मिली ऐसी नाज़ों पली मांग उसकी सितारों से सजती रहे। अब चले तुम बसाने नया आसमाँ प्यार की चांदनी बस बिखरती रहे। लग रही राम सीता सी जोड़ी मुझे अब मेहर मेरे रब की बरसती रहे। फूल खिलते रहें तेरे आंगन सदा है दुआ तेरी दुनियां मंहकती रहे। छोटे सुपुत्र निखिल का विवाहोत्सव आप सभी का स्नेहाषिश मिले। **– सतीश मैथिल तनुज**

मेरी चाहत ज़रुर रही होगी, कुछ

मेरी चाहत ज़रुर रही होगी, कुछ तो कमी चाहत में मेरी, वर्ना क्यों निकल जाते, हयात से तुम मेरे बंद मुट्ठी में, रेत की मानिंद। हक़ इतना तो, दिया नहीं, तुमने कभी, कि देकर आवाज़ बुला लूँ तुम्हें, पास अपने जब जी चाहे मेरा। आख़िर निकले न...! तुम भी , किसी गुज़रे वक़्त जैसे, जो न रुकता, न ही लौटता है, किसी के लिए लाख़ पुकार पर भी। समेट हुजूम, नए चाहने वालों का, चल दिये बिसरा कर तुम भी, इस नाचीज़ हस्ती को...! तुम निकले, जो बेवफ़, अब नहीं ग़म, चूँकि मुन्तजिर है, मौत अब लेने को, आगोश में अपनी मुझे उसने वादा है किया, कि निभायेगी, वफ़ मुझसे, देखना, भूल जाऊँगी पल भर में तुम्हें सदा सदा के लिए... !! – **नीलोफ़र नीलु**

कल सुनकर मेरे गीत हँसे मुस्काये थे

कल सुनकर मेरे गीत हँसे मुस्काये थे तुम। पर जब आहों से और सिसकियों से छिन्न भिन्न पथरा जाती थी नीली पीली पुतली तुम्हारी यकीन मानो मेरा, तब मेरे सारे शरीर में हलचल हो जाती थी भूचालो की। पलकों पर अश्रु तैरने लगते थे, रगों में दौड़ता रक्त जम जाता था.. भींगी आँखों को देख नहीं मैं हस पाया। ठुकरा कर मुझे तूने भी कहाँ सुख पाया मेरा संचित सर्वस्व लुटा कर तुम चले गए। निर्वाण बाहों में हो मेरा नहीं मैं कह पाया।... – **नीरज वर्मा नीर**

लहरों पर चन्दा हिल रहा ह

लहरों पर चन्दा हिल रहा है कोई परछाई से मिल रहा है एक ख्वाब देखा है मिलकर जो बिन नीड़ों के पल रहा है तपिश सूरज की मिटी नहीं फ़लक को अब्र छल रहा है रात आई है वस्ल के लिए कोई अँगिया सिल रहा है खामोशी भी नहीं है ख़ामोश शोर का दिल मचल रहा है – **रामकिशोर उपाध्याय**

QUIZ TIME

1) तेलगु कविता के पिता कौन है?

2) भारत-डेनमार्क ने नदी की सफाई के लिए कौन सी परियोजना शुरू की है?

3) कितने वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार मिले हैं?

4) शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह का नाम क्या है?

5) हाल ही में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अल्लासानी पेद्दाना (2) एसएलसीआर (3) 33 (4) टाइटन (5) रौनक दहिया

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भाता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त : 18:31, चन्द्रोदय : 08:52, चन्द्रास्तः 22:09, अयन उत्तरायण, ऋतु : बसन्त, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पंचमी, नक्षत्र : भरणी, योग : इन्द्र, प्रथम करण : वणिज (07:30 तक), द्वितीय करण : विष्टि भद्रा (18:02 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मेष, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:15 से 13:02, अमृत काल : 21:56 से 23:24, रवि योग : 28:29+ से 30:46+, विजय मुहूर्त : 14:36 से 15:23, गोधूलि मुहूर्त : 18:29 से 18:53, सायाह्न सन्ध्या : 18:31 से 19:44, निशिता मुहूर्त : 24:14+ से 25:03+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:09+ से 29:58+, राहुकाल : 15:00 से 16:30, गुलिक काल : 14:07 से 15:35, यमगण्ड : 11:11 से 12:39, दुर्मुहूर्त : 13:02 से 13:49, वर्ज्य : 24:51+ से 26:18+, भद्रा : 08:59 से 30:47+, गण्ड मूल : 06:47 से 28:29+।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आपकी लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी होगी।

वृष : आज का दिन आपके लिए अचानक से लाभ दिलाने वाला रहेगा। जो लोग नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं, तो उनके प्रयास बेहतर रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से सावधान रहना होगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में सोच समझकर बोले।

सिंहः आज का दिन आपके लिए इनकम को बढाने वाला रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आपके पिताजी की सेहत में कुछ गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

कन्याः आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको बिजनेस की किसी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। यदि आपने दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करेंगे तो इससे आपको समस्या आएगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके कामों में आपके बॉस आपका पूरा साथ देंगे।

मकर : मकर राशि के जातको के रुके हुए काम पूरे होंगे, जो आपको खुशी देंगे। आध्यात्म के कार्यों में आपको काफी रुचि रहेगी।

कुंभ : आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पुण्य कार्यों का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

मीनः आज के दिन आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहना होगा।

विधायक रिकेश की पहल पर एक और सौगात : 15 करोड़ की लागत से 17 एकड़ में बनेगा भव्य स्पोर्ट्स परिसर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। जीई रोड के पास प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 15 करोड़ की लागत से 17 एकड़ में स्पोर्ट्स परिसर का निर्माण किया जाएगा। आधुनिक स्पोर्ट्स परिसर में हार्स राईडिंग, स्वीमिंग पूल, स्केटिंग ट्रैक, रनिंग ट्रैक, 400 लोगों के बैठने लायक ऑडिटोरियम, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल के साथ ही लाइटिंग की साज सज्जा की जाएगी। इसका भव्य गेट नेशनल हाईवे 53 से लगा होगा।

आज कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर नें नगम कमिश्नर राजीव कुमार पाण्डेय और निगम के इंजीनियरों से प्रोजेक्ट की विस्तार से जानकारी ली। ड्राईंग व डिजाईन को लेकर डीटेल में चर्चा की गई।

कलेक्टर ने रनिंग ट्रैक, स्वीमिंग पुल, आडिटोरियम, हार्स राईडिंग, स्केटिंक ट्रैक, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल के प्रस्तावित स्वरूप के बारे में जानकारी लेने के साथ ही कलेक्टर ने सुझार्व दया कि स्पोर्ट्स परिसर का निर्माण इस तरह किया जाए कि क्षेत्र के खिलाड़ियो को प्रोत्साहन मिले। जिले से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलें और राज्य व देश का नाम रौशन करें। भविष्य में यहां राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भी हो सके।

स्पोर्ट्स परिसर विधायक रिकेश का ड्रीम प्रोजेक्ट

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है। उनके द्वारा बहुपयोगी स्पोर्ट्स परिसर का निर्माण करने का सुझाव दिया गया था। निगम कमिश्नर द्वारा विभागीय जोन आयुक्त व अभियंताओं से इस संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद जिला कलेक्टर के पास प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर द्वारा खनिज एवं न्यास मद से हार्स राईडिंग व स्केटिंग ट्रैक बनाने के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। शेष खेलों के लिए प्रोजेक्ट बनाकर शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही सभी काम शुरू किये जाएंगे। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपअभियंता बसंत साहू, प्रभारी सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

एमआईसी की बैठक में फैसला : ईडब्ल्यूएस की जमीन तलाशेंगे अधिकारी

■ **दर्जन भर विकास कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे।**

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर निगम की एमआईसी की बैठक में दर्जनभर से ज्यादा विकास कार्यों के प्रस्ताव को शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ईडब्ल्यूएस की जमीन तलाश कर चिन्हित करने का फैसला भी किया गया। महापौर परिषद के सद्स्यों ने कॉलोनी निर्माण के समय आरक्षित की गई भूमि (ईडब्ल्यूएस) की जमीन चिन्हित करने और चिन्हांकन के बाद वहां निगम की ओर से सूचना फ्लक लगाने का फैसला किया गया। महापौर शशि सिन्हा ने इसके लिए जिला प्रशासन के राजस्व विभाग को पत्र प्रेषित करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। निगम भिलाई ने रिसाली निगम के गठन के बाद एक पत्र जारी किया था, जिसमें 28 स्थानों पर ईडब्ल्यूएस की जमीन होने का उल्लेख किया गया था। निगम के अधिकारी के पत्र के आधार पर ही पटवारी और राजस्व निरीक्षक की मदद से जमीन तलाश की जाएगी। बैठक में एमआईसी मेंबर उपस्थित थे।

गार्डन के रखरखाव पर बनेगा प्लान

एमआईसी की बैठक में निगम अधिकारियों को उद्यानों के रखरखाव के लिए प्लान तैयार करने कहा गया। वर्तमान में निगम क्षेत्र के उद्यान खस्ताहाल हो रहे हैं। परिषद के सद्स्यों ने कहा कि अधिकारी पहले प्लान तैयार करें, फिर रखरखाव के लिए टेण्डर जारी करें।

चलित शौचालय की खरीदी की जाएगी

महापौर परिषद के सद्स्यों ने नगर निगम द्वारा शव वाहन खरीदी करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इसके अलावा एक चलित शौचालय खरीदने का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया जाएगा। वर्तमान में 40 वार्डों के लिए निगम के पास एक ही स्वर्ग रथ है। विषम परिस्थिति में रिसाली को दूसरे निकाय पर निर्भर रहना पड़ता है। परिषद के सद्स्यों ने नाली, सड़क, और भवन के निर्माण के प्रस्ताव भी शासन को भेजने का निर्णय लिया।

■ **न्यूज गैलरी**

भिलाई के नवनिर्वाचित पार्षद को कलेक्टर ने दिलाई शपथ

भिलाईनगर। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रं. 24 के नव निर्वाचित पार्षद प्रदीप कुमार सेन को भिलाई नगर निगम के सभागार में कर्तव्य, निष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद व पूर्व भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, पार्षद व पूर्व सभापति श्याम सुन्दर राव, पीयूष मिश्रा, नोहर वर्मा, मुकेश अग्रवाल, विनोद सिंह, वीणा चंद्राकर, स्मृता दोड़के, ईश्वरी नेताम उपस्थित रहे।

रिसाली निगम की नवनिर्वाचित पार्षद ने ली शपथ

रिसाली। वार्ड 34 उपचुनाव में निर्वाचित पार्षद राहुल राय ने आज निष्पक्षतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। रिसाली निगम के सभागार में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राहुल राय को शपथ दिलाई। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, आयुक्त मोनिका वर्मा, एमआईसी मेंबर जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह, संजू नेताम, ममता यादव, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत पार्षदगण उपस्थित थे।

खुर्सीपार क्षेत्र में पीलिया के 6 मरीज मिले

भिलाई। खुर्सीपार क्षेत्र वार्ड 42 गौतम नगर में संभावित पीलिया के मरीज होने की सूचना मिलने पर आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सर्वे किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में डॉ. पियाम सिंग, प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई और रीतिका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट के साथ टीम ने सर्वे किया। सीएमएचओ डॉ दानी ने बताया 245 घरों का सर्वे किया गया था, कुल 21 संभावित पीलिया मरीज मिले, जिसमें से 9 की जांच करने पर 6 पीलिया के मरीज मिले। जिला अस्पताल में पीलिया के मरीज को भर्ती किया गया है। उपचार किया जा रहा है। 3 मार्च को 325 घरों का भ्रमण के दौरान पीलिया के मरीज नहीं मिले।

साय सरकार की बजट पर मिश्रित प्रतिक्रिया, दुर्ग–भिलाई नहीं मिली बड़ी सौगात

सत्ता पक्ष ने बताया सुशासन बजट, विपक्ष ने कहा जुमलेबाजी का पुलिंदा

बजट से विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना होगी पूरी, शहरी-ग्रामीण विकास सहित सर्वहारा वर्ग का रखा है ध्यान : रिकेश सेन

भिलाई नगर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ के बजट को विष्णुदेव साय का सुशासन का बजट कहा है। रिकेश ने कहा कि बजट से हर वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी। सरकार का पहला बजट ज्ञान और इस बार का बजट विकास की गति का बजट है। बजट में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए पिटारा खोल दिया गया है, जिससे खेती-किसानी को बढ़ावा मिलेगा। रिकेश सेन ने कहा कि 17 नगरीय निकायों में नए नालंदा परिसर विकसित किए जाएंगे। बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर चांपा और जशपुर में सायबर थाना, 10 जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, 12 अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, 6 नए फिजियोथेरेपी सेंटर खोले जाएंगे। 17 नए नगरीय निकायों में नालंदा परिसर विकसित किए जाएंगे। इसके लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। रिकेश ने कहा कि पीएम आवास के लिए 8500 करोड़, महतारी वंदन के लिए राशि, नक्सलवाद के मद्देनजर बस्तर फाइटर की भर्ती का यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजट में 12 अतिरिक्त नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया गया है। 6 नए फिजियोथेरेपी सेंटर खोले जाएंगे। दुर्ग-कबीरधाम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, दुर्ग में संभाग स्तरीय स्टेडियम निर्माण और फिजियोथैरेपी कॉलेज दुर्ग के लिये बजट में प्रावधान किया गया है। बालोद में जिला उद्योग कार्यालय का निर्माण, राजनांदगांव में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, डोंगरगढ़ में शेप का पुल और परिक्रमा पथ भी बनेगा। इस अद्भुत और विकासशील बजट में 1 रुपए पेट्रोल सस्ता करने और सरकारी कर्मचारियों को 53 प्रतिशत डीए देने की घोषणा की गई है। 3200 बस्तर फाइटर्स की भर्ती, घोर नक्सल प्रभावित बीजापुर में 200 बिस्तर नया अस्पताल खोलने और रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो रेल सर्वे के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। महतारी वंदन योजना के लिए 5 हजार 500 करोड़, पीएम आवास के लिए 8 हजार 500 करोड़ और पीएम श्री स्कूल के लिए 277 करोड़, स्वास्थ्य योजनाओं के लिए 1500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

बजट निराशाजनक : मुकेश चंद्राकर

जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ राज्य के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इस बजट में कोई विजन नहीं हैं। पहले ज्ञान की दुर्गति हुई, अब गति की दुर्गति होगी। मुकेश ने कहा कि न इसमें जनता के लिए कोई राहत है, न किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए कोई ठोस योजना बनाई गई है। हर साल 1 लाख नौकरी, 500 रुपए में सिलेंडर, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण करने के सम्बन्ध में बजट में कुछ नहीं है।

छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे निराशाजनक बजट, मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए गए : देवेन्द्र यादव

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य के बजट को दिशाहीन बताया है। देवेंद्र यादव ने कहा कि बजट में प्रदेश के विकास की रूपरेखा होती है, लेकिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सदन में पेश बजट में युवा, किसान और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं है। यह बहुत निराशाजनक है। प्रदेश के इतिहास का सबसे खराब बजट पेश किया गया है। देवेंद्र ने कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह करने और मुंगेरी लाल के सपने दिखाने वाला बजट पेश किया है। देवेंद्र ने कहा कि बजट में नए कवर में पुरानी पुस्तक को दिखाने की बात की गई है। युवाओं की भर्ती के लिए कोई भी योजना नहीं है। उनकी सरकार की तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की घोषणा के तहत 30000 शिक्षकों की भर्ती का कहीं भी नामोनिशान नहीं है। 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह ने राजनांदगांव से रायपुर तक मेट्रो चलाने की बात की थी। इस साल दुर्ग से मेट्रो की शुरुआत के लिए 5 करोड रुपए का प्रावधान है। शब्दों के जाल में फंसा कर भविष्य की बात की जा रही है।

बजट में हर वर्ग को ठगा गया : वोरा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार द्वारा पेश किया गया 1.65 लाख करोड़ रुपये का बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा ने इसे घोषणाओं का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि यह बजट जनता की राहत के लिए नहीं, बल्कि गुमराह करने के लिए बनाया गया है। वोरा ने सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले 'मोदी की गारंटी' में छत्तीसगढ़ की गृहणियों से वादा किया गया था कि उन्हें 500 में गैस सिलेंडर मिलेगा। मगर सरकार बनने के बाद इस वादे का कोई अता-पता नहीं। गृहिणियाँ आज भी इंतजार कर रही हैं, लेकिन बजट में इसका नामोनिशान तक नहीं। वोरा ने कहा बजट में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता देने की घोषणा की गई है, लेकिन यह मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं है।

युवाओं, महिलाओं, खेल और विकास पर जोर : मनीष पाण्डेय

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 2025-26 के बजट में राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण को प्राथमिकता दी है। इस बजट का मुख्य थीम गति है, जो सुशासन, बुनियादी ढांचे में तेजी, तकनीकी विकास और औद्योगिक वृद्धि पर केंद्रित है। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पाण्डेय ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं के लिए बजट में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए विभिन्न विभागों में नए पदों का सृजन किया गया। तकनीकी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं की शुरुआत की गई है।

प्रदेश की प्रगति और खुशहाली का बजट : गजेन्द्र यादव

दुर्ग। विधायक गजेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किये गए बजट को प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि का बजट बताया है। गजेंद्र ने कहा कि 1 लाख 65 हजार करोड़ से अधिक के बजट में प्रदेश के हित से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई है। यह छत्तीसगढ़ की प्रगति, जनता की खुशहाली और समृद्धि का बजट है। बजट में दुर्ग वासियों को कई सौगातें मिली हैं। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले साल से 12 फीसदी ज्यादा का बजट पेश किया गया। इससे पता चलता है कि विष्णुदेव साय की सरकार में प्रदेश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ घोषणाएं की है। जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफसे एक रुपये की कमी की गई। सरकारी कर्मचारियों के लिये महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया गया। इससे प्रदेश में गुड गवर्नेंस स्थापित होगा। बजट में छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी का विकास, इंडस्ट्रियल ग्रोथ और नई उद्योग नीति को भी बजट में शामिल किया गया है।

कल्पनाओं पर आधारित निराशाजनक बजट : ताम्रध्वज साहू

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने साय सरकार के बजट को आम जनता की अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक बजट बताया है। ताम्रध्वज ने कहा कि बजट में न युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, न ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। ताम्रध्वज ने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने, मोदी की गारंटी के तहत 1 लाख नौकरियों के सृजन और महिलाओं के लिए 500 रू. में सिलेंडर देने के बारे में भी बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की गई थी, अब तक एक भी भर्ती नहीं कर पाए हैं। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई है। युवाओं के रोजगार बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं की समृद्धि के लिए कुछ भी नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

आर्थिक विकास का बजट : सीए मिनेश जैन

भिलाई सीए ब्रांच के पूर्व अध्यक्ष सीए मिनेश जैन ने छत्तीसगढ़ राज्य के बजट को आर्थिक विकास का बजट बताया है। मिनेश ने कहा कि बजट में का अर्थ गुड गवर्नेंस, कृषि, टेक्नालॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ के रूप मे पेश किया है। बजट मे आर्थिक विकास और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर फोकस किया गया है। सीएम मिनेश जैन ने कहा कि दुर्ग-भिलाई को केवल दुर्ग रायपुर मेट्रो के सर्वे के लिए 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही 6 नए फिजियोथेरेपी कॉलेज में से एक दुर्ग मे खोलने का फैसला लिया गया है।

विधायक गजेन्द्र ने विधानसभा में उठाया उद्यानिकी विवि में भर्ती का मामला

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, रायपुर अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया को लेकर दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने विधानसभा में बजट सत्र के पांचवे दिन प्रश्नकाल के दौरान सवाल उठाया। विभागीय प्रक्रिया में लेटलतीफी से युवाओं को होने वाले नुकसान की चिंता करते हुए विधानसभा में सवाल किया। उन्होंने आदिम जाति विभाग के मंत्री से सवाल किया कि महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा वर्ष 2023 में विभिन्न पदों पर भर्ती से संबंधित कई सवाल किये। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने सदन में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 में विज्ञापित पदों, आवेदन संख्या, आवेदन शुल्क और विज्ञापित पदों हेतु स्वीकृत पद संरचना की जानकारी देते हुए कहा कि भर्ती के संबंध में शिकायत की जांच राजभवन सचिवालय द्वारा कराई गई है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में भी याचिका विचारधीन है। भर्ती की प्रक्रिया पर आगामी कार्यवाही हेतु राजभवन सचिवालय से दिशा-निर्देश प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने अगला सवाल जिला गरियाबंद के विकासखंड फिंगेश्वर में स्वीकृत कृषि महाविद्यालय का भवन वर्ष 2018-19 से स्वीकृत होने के बावजूद अब तक भवन निर्माण न होने का मुद्दा उठाया। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद का संचालन वर्तमान में फिंगेश्वर स्थित आई.टी.आई. भवन में किया जा रहा है। महाविद्यालय हेतु भवन एवं छात्रावास निर्माण हेतु 1491.63 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति राज्य शासन द्वारा दिसंबर 2024 को प्रदान की गई है। भवन निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम केसरी नंदन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.

202502100400305/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका केसरी नंदन आ./पति श्याम नारायण पाण्डेय निवासी भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1427/9 शा.ख.नं. 1428/9, 1429/9, 1433/9	0.02 हें 2640 वर्ग.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202502104700021 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री युगल खेतान पिता स्व. संजय खेतान निवासी 122, सिविक सेंटर भिलाई के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं.-43, रा.नि.म. - जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 41/8 रकबा 0.30 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक एवं आवेदक के पिता के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार स्व. संजय खेतान पिता- स्व. हरिशचन्द्र खेतान का स्वर्गवास दिनांक 28/11/2024 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर आवेदक एवं मृतक के अन्य वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी निषाद पिता/पति मनोहर लाल वगै. निवासी जंजगिरी मौजा जजगिरी प.ह.न. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 27/1, 28/1 कुल रकबा 0.63 हे. मनोहर लाल निषाद के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 11.12.2024 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05.03.2025 तक स्वयं अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, तहसील व जिला-दुर्ग

-:: आम सूचना ::-

विषय : सीमांकन/ स्थल जांच हेतु।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक अ/12 आदेश दिनांक 04/02/2025 के आदेशनुसार आवेदक श्री मीनौतीदास अनाथदास आ./पति अनाथदास निवासी भिलाई ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं.- 42 रा.नि.मं- तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 16/20 रकबा 0.022 हे. का सीमांकन दिनांक 06.03.2025 पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक तितुरडीह

न्यायालय तहसीलदार घुमका जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./बी-121/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा समस्त मोहल्ला/ ग्रामवासी ग्राम पचपेडी प.ह.न 16 रा.नि.म. उपरवाह घुमका व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप आ. बालकिशन निवासी दुर्ग तहसील घुमका जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पचपेडी प.ह.न. 16 रा.नि.म. उपरवाह तह. घुमका जिला राजनांदगांव स्थित भूमि कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.458 हे. का डुप्लीकेट किसान किताब प्राप्त करने हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

वर्णित भूमि का डुप्लीकेट किसान किताब जारी किये जाने पर जिस किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई दिनांक 17.03.2025 तक लिखित मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः उक्त इश्तहार आज दिनांक को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार घुमका

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक :92/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फॉर्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रविशंकर सिंह चंदेल पिता चिंतामणी चंदेल निवासी वार्ड 18 गली नं. 3 नियर रेल्वे कालोनी भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. आवेदिका हिमांशु श्रीवास पिता संतोष कुमार श्रीवास निवासी वार्ड नं. 8 बजरंग नगर गुलाब किराना स्टोस के पास सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक : क्यु/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फॉर्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार गुप्ता पिता विजय कुमार गुप्ता निवासी सुंदर विहार कालोनी फेस-2 नियर नालंदा विद्यालय कुरुद रोड भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. आवेदिका देवश्री सिन्हा पिता जुगलाल सिन्हा निवासी 1. डी.के. नगर प्लाट-342 स्ट्रीट-1 सूर्या मॉल के सामने स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग, 2 टेगना जिला बालोद छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 10.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अजीम खान (MOHMMAD Ajim Khan) पिता मोहम्मद इलियास खान, निवासी मकान नं. 253 नूरी मस्जिद के पीछे फरीद नगर सुपेला भिलाई, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) 490023 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम मोहम्मद अजीम खान (MOHMMAD Ajim Khan) पिता मोहम्मद इलियास रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मोहम्मद अजीम खान (MOHMMAD Ajim Khan) पिता मोहम्मद इलिहास से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
मोहम्मद अजीम खान
MOHMMAD Ajim Khan
मकान नं. 253 नूरी मस्जिद के पीछे फरीद नगर सुपेला भिलाई, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) 490023

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I. MOHNANIMED Ajim KHAN S/0 MOHAMMED ILIYAS KHAN resident of House no. 253 behind noori Masjid farid Nagar, Supela Bhilai Po: Supela Bhilai Dist-Durg. C.G. 490023 Have changed my old name MOHAMMED Ajim KHAN S/O MOHAMMED ILIyas khan so in future I should be recognized by my new name that is MOHMMAD Ajim Khan S/0 MOHMMAD Iliyas in all Gover ment and other documents.

MOHMMAD AjimKhan
S/0 MOHMMAD Iliyas
House no. 253 behind noori Masjid farid Nagar, Supela Bhilai Po: Supela Bhilai Dist-Durg. (C.G.) 490023

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107400038

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी तरुण कुमार मजुमदार पिता/पति तारकनाथ मजुमदार पता आकाश नगर रोड सिकोला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 62/166(0.0030), 62/155 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती शुक्ला मजुमदार पिता/पति स्व. तरुण कुमार मजुमदार पता मकान नं. 419 वार्ड 14 आकाश नगर रोड सिकोलाभाठा दुर्ग, तनुश्री मजुमदार पिता/पति स्व. तरुण कुमार मजुमदार पता मकान नं. 419 वार्ड 14 आकाश नगर रोड सिकोलाभाठा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511117321

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी पार्थ सारथी नंदी उर्फ आशीष नदी पिता/पति अबनीभूषण नंदी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 54/6(0.0418) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मनोज कुमार शाह पिता/पति महेश प्रसाद शाह पता प्लाट नं.।-2 सीएचपीएल ड्रीम हाउस नेहरुनगर जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग, ऐश्वर्या शाह पिता/पति मनोज कुमार शाह पता भिलाई के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430103900133

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी शुभम सोनी पिता/पति सुरेश कुमार सोनी पता मैथिलपारा दुर्ग, मानसिंह पिता/पति कलीराम पता मैथिलपारा दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 724/1 (0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहन सिंह राजपूत पिता/पति स्व. राधे सिंह राजपूत पता 145/क नयापारा केजू राईस मिल के पीछे दुर्ग, राजेन्द्र सिंह राजपूत पिता/पति स्व. राधे सिंह राजपूत पता 145/क नयापारा केजू राईस मिल के पीछे दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20242511116968

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी अशोक दत्ता पिता/पति जुबराज दत्ता पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 161/67(0.0061) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आशीष कुमार सिंह पिता/पति अरुण कुमार सिंह पता दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण से बरसों बाद किसानों का सपना हो रहा साकार

○ कलेक्टर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

कवर्धा।नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह जलाशय न केवल क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी बनेगा, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'जल शक्ति अभियान' के तहत इस परियोजना को विशेष महत्व दिया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और किसानों के संघर्षों ने इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र के किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आपसपस के ग्राम पड़कीपारा, बड़ौदा खुर्द, दैहानडीह, चैदेनी, सलिहा, चिलम खोदरा, कारेसरा, कुम्हार दनिया, बुधवारा सहित अनेक गांवों के किसानों ने इस परियोजना के लिए वर्षों तक संघर्ष किया था। आज यह जलाशय किसानों के हौसले और सरकार के मजबूत संकल्प का जीवंत उदाहरण बन रहा है।

बांध निर्माण कार्य का

कलेक्टर ने किया अवलोकन- कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि ÷यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का प्रयास है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद अब जब यह सपना पूरा हो रहा है, तो हमें इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए।÷ निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू, रवि साहू सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

कलेक्टर के कड़े निर्देश - गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करें-कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ÷बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए।÷

भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी, किसानों को मिलेगा मुआवजा- बांध निर्माण के लिए आवश्यक 31.39 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। 13 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा निर्धारित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरित किया जाए।

न्यूज गैलरी

विष्णु देव की सुशासन का फार्मूला एक तरफ लो, दूसरी तरफदो की नीति : कांग्रेस

राजनांदगांव /नव प्रदेश । पूर्व शहर अध्यक्ष महिला

कांग्रेस एवं प्रदेश सचिव रोशनी सिन्हा ने छत्तीसगढ़ बजट में भाजपा नीत विष्णु देव सरकार की शराब नीति पर पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि एक तरफ लो और दूसरी तरफसे दो की नीति आने वाले समय के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है जब कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा गला फाड़ फाड़ कर चिल्लाती थी कि शराब बंद होना चाहिए आज जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में है तो बंद क्यों नहीं करती? शराब बंदी करने के बजाय चौक चौराहे और शहर के बीचों बीच में दुकान खुलवाया जा रहा है साथ ही मोबाइल के द्वारा मनपसंद ऐप लॉन्च कर शराब प्रेमियों को मनपसंद शराब मुहैया कराया जा रहा है ,आज बजट सत्र के दौरान शराब में शुल्क की कटौती की गई है इसका परिणाम शराब विक्रय में इजाफा होगा ,क्योंकि यह सरकार की राजस्व का सबसे बड़े जरिया है कुल मिलाकर महतारी वंदन योजना के तहत पैसा दिया जा रहा है उसे वसूलने के लिए शराब की दुकान जगह-जगह खुलवा जा रहा है और कर मुक्त किया जा रहा है ताकि शराब की बिक्री ज्यादा हो।।

साय सरकार का बजट जनता के लिए छलावा : नीरज

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे कहा है कि साय

सरकार द्वारा पेश बजट 2025 जनता के लिए पूरी तरह छलावा है। इसमें आंकड़ों और शब्दों का मायाजाल हैं। जिसे जनता समझती है। सच्चाई तो यह है पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के वार्षिक बजट से जनता बहुत आकर्षित होती थी और वास्तविक धरातल पर काम किया जाता था। भूपेश सरकार की कई योजनाओं को बंद करके इस सरकार ने जनता को तकलीफमें डाल दिया है और अब बजट के नाम पर आंकड़ों और शब्दों का भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश में 18 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है यह बात बजट में जानकर जनता क्या करेगी। जनता को तो भूपेश सरकार की तरह हाफबिजली योजना पसंद है। जो नहीं दी गई है रायपुर में पहले 6 फ्लाइट आया करती थी अब 76 फ्लाइट आती है इससे गरीबों का क्या फायदा होगा। बजट में 14 मेडिकल कॉलेज गिनाया जा रहा है लेकिन डॉक्टर कहां कितने हैं कहां डॉक्टर की कमी दूर की जा रही है यह नहीं बताया जा रहा है। शासकीय कर्मचारी की संख्या चार लाख पहुंच गई है यह बताकर क्या संदेश देना चाहती है। सरकार को चाहिए कि शासकीय कर्मचारियों की समस्या दूर करने योजना सामने लाएं।

बजट में सिर्फ आंकड़े समस्याओं का समाधान नहीं : भागवत साहू

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश।जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहां की शायद सरकार द्वारा पेश बजट 2025 बजट में सिर्फ आंकड़े आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं है।पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की कई योजनाओं को वर्तमान भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है क्योंकि भूपेश सरकार की योजनाएं आम जनता के हित मे था। भाजपा सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर आम जनता को तकलीफ में डाल दिया है। बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए कुछ नहीं है नौजवान युवाओं के लिए बजट में कोई भी रोजगार का जिक्र नहीं किया गया है। महिलाओं को भी बजट में कुछ नहीं मिला। छत्तीसगढ़ के आम जनता बजट में अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है।सरकार को चाहिए कि सरकारी कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने का योजना बनाना चाहिए लेकिन बजट में ऐसी कोई योजना शामिल नहीं किया गया है। कुल मिलाकर सरकारी कर्मचारी भी अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। इसी तरह बजट में किसानों को भी छला गया है। मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं किया गया है। मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के बारे में भी कुछ नहीं किया गया है। बजट में आंकड़ों और शब्दों का मायाजाल है जिसे जनता अच्छी तरह समझती है।

छत्तीसगढ़ सरकार का बजट बेहद निराशाजनक

डोंगरगांव दैनिक नव प्रदेश। सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष बजट लाया गया गति प्रदान करने के नाम पर सिर्फ छलावा किया गया जब से भाजपा की सरकार आयी है विकास की गति थम गई । साथ ही वर्ष 2025 के बजट में विकास की दिशा में कोई नई सोच नहीं सिर्फ छलावा है। न कोई योजना है।ना. कोई सकारात्मक सोच आम जनता ठगा महसूस कर रही छत्तीसगढ़ का बजट बेहद निराशा जनक है

राजनांदगांव महापौर की अनूठी पहल

डोंगरगांव दैनिक नव प्रदेश। आज दिनांक 03.03 2025 को माननीय महापौर महोदय श्री मधुसूदन यादव जी के निर्देशानुसार पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग से 65 वर्षीय दिव्यांग श्री मायाराम खुटेल ग्राम धर्मापुर को ट्राई साइकिल प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ की डबल इंजन ग्रोथ को ईंधन देने वाला है बजट; भरत लाल वर्मा

○ छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाईयों में ले जाने वाला बजट; भरत लाल वर्मा

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा ने बजट को ऐतिहासिक एवं प्रदेश के विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति एवं नौजवान साथियों के जीवन में मूलभूत बदलाव के लिए कई दूरगामी घोषणाएं की गई जो विष्णु देव साय सरकार की प्रदेश के लिए विजन को दर्शाता है। साथ ही यह बजट केंद्र के मोदी सरकार के साथ डबल इंजन की रफ्तार से बढ़ने के ईंधन की तरह है।

भरत लाल वर्मा ने कहा कि कृषि बजट में 33त्न की वृद्धि, सिंचाई परियोजनाओं के लिए 300 करोड रुपए, कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है जो कृषकों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। नल जल योजना के लिए 4, 500 करोड़ रुपए का प्रावधान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत 70 हजार 539 करोड़ का प्रावधान, 70 प्रतिशत वृद्धि साथ ही सरकार ने आने वाले 5 सालों में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने

दोगुना करने का लक्ष्य रखा है जो प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भरत लाल वर्मा ने कहा कि अगले तीन वर्षों में आठ लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी योजना' के तहत आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 561 करोड रुपए का प्रावधान, छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 5,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष के 3,000 करोड़ रुपये के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि है यह मातृशक्ति को प्रदेश के विकास की शक्ति के रूप में पहचान देने वाला पहल है।

गरीब-युवा-किसान-नारी के कल्याण से परिपूर्ण बजटः मधु

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश ।नवनिर्वाचित महापौर एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने छ.ग. सरकार के बजट की दिलखोल कर प्रशंसा की है। उनके अनुसार साय सरकार का बजट उनकी उम्मीदों से भी बढ़कर है। मुख्यमंत्री सहित वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी ने ऐसे पहलूओं को छुआ है, जिससे आगामी एक वर्ष में ही प्रदेश के गरीब, युवा, किसान तथा नारी कल्याण उत्थान में दिखाई देगा। छ.ग. निर्माता भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्मशती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित कर सच्ची श्रद्धांजली दी गई है। बजट के महत्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पूर्व सरकार द्वारा वंचित किए गए प्रदेश के 18 लाख हितग्राहियों को शर्तो में सरलीकरण कर आवास प्रदाय हेतु 8500 करोड़ रू., 20 हजार से अधिक भर्तियां, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना हेतु प्रदेश में 200 करोड़, अन्नदाताओं के वित्तीय विकास हेतु दलहन-तिलहन की एम.एस.पी. पर खरीदी की जाएगी। 17 नए नालंदा परिसरों की स्वीकृति में राजनांदगांव का शामिल होना तथा डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी का परिक्रमा पथ व पुल निर्माण स्वीकृती जिले के लिए उपलब्धि है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष एंव राजनांदगांव विधायक माननीय डॉ. रमन सिंह जी का अभूतपूर्व योगदान है। शिक्षा व स्वास्थ्य पर 12 से 15 प्रतिशत राशि में वृद्धि उत्साहजनक है,। जिसमें अस्पतालों में नवीन व आधुनिक मशीनों की उपलब्धता में वृद्धि होगी। नगरीय उत्थान हेतु 1500 करोड़ के प्रावधान में राजनांदगांव की उपलब्धता निश्चित ही अन्य स्थानों से अधिक होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट उम्मीद से बढ़कर अभूतपूर्व है, जिसमें किसी भी प्रकार के विकास से वंचित होने की गुंजाइश नहीं है। ऐसे अभूतपूर्व बजट के लिए माननीय विष्णुदेव साय जी, माननीय ओ.पी.चौधरी जी सहित माननीय डॉ. रमन सिंह जी के आभारी हैं।

एड्स की जागरूकता ही रोकथाम का उपचार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। एड्स नियंत्रण शाखा रायपुर के निर्देशानुसार सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में इस सत्र दो चरणों में एच.आई.वी. संक्रमण से बचाव व रोकथाम विषय के अंतर्गत भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़ङ्कचढ़कर भाग लिया। जिनका पुरस्कार वितरण विगत दिनों संपन्न हुआ। जिसमें निधि जैन, डोगेश्वर साहू, पलक मिश्रा, टिकेश्वरी साहू, सिध्दार्थ साहू, हेमानशु साहू, अंजलि देवांगन प्रथम स्थान व अनिकेत साहू, प्रेमीण साहू, एस कुमार साहू, मोहित कुमार, नागेश कुमार, पलक मिश्रा, अंजलि देवांगन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेता को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ.शोभा गावरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएँ निश्चित ही एड्स जागरुकता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है वर्तमान में एड्स जागरूकता पर युवाओं जागृत करना नितांत आवश्यक है क्योंकि युवा ही भविष्य के निर्माता है।

उपप्राचार्य डॉ.मनोज मिश्रा ने कहा कि एड्स नियंत्रण शाखा-रायपुर की यह योजना बहुआयामी पहल होगी साथ ही आयोजन का महत्वपूर्ण उद्देश्य दुनिया भर के एच.आई.वी. से प्रभावित लोगों के साथ एकता से खड़े रहने का सन्देश पहुंचेगा।

कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर.के. रजक ने बताया कि एच.आई.वी. एवं एड्स न केवल संक्रमण वाली बल्कि एक जानलेवा बीमारी भी है। इसे केवल जन जागरूकता से ही रोका जा सकता है।

महिलाओं द्वारा पलाश के फूल से बनाए गए रंग गुलाल

छुरिया दैनिक नव प्रदेश । माँ बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलास के फूलों से रंग-गुलाल बनाने कल ग्राम फाफमार में प्रशिक्षण ग्राम सोनवानी टोला, टीपानगढ़, तेंदूटोला, मासुल की महिलाओं को दी गई, साथ ही मोहला विकासखंड के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया। इस दौरान श्रीमती फूलबासन यादव ने पलास के फूलों से रंग-गुलाल बड़े स्तर पर बनाने के लिये हरियाली बहिनी की तारिफ करते हुए कहा कि रंग-गुलाल को केमिकल युक्त बनाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें लोगों का विश्वास कायम रहें इसके लिये विशेष ध्यान देना होगा। हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पलास के फुल एवं पालक की भाजी से गुलाल बड़ी संख्या में बनाई गई है अब इसे बाजार में बिक्री करने तैयार की जा चूकी है साथ ही पलास के फूलों से पावडर भी तैयार की गई है जिसे भी बेची जायेगी। 15-20 वर्ष पूर्व पलास के फूल को गरम पानी में उबालकर

होली खेली जाती रही है रेडीमेंट केमिकल रंग गुलाल का प्रचलन शुरू होने के चलते अब पलास के फूलो के रंगों से होली नही खेली जा रही है जिसकों देखते हुए गाँव-गाँव में बिना लागत से तैयार होने वाले पलास के फूलों से होली खेलने जागरूकता अभियान साथ ही प्रशिक्षण दी जा रही है पलास फूल औषधि से भरपूर होने से त्वचा एवं स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। प्रशिक्षण के दौराण 3 कुंटल गुलाल का आर्डर भी प्राप्त हो चुका है इसमें मार्केटिंग की कोई दिक्कत नही हो रही है पहले आओं तभी पाओं के दर्ज पर रंग-गुलाल मिल पायेगा। होली 14 मार्च को होने के कारण गाँव-गाँव में रंग-गुलाल का लगातार प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है जिस किसी को रंग-गुलाल की आवश्यकता है वे माँ बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति, पताल भैरवी मंदिर परिसर राजनांदगांव ।

बजट से विकास की गति अब होगी तेज : शिव वर्मा

राजनांदगांव /दैनिक नव प्रदेश।मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। प्रदेश के स्कूलों और महाविद्यालयों में 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। पीएमश्री स्कूल योजना के लिए 277 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।आगामी वर्ष के लिए भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में अब दलहन और तिलहन के फसलों की खरीदी एमएसपी पर जाएगी। इसके लिए 80 करोड़ का प्रावधान किया गया है।ठेकेदारों को समय पर भुगतान किया जाएगा इससे ठेकेदारों में प्रसन्नता व्याप्त है।राजस्व विवादों

को रोकने डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। दक्ष मानव संसाधन के लिए 10 करोड़ का प्रावधान है। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। छत्तीसगढ़ अंजोर 2024 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। पंजीयन के कार्यालय को अपग्रेड करने 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कामकाजी महिलाओं को बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रदेशभर में बनेगा 7 वर्किंग वूमेन हॉस्टल कुल प्रावधान 79 रुपये करोड़ है।

छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजटःपरवेज़

राजनांदगांव /दैनिक नव प्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सदस्य परवेज़ अहमद पप्पू ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को अनुकूल विकसित भारत के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ को स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट सभी वर्ग को फीलगुड कराने वाला बजट है। बजट में जिला खनिज मद के कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण की बात कही गई है। प्रदेश में ईज ऑफडुविंग पर फोकस किया गया है। स्पेशल कैपिटल असिस्टेंट योजना पर प्रकाश डाला गया है। सीएम एक्सीलेंसी अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। ठेकेदारों को समय पर भुगतान किया जाएगा इससे ठेकेदारों में प्रसन्नता व्याप्त है।राजस्व विवादों को रोकने डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

पेज 3का शेष का

अजय चन्द्राकर को डॉ. रमन सिंह ...

श्स्क्रीनप्ले के लिये कॉन्क्लेव को सम्मानित किया गया।सर्वश्रेष्ठ बेस्ट डाक्यूमेंट्री शार्ट द ओनली गर्ल इन द ऑर्केस्ट्रा, सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शार्ट,आई एम नॉट ए रोबोट, सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड शॉर्ट,इन द शैडो ऑफ साईप्रस ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्कोर,द ब्रूटलिस्ट ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सॉन्ग ,एल मल ,सर्वश्रेष्ठ साउंड ,ड्यूनः पार्ट-2 ,सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन,विक्ड ,सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी,द ब्रूटलिस्ट, सर्वश्रेष्ठ हेयर एंड मेकअप,द सबस्टेंस, सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिजाइन,विक्ड, सर्वश्रेष्ठ फिल्म एडिटिंग,अनोरा ,सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स,ड्यूनः पार्ट-2 बनीं।

ईडी की कार्रवाई के खिलाफ...

(कांग्रेस) भवन में दबिश दी थी और सुकमा, कोंटा में बनाए गए कांग्रेस भवन को लेकर महामंत्री गैदू से पूछताछ की थी. वहीं नोटिस थमाकर वापस लौट गई थी. पीसीसी चीफ को नोटिस थमाने और कांग्रेस के महामंत्री से दायरे से बाहर निजी सवाल करने का कांग्रेस ने विरोध जताया. सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने श्वष्ठ और बीजेपी को घेरा. सभी ने केंद्र सरकार के खिलाफ आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ने की बात कही. कांग्रेसी नेताओं ने कहा, हम अंग्रेजों से नहीं डरे,ईडी, आईटी से क्या डरेंगे।

विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक...

सबसे ज्यादा अधिकार उनका ही है लेकिन भाजपा आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर कर उनकी जमीनों को छीनी रही है। आदिवासियों की ज़रूरत और कानून अलग है इसलिए आदिवासी जिलों में पंचायती राज मजबूत करना चाहिए क्योंकि आदिवासी ग्राम सभाओं को दिए कानून सर्वमान्य हैं, जिसका मतलब है कि गांव में स्वशासन इन गांवों के लोगों के माध्यम से होगा। इसका मतलब यह भी है कि अगर गांव में कोई काम करना है तो आदिवासियों से अनुमति लेनी होगी लेकिन हकीकत ये है कि आज उनसे कोई सलाह तक नहीं ली जा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा, वन अधिकार अधिनियम आदिवासियों को जंगलों पर अधिकार देता है। वन समितियों के माध्यम से यदि कोई आदिवासी कहीं भी पट्टा चाहता है तो वन समिति पट्टा दे सकती है लेकिन असलियत में आदिवासियों को किसी तरह के अधिकार नहीं मिल रहे हैं। मध्य प्रदेश में सरकार 40 प्रतिशत वनों का निजीकरण करने जा रही है। सरकार का कहना है कि ये जंगल ख़राब हो गए हैं, इसलिए इन्हें निजी कंपनियों को देकर इन जंगलों को विकसित करना है। इससे आदिवासियों की खेती की जमीन और चारागाह उनसे छीन जाएंगे। इससे साफ है कि मध्य प्रदेश सरकार जंगलों से आदिवासियों को हटाना चाहती है। देश में आदिवासियों के खिलाफ सबसे ज्यादा अत्याचार मध्य प्रदेश में हो रहा है। दूसरे स्थान पर राजस्थान तथा ओडिशा का तीसरा नंबर है।

उन्होंने आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों को बताते हुए कहा, मध्य प्रदेश के सीधी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने एक आदिवासी पर पेशाब कर आदिवासी सम्मान को तार-तार किया, लेकिन राज्य सरकार अपमान करने वाले की रक्षा करने में लग गई। प्रदेश के नेमावर में पांच लोगों को जिंदा गाड़ दिया गया, जिसमें भाजपा विधायक के लोग शामिल थे इसलिए जब हमने आंदोलन किया तब इस मामले में प्राथमिकी हुई। नीमच में आदिवासी को गाड़ी से बांधकर घसीट कर मार डाला गया और यह गुनाह भाजपा के सरपंच ने किया। झाबुआ में एक आदिवासी को इतना पीटा और प्रताड़ित किया गया कि उसने फांसी लगा ली। राजधानी भोपाल में एक नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ लोक रंग कार्यक्रम में बलात्कार हुआ।

इस घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। बच्ची को प्रताड़ित होना पड़ा और उसे न्याय नहीं मिला। आखिर में बच्ची को परिवार के साथ भोपाल से 600 किमी दूर अपने घर मऊगंज जाना पड़ा और वहां जाकर प्राथमिकी हुई। सोचिए, अगर न्याय पाने के लिए किसी आदिवासी को 600 किमी दूर जाना पड़ेगा न्याय कहां और कब मिलेगा।

निलंबित आईएएस साहू व अन्य...

में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

न्यूज गैलरी

24 अतिरिक्त कक्ष के लिए 1 करोड़ 83 लाख 12 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मांग पर लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपये के 24 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत ने बताया कि इनमें गरियाबंद विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रीपारा, सड़क परसुली, फुल्लकर्रा एवं धवलपुर में 5-5 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रत्येक हेतु 38 लाख 15 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिन्द्रानवागढ़ में 4 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 30 लाख 52 हजार रूपये की प्रशसकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली निकाली

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर आज जिला चिकित्सालय में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के मार्गदर्शन में कान के प्रति जागरूकता लाने तथा संदेश प्रसारित करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। विश्व श्रवण दिवस का इस वर्ष का थीम मानसिकता में बदलाव - कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाने के लिए स्वयं को सशक्त बनाये पर संदेश प्रसारित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया और स्थानीय नागरिकों से अपील की गई। विश्व श्रवण दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने श्रवण बाधित चिन्हित मरीजों को श्रवण यंत्र का वितरण किया। इस अवसर पर डॉ. टी. सी. पात्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े (डीएचओ), डॉ. के. के. सहारे (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. अमन कुमार हुमने (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. योगेन्द्र सिंह रघुवंशी, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम), डॉ. श्रृष्टि यदु (प्रभारी जिला सलाहकार, एनसीडी), डॉ. शंकर पटेल (प्रभारी अस्पताल सलाहकार, एनएचएम) उपस्थित थे। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनपीपीसीडी कार्यक्रम के एन कुमार साहू (ऑडियोलॉजिस्ट) एवं विष्णु निषाद (असि. ऑडियो) के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ गण उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार दो मोटर साइकिलों में भिड़ंत, दो की मौत

घटना जिला मुख्यालय रोड चकनार नर्मदा के मध्य

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। यातायात विभाग के लगातार कारवाई एवं समझाइश के बाद भी तेज रफ्तार बाइक पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जो क्षेत्र में दूर्घटना का बड़ा कारण बना हुआ है। कल चकनार नर्मदा के मध्य रविवार 2 मार्च की शाम लगभग 5 बजे तेज रफ्तार मोटर साइकिल की आमने सामने टक्कर ने दो युवक की जान ले लिया। जिसमे एक अविवाहित नाबालिक बालक तथा दूसरा शादीशुदा युवक शामिल है। वही एक नाबालिक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये है,जिसे परिजन ने नजदीकी कवर्धा हॉस्पिटल उचित उपचार के लिए ले गए है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार की शाम करीब 5 बजे गोकना निवासी खोम लाल साहू पिता ओम प्रकाश उम्र 15 अपने मित्र हेमंत पटेल के साथ नर्मदा से गंड़?ई की ओर आ रहा था। तभी नर्मदा चकनार मध्य पुल के आगे पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल से जबरदस्त भिंडत हो गया। प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया की दोनो मोटर साइकिल की टक्कर काफी जोर दार था। टक्कर की आवाज काफी दूर तक गुंजा। टक्कर के बाद बाईक सवार तीनों युवक इधर उधर गिर पड़े। मौके पर उपस्थित लोगों ने तत्काल 112 को दूर्घटना की जानकारी दिया। कुछ देर बाद गंड़?ई पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। और तीनों घायलों को गंड़?ई चिकित्सालय लेकर आई। जहां दो युवक गोकना निवासी खोम लाल साहु तथा राजनांदगांव तुलसीपुर निवासी चन्द्र प्रकाश गुप्ता पिता राम गोपाल गुप्ता उम्र 38 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। वही हेमंत पटेल के पैर में गंभीर चोट आने से परिजन कवर्धा हॉस्पिटल लेकर चले गए है।

तेज रफ्तार पर अंकुश लगाना जरूरी

गंड़ई छुईखदान के मध्य आयें दिन तेज रफ्तार दो एवं चार पहिया वाहन के कारण दूर्घटना होते रहती है। जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी हो गया है। ओवर लोड़ व तेज भागती गाड़ी समय पर या भीड़ भाड़, मोड वाहन में नियंत्रण नहीं रख पाते और दूर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वही शिक्षक एवं पालकों के मनाही के बाद भी स्कूल पढ़ने वाले नाबालिक छात्र बिना लाइसेंस के वाहन चलाते नजर आते हैं। यातायात विभाग द्वारा बीते सप्ताह छात्रों को वाहन चलाने न देने की अपील किया गया था।

विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगतिशील बजट : भावना बोहरा

जनहित व जनसुरक्षा के साथ लक्ष्य को पूरा करने वाला बजट : भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी ने का 25 वां बजट आज पेश किया। पिछला बजट साल 2024-25 में 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ था. इस बार बजट में युवाओं को नौकरियां, शिक्षा, किसान कल्याण, सरकारी कर्मचारियों, अधोसंरचना निर्माण समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इस वर्ष का अनुमानित बजट लगभग 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रहा जो विगत बजट से 12 प्रतिशत अधिक है।

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा न कहा कि बजट 2025-26 माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देना वाला प्रगति का बजट है। आज जो ऐतिहासिक एवं सर्वस्पर्शी बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में प्रस्तुत किया उसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करती हूँ। विशेषकर प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कृषि व किसान कल्याण, युवाओं को रोजगार

व शिक्षा, शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन, अधोसंरचना विकास, जनजातीय समुदाय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के साथ ही सर्वस्पर्शी बजट से जन-जन की सुरक्षा एवं प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा।

भावना बोहरा ने कहा कि पिछले वर्ष का बजट GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर केंद्रित था, जबकि इस वर्ष का बजट "GATI" (गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ) पर केन्द्रित है जिससे छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है वहीं मोदी की गारंटी में किये गए संकल्पों को भी पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। बजट में महतारी वंदन योजना के बजट में वृद्धि कर 5500 करोड़ रुपए किया जाना, आगामी 3 वर्षों में लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की 8 लाख महिलाओं को लखपति बनाना, 7 वर्किंग वूमन हॉस्टल, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं और महिलाओं को समर्पित महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। 50 करोड़ रुपये के बजट से बनने वाले ये सदन महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करेंगे।

बजट में पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफसे एक रूपये की कम किये जाने और शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का जनहितैषी फैसला लिया गया जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को सपनों को पंख देने के लिये नवा रायपुर अटल नगर में 50 करोड़ की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना, युवाओं की रचनात्मकता और नवाचार को सशक्त करने हेतु स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पालिसी के लिए 5 करोड़ का प्रावधान, छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल सुविधाओं का विस्तार, सुशासन के संकल्प से युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा वहीं खेल प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। 17 और नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी और 25 कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बदलने के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान इस बजट में किया गया है।

कृषि एवं कृषक कल्याण के लिए इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं बजट आवंटित किये गए हैं जैसे कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये, 5 एच.पी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपये, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान, जल संसाधन विभाग के कुल 3,800 करोड़ रुपये के बजट में से 700 करोड़ रुपये नए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं,अटल सिंचाई योजना के तहत बहुत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य, तेन्दूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 रुपये का भुगतान करने के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को ÷चरण पादुका÷ प्रदान करने के लिए 50 करोड़ रुपये, इस बजट में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 8500 करोड़ रुपये एवं आवास योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में घरों के निर्माण के लिए 875 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

गिरीश पंकज, दिविक रमेश और संतोष को मिला बीपीए शिखर साहित्य सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश । नोएडा बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के तत्वावधान में साहित्य की दुनिया में उपलब्धियां पाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकारों को सातवें बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स साहित्यकार सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। इनमें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गिरीश पंकज को वेदव्यास, दिविक रमेश को महाकवि कालिदास और संतोष श्रीवास्तव को वागेश्वरी सम्मान से नवाजा गया।

नोएडा के समीप मयूर विहार स्थित होटल क्राउन प्लाजा में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में देश विदेश से पधारे नामचीन साहित्यकारों में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार चित्रा मुद्गल, पूर्व जस्टिस एस एन श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथिगण चंद्रप्रकाश देवल, सुशील त्रिवेदी, प्रकाश मनु, यू जी ब्रह्म, मुकेश भारद्वाज, प्रेम जनमेजय, संतोष खन्ना और श्याम सखा श्याम आदि को सम्मानित किया गया। अलंकरण समारोह में क्षेत्रीय भाषाओं के सम्मान में सी पी देवल को राजस्थानी, यू जी ब्रम्ह को बोडो भाषा का विशेष शिखर सम्मान के साथ ही 25 साहित्य विभूषण सम्मान, 30 साहित्य भूषण सम्मान, 45 साहित्य रत्न सम्मान के अतिरिक्त 2 बीपीए रत्न सम्मान, 3 कथा बिंब पुरस्कार एवं 2 अनुस्वार रत्न, 2 बीपीए समाज और 5 कला रत्न पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

साहित्यकारों के उत्कृष्ट योगदान को बढ़ावा

इस मौके पर बीपीए फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. संजीव कुमार ने कहा कि पुरस्कारों का उद्देश्य उन साहित्यकारों के उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों को पहचानना है जिन्होंने साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अतुलनीय सेवाएं दी हैं। आयोजन में संस्था की निदेशक डॉ. मनोरमा, कामिनी मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, पीयूष शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड ने TUsV NORD से 'कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन' सीई प्रमाणपत्र प्राप्त किया

नगरनार/नवप्रदेश । एनएमडीसी सटील लिमिटेड (एनएसएल) को यूरोपीय संघ अधिसूचित परमाणन निकाय ञ्जङ्क हृह्रक्रष्ठ द्वारा निर्माण उत्पाद विनियमन श्रेणी के तहत अपने उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित 'कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन' (ष्टश्व) प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। ष्टश्व प्रमाणपत्र प्रमाणित करता है कि एनएसएल का उत्पाद गुणवत्ता के यूरोपीय मानकों के अनुरूप है।

एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख श्री एमएनवीएस प्रभाकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह उल्लेखनीय उपलब्धि, गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि सभी संबंधित टीमों के अथक प्रयासों, समर्पण और सहयोग के बिना संभव नहीं थी'।

यूरोपीय देशों में अपने उत्पाद का निर्यात करने में सक्षम होने के लिए किसी भी स्टील उत्पादक को ष्टश्व प्रमाणन अनिवार्य है। इसी तरह, यह प्रमाणन यूरोप को निर्यात के लिए स्टील उत्पादों का निर्माण करने वाले Original Equipment Manufacturers OEM (मूल उपकरण निर्माताओं) के आपूर्तिकर्ताओं को एनएसएल से स्टील प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जिससे एनएसएल को अपने घरेलू ग्राहक आधार का और विस्तार करने में मदद मिलेगी।

TUV NORD के साथ समन्वय करने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी एक साथ आए । क्वालिटी प्रोडक्शन प्लानिंग एंड प्लांट कण्ट्रोल, स्टील मेल्टिंग शॉप, थिन स्लैब कास्टर, हॉट स्ट्रिप मिल, सेल्स और डिस्पैच विभागों के सदस्यों ने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए राजन कुमार, महाप्रबंधक (खनिज प्रसंस्करण) के नेतृत्व में काम किया ।

जनदर्शन आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन इस मंगलवार से प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के नागरिक अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

ठेकेदार व संबंधित अधिकारी समन्वय से काम करें : दीपक अग्रवाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में क्रियान्वित एकल व समूह नल जल योजनाओं के कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने तथा समय पर पानी टंकी, नल कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग एवं क्रेडा के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ठेकेदारों को अपूर्ण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराकर निर्धारित दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 80 प्रतिशत तक पूर्ण किए जा चुके ग्रामो, बसाहटों के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही बाकी बचे कार्यो को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है, इसमे किसी भी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य करने की जरूरत है, इसके लिए निर्माणाधीन कार्यो को समय पर पूरा करें। इस योजना के तहत हर घर में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य को तेज गति देने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।

लाइनमेन दिवस पर 60 विद्युत कर्मियों को होगा सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी कल 4 मार्च को प्रदेशभर में लाइनमेन दिवस का आयोजन कर रही है, इसमें विद्युत आपूर्ति करने वाले मैदानीकर्मियों के सम्मान में हर संभाग स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है, जिसमें रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के विपरीत परिस्थितियों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 60 लाइनमेन को सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह प्रदेश के सभी क्षेत्रीय व संभागीय कार्यालयों में भी लाइनमेन दिवस मनाया जाएगा। राजधानी में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर होंगे। इसमें रायपुर शहर क्षेत्र के 20 एवं रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के 40 लाइनमेन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा, मुख्य अभियंता एम. जामुलकर एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव सिंह भी उपस्थित रहेंगे। लाइनमेन दिवस देश भर में निर्बाध विद्युत वितरण सुनिश्चित करने वाले लाइनमेन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के समर्पण तथा सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। इसकी शुरूआत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय ने 2021 में की। इसका उद्देश्य विद्युत उत्पादन से लेकर पारेषण और वितरण में लगे लाखों कर्मियों की सेवा को सम्मानित करना है।

सिविक एक्शन के दौरान गरियाबंद एसपी नक्सल प्रभावित क्षेत्र जाकर लोगों से हुए रूबरू

गांव के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के साथ नशे से दूर करने को कहा

छोटे बच्चों को स्कूल बैग एवं ग्रामीणो का दैनिक जरूरत के समाग्री विवरण किये

गरियाबंद/नवप्रदेश। सिविक एक्शन के दौरान आज दिनांक 03.03.2025 को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने टिम के साथ नक्सल प्रभावित ग्राम मोहंदा पहुंचे वहां के लोंगो से रूबरू होते हुए हाच-चाल जाने। ग्राम मोहंदा के लोग पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर बहुत प्रसन्न हुए। गांव के लोग अपनी एवं गांव की समस्या हो बताए जिसका समाधान करने का अवश्वासन दिये। इस बीच छोटे - छोटे स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, बुजर्गो को गमछा, महिलओं को चप्पल, युवाओं को कैप के साथ अन्य दैनिक उपयोग के समान विवरण किये।

पुलिस अधीक्षक ने गावं के युवाओं को प्रतियोगी परिक्षाओं में भग लेने एवं बच्चों को मन लगाकर पढाई करने के साथ गांव के लोगों को नशे से दूर रहने को कहा। पुलिस सदैव आप लोगो की सेवा के लिए तत्पर है । पुलिस आपकी हर संभव मद्द करेगी।

गिरौदपुरी मेला में सुविधा विस्तार को लेकर जिला प्रशासन की सार्थक पहल

जिला प्रशासन ने विकसित किया गिरौदपुरी मेले का वेब साइट

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। गिरौदपुरी मेला में इस बार श्रद्धालुओं एवं लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर दीपक सोनी की पहल पर मेला में सुविधाओं की जानकारी लोगों को आसानी से उपलब्ध कराने वेबसाईट विकसित किया गया है जिससे लोगों को अपने मोबाइल में इस वेब साईट के माध्यम से सुविधाओं से सबंधित सभी जानकारी हासिल हो सकेगी। मोबाइल में वेब साईट सर्च करने से छुटकारा दिलानें के लिये क्यूआर कोड भी विकसित किया गया है जिसे स्कैन करते ही सीधे वेब साइट में जाकर वांछित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर एनआईसी द्वारा वेबसाइट https://giraudpurimela.in विकसित किया गया है। इस वेब साईट से श्रद्धालु मेला स्थल में अनेक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जैसे भोजन, विश्राम, शौचालय, स्नानघर, पेयजल, चिकित्सा, एम्बुलेंस, वाहन पार्किंग, कंट्रोल रूम नंबर, हेल्प डेस्क नंबर, पुलिस हेल्प लाइन नंबर शामिल हैं। इस बार गिरौदपुरी मेला में जिला प्रशासन द्वारा मूलभूत सुविधाओं की संख्या में भी वृद्धि की गई है ।

समाज में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है: फूलबाशन यादव

■ यादव भवन का उद्घाटन व 3 जोड़ों का आदर्श विवाह भी हुआ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पिछले दिनों सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के तत्वाधान में वार्षिक संगोष्टि का भव्य आयोजन ग्राम- अंडी में किया गया। जिला स्तरीय इस आयोजन में डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के लोक प्रिय विधायक श्री दलेश्वर साहू द्वारा प्रदत्त विधायक निधि से नव निर्मित यादव भवन का उद्घाटन , युवक- युवती परिचय सम्मेलन व 3 जोड़ों का आदर्श विवाह भी संपन्न हुआ। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध समाज सेविका पद्मश्री फूबाशन यादव जी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष श्री कंसु राम यादव ने किया। विशेष अतिथियों में सर्व श्री के.आर.यादव,शीलू राम यादव,राधे यादव,महेश यादव,फगुवा राम यादव,हरीश यादव,दुर्गा प्रसाद यादव,दिग्विजय यादव,महेश यादव,विनीता यादव,मदन यादव,मुलचंद् यादव,कमलेश यादव,गोविंद यादव बल्दू राम यादवआदि ने भी अपनी उपस्थिति देकर यादवी एकता का परिचय दिये हैं।

ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा से हुआ। कार्यक्रम स्थल पहुँच कर श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर मुख्य अतिथि पद्मश्री फूबाशन यादव ने फीता काट कर नव निर्मित यादव भवन का विधिवतउद्घाटन किया। पद्मश्री फूबाशन यादव ने अपने उद्बोधन में सबको हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि यह पूरे जिला के लिए अनुकरणीय योगदान देने वाला कार्यक्रम है। समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित् करना अनिवार्य बताया।समाज की नियमावली की जानकारी सभी को होनी चाहिये और अंध विश्वास से ऊपर उठके सबको आगे आना होगा। युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह को अपनाना आज की आवश्यकता बताई। महिलाओं को छोटे- छोटे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत होना जरूरी बताया।जिला अध्यक्ष कंसु राम यादव ने अपने व समाज की मजबूती के लिए संगठन पर जोर देते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में यादव समाज के जन प्रतिनिधि राजनीति के शेत्र में उभर कर सामने आये हैं,इन सबका विशेष सम्मान जिला कोसरिया यादव समाज के द्वारा ''यादव गौरव सम्मान '' से किया जायेगा।

जिला के संरक्षक के.आर. यादव ने अभूत पूर्व आयोजन पर बधाई देते हुए सामाजिक नियमावली पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व के साथ महिलाओं के सम्मान में संशोधित नियमावली का वाचन करते हुए अपने आप से ही इनका पालन करने पर जोर दिया और समाज को गुमराह करने वाले असामाजिक तत्वों से दूर रहने की अपील की है। जिला उपाध्यक्ष राधेलाल यादव ने संगठित एवं असंगठित समाज की कीमत को बखूबी से समझाते हुये संगठित रहने पर जोर दिया।

समाज में आदर्श प्रस्तुत करने वाले आदर्श विवाह के तीनों जोड़ों को जिला कोसरिया यादव महासभा राजनंदगांव के द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह का प्रमाण- पत्र और स्मृति चिन्ह ससम्मान प्रदान किया गया। चि.अक्षय पिता किशुन राम यादव अंडी संग सौ. का. पुनीता पिता स्व.संतु राम यादव चाँद सुरूज गोंदिया, चि. मोंटू पिता रघुबीर यादव बजरंगपुर नवागाव संग सौ.का. ज्योति पिता चैत राम यादव चिखली राजनंदगांव और चि. सुनील पिता दया राम यादव डोमहाटोला संग सौ.का. शिवानी पिता झगरू राम यादव बजरंगपुर नवागांव राजनंदगांव शामिल होकर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किये हैं।

सर्किलों से सर्व श्री चिंता राम यादव,खिलावन यादव,सुदर्शन यादव,देवागा यादव,धन्ना लाल यादव,हिरदे राम यादव,लक्ष्मण यादव, ग्वाला प्रसाद यादव, कीर्तन यादव, लखन यादव,जितेंद्र यादव,आशा राम यादव,योगेश यादव,सत्यदेव यादव, मुलचंद् यादव आदि भी समारोह में मौजूद रहे। सर्किल कोसरिया यादव समाज अंडी के पदाधिकारियों ने सर्वश्री अध्यक्ष भोजराम यादव,उपाध्यक्ष सुखचरण यादव,सचिव विजय यादव, सहसचिव लेखराम यादव, कोषाध्यक्ष भुजबल यादव, संरक्षक दशरू यादव पंचगैहा प्रमुखों में राजबली यादव, मानिक यादव, संतू राम यादव, संतोष यादव, विष्णू यादव, गोपाल सखा, श्री सम्पत लाल यादव सहित युवा मंडल एवं महिला मंडल की सहभागिता कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुकरणीय रहा।

न्यूज गैलरी

जन चौपाल मंगलवार से पुन: प्रारम्भ

महासमुंद/नवप्रदेश। आम नागरिकों की समस्या, मांग और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर जन चौपाल मंगलवार 4 मार्च से प्रारम्भ होगा। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के सम्पन्न होने के उपरांत पुनः कलेक्टर जनचौपाल अब प्रत्येक मंगलवार को अपने निर्धारित समय दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्टर जन चौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

ग्राम कौन्दकेरा की नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव एक्शन मोड में

राजिम कौन्दकेरा/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सबसे बड़े ग्राम पंचायत कौन्दकेरा में इन दिनों नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव सुर्खियों में बनी हुई है। उनकी कार्य शैली की पूरे गांव में चर्चा हो रही हैं ।बता दें कि ग्राम पंचायत कौन्दकेरा की महिला सरपंच राधिका मनोज यादव ने अभी प्रभार भी नहीं लिया है, बावजूद ग्राम के विकास के लिए उन्होंने शुरुआत कर दी है। शिशु मंदिर स्कूल, बजरंग चौक गौठान के पास गलियों में पड़े कचरे के ढेर को साफसफाई करवाया और ग्रामवासियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है ।ग्राम पंचायत कौन्दकेरा की विकास मेरी पहली प्राथमिकता- नवनिर्वाचित महिला सरपंच राधिका मनोज यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत कौन्दकेरा की विकास मेरी पहली प्राथमिकता हैं। ग्राम की बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामीणों की समस्याओं पर सामंजस्य बनाकर निराकरण करेंगे और विकास को लेकर भी जानकारी मांगेंगे ताकि गांव का विकास तेजी से हो सके।

जनता का मिल रहा समर्थन

जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए डॉ. दिनेश लाल प्रबल दावेदार

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। डॉ. दिनेश लाल, जो कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एक चर्चित और मिलनसार नेता हैं, अब जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। जनता के बीच उनकी मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को देखते हुए क्षेत्रवासियों की मांग है कि उन्हें इस पद पर आसीन किया जाए।

विधानसभा चुनाव में भी दिखा था जनसमर्थन

डॉ. दिनेश लाल ने पिछले विधानसभा चुनाव में बिलाईगढ़ सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मजबूती से चुनाव लड़ा था। उन्हें करीब 60 हजार मत मिले, जिससे यह साबित हुआ कि क्षेत्र में उनका जनाधार व्यापक है। हालांकि, वह चुनाव नहीं जीत सके, लेकिन उन्होंने हार के बाद भी जनता से जुड़ाव बनाए रखा और निरंतर समाज सेवा में लगे रहे।

जिला पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत

विधानसभा चुनाव के बाद भी उन्होंने जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत रखी। हाल ही में संपन्न हुए जिला पंचायत सदस्य चुनाव में उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 13 से 13,700 मतों से शानदार जीत दर्ज की, जो कि उनकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है।

क्षेत्र की सामाजिक संरचना और अध्यक्ष पद की मांग

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अनुसूचित जाति वर्ग की बड़ी आबादी है। जिले की दोनों विधानसभा सीटें–सारंगढ़ और बिलाईगढ़–स्ष्ट के लिए आरक्षित हैं। इसी तरह, जिला पंचायत क्षेत्रों में भी अनुसूचित जाति के मतदाताओं का प्रभुत्व है। इन परिस्थितियों को देखते हुए, क्षेत्रवासियों का कहना है कि डॉ. दिनेश लाल जैसे शिक्षित, योग्य और लोकप्रिय नेता को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए।

जनता के बीच मजबूत पकड़ और लोकप्रियता

डॉ. दिनेश लाल का जनता से सीधा संपर्क है। सरसींवा में उनके सोनोग्राफी सेंटर पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलते हैं और वे सभी से आत्मीयता से पेश आते हैं। उनकी मिलनसार प्रवृत्ति और सेवा भावना के कारण जनता उनके साथ जुड़ी हुई है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यदि डॉ. दिनेश लाल को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया जाता है, तो वह जनहित में और बेहतर कार्य कर सकते हैं।

जनता की अपील - 'डॉ. दिनेश लाल को मिले नेतृत्व'

क्षेत्र के लोगों की स्पष्ट राय है कि अन्य जिला पंचायत सदस्यों की तुलना में डॉ. दिनेश लाल सबसे शिक्षित, लोकप्रिय और योग्य उम्मीदवार हैं।

टेली मानस मोबाइल ऐप मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के लिए उपयोगी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा विकसित टेलीमानस ऐप को महासमुंद जिले में सफलतापूर्वक लांच कर दिया गया है। टेली मानस ऐप एक व्यापक मोबाइल प्लेटफार्म है जो आम जनता के लिए विकसित किया गया है जिसे प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। उक्त टेलीमानस ऐप में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान एवं सुझाव के व्यापक प्रचार - प्रसार हेतु समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, प्रमुख शासकीय कार्यालय, जेल, आश्रम, अनाथालय आदि स्थानो पर पोस्टर, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के माध्यम से तथा सोशल मीडिया (फेसबुक, ट्विटर एवं व्हाट्सएप) आदि के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए टेलीमानस ऐप क्यूआर कोड तथा हेल्पलाइन नम्बर 14416 का प्रचार-प्रसार किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया द्वारा उक्त ऐप को डाउनलोड कर अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की गई है।

रायपुर में ग्रीन आर्मी के होंगे 25 जोन

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी संस्था ग्रीन आर्मी का शपथ ग्रहण आज वीआईपी रोड श्री राम मंदिर कांफ्रेंस हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ आराध्य देव भगवान श्री राम जी एवं धरती माता जी की पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ते हुए अब वर्ष 2025 में 25 जोन बनाकर कार्य करेगी। आज इस शपथ ग्रहण के अवसर पर लगभग 100 से अधिक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। जिनका स्वागत अभिनंदन रायपुर जिला अध्यक्ष श्री गुरदीप टुटेजा जी द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री अमिताभ दुबे जी शपथ अधिकारी के रूप में आज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने विभिन्न जोनों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए ग्रीन आर्मी के गतिविधियों के बारे में बारिकी से जानकारी प्रदान किया साथ ही ब्रेन पॉल्यूशन के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति को योजना बनाकर एवं लक्ष्य निर्धारित कर छोटे स्तर में ही सही किंतु सही दिशा मे निरंतर प्रयास करना चाहिए अगर आप सफलता के लिए प्रयास नहीं कर रहे है तो आप समझ जाएं निश्चित रूप से असफलता के लिए प्रयास कर रहे है। संस्था का कार्य क्षेत्र बहुत बड़ा है इसलिए आप अपने स्थानीय क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण कर धरती माता की सेवा करें। प्रशिक्षक मिस्टर टारगेट ने विभिन्न देश भक्तों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का उदाहरण देते हुए बताया कि बड़ा कार्य करने के लिए अपने संकुचित एवं आरामदायद जीवन से बाहर निकले तभी बड़ा बन सकते है।

आज हम सांस तो ले रहे है किंतु कौन सा पेड़ का ले रहे है हमें पता नहीं हमारा काम केवल पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करना है। इसलिए आप सभी पर्यावरण प्रेमियों को केवल अपना कार्य करना है। पूरे कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन श्रीमती मोनिका बागरेचा ब्लू विंग अध्यक्ष द्वारा किया गया।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा : दो आरोपियों से 4100 रुपए जब्त

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब,जुआ,सट्टा खेलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अर्जुनी द्वारा न्यूजीलैंड विरुद्ध भारत क्रिकेट मैच में ऑनलाईन सट्टा खेला रहे दो सटोरियों को ऑनलाईन सट्टा सट्टा खेलाते दो सटोरिये को अर्जुनी पुलिस एवं सायबर टीम ने गिरफ्तार किया है। 01 -: शेख जावेद पिता शेख वकील उम्र 39वर्ष, साकीन रिसाई पारा धमतरी, थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी(छ.ग.)02 मनोहर गुप्ता पिता श्याम लाल गुप्ता उम्र 50 वर्ष साकीन बनिया पारा धमतरी,थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी द्वारा ग्राम तेलीन सत्ती बायपास महावर धर्मवंश के सामने अर्जुनी में आम जगह पर लोगों को न्यूजीलैंड विरुद्ध भारत क्रिकेट मैच में ऑनलाईन क्रिकेट मैच में हार जीत का दांव लगवाकर ऑनलाईन सट्टा नामक जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए। जिनके पास से 4100/-रूपये नगदी,दो नग मोबाइल कीमती 20,000/- रूपये 01 नग डाट पेन नीला,एवं लेखन सामाग्री जप्त किया गया। दोनों सटोरिये के खिलाफ थाना अर्जुनी में अपराध क्र.30/25 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 07 जुआ एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है। एवं दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

अभनपुर में चाकू की नोक पर लूटपाट

पैसा, बाइक और मोबाइल लेकर भागे 3 अज्ञात लुटेरे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर क्षेत्र में लूट का मामला सामने आया है। 3 अज्ञात लूटेरे पल्सर बाइक में पहुंचे और युवक से मोबाइल, बाइक और पैसा लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद युवक थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार रेड्डी अभनुपर क्षेत्र के ग्राम सातपारा स्थित तेंदुपत्ता गोदाम में मैनेजर पद पर कार्यरत है। 20 फरवरी को रात्रि करीब 08.00 बजे दिनेश अपने दोस्त की बाइक लेकर शराब खरीदने अभनपुर स्थित छोटे उरला गया हुआ था। शराब खरीदने के बाद गाड़ी साईड में खडी कर मोबाईल से बात कर रहा था। इस दौरान पल्सर बाइक में सवार 3 अज्ञात युवक पहुंचे और चाकू दिखाकर धमकी देते हुए मोबाइल, बाइक और पैसा लेकर फरार हो गए। दिनेश में अपने रिपोर्ट में बताया कि पल्सर बाइक में सवार एक बदमाश बाइक को स्टार्ट कर रखा था। जबकि दूसरा साथी चाकू दिखाकर धमकी दी और तीसरा साथी रेडमी का मोबाईल, जेब में रखे 1500 रुपए और यामहा कंपनी की आर 1-5 बाइक को लूटकर फरार हो गए। इसके बाद दिनेश 1 मार्च को अभनपुर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराया।

अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहित की धारा 309 (4) के तहत अपराध दर्ज करा लिया है। वहीं आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपाल लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है।

संस्कार द गुरुकुल स्कूल ने लॉन्च किया पहला फीस रीइंबर्समेंट कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कार द गुरुकुल ने छात्रों के लिए स्कूल में फीस रीइंबर्समेंट कार्ड लॉन्च किया है. इस कार्ड का इस्तेमाल कर छात्र स्कूल से जुड़े भुगतान जैसे- फीस, लाइब्रेरी शुल्क, कैंपस व कैंटीन खर्च आदि पर फायदा प्राप्त कर सकते हैं. विद्यालय ने इसे रोहित शर्मा समर्थित कंपनी लियो1 के साथ साझेदारी में लॉन्च किया है. इस कार्ड को लॉन्च करने का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में एक फीस रीइंबर्समेंट इकोसिस्टम बनाना है ताकि अभिभावकों और बच्चों को बढ़ती हुई स्कूली शिक्षा के खर्च पर कुछ लाभ दिया जा सके.

संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर, अमित कुमार जैन ने कहा, संस्कार द गुरुकुल की स्थापना युवाओं को अच्छी शिक्षा, उनके व्यक्तित्व को बेहतर बनाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए की गई थी. लियो1 के साथ हमारी ये साझेदारी विद्यालय के दृष्टिकोण की दिशा में शिक्षा प्रणाली में फाइनेंसियल टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेट करने में एक महत्वपूर्ण कदम है. फीस रीइंबर्समेंट कार्ड न केवल माता-पिता और छात्रों को कुशलतापूर्वक फीस का प्रबंधन करने में मदद करेगा, बल्कि स्कूल को स्थिर कैश फ्लो बनाए रखने में भी सक्षम करेगा, जिससे शैक्षणिक और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भी निरंतर सुधार सुनिश्चित होगा. यह साझेदारी हमारे परिसर को फ्यूचर रेडी और स्मार्ट स्कूल भी बनाएगी

लियो1 के प्रबंध निदेशक और संस्थापक रोहित गजभिये ने कहा, ÷एजुकेशन फीस को मैनेज करना छात्रों और संस्थानों दोनों के लिए एक चुनौती हो सकता है. कंपनी का फीस रीइंबर्समेंट कार्ड यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक शुल्क भुगतान पर छात्रों को कुछ वित्तीय मूल्य का फायदा हो और इसे वह अलग-अलग रोजमर्रा के प्लेटफॉर्म्स पर इस्तेमाल कर पाएं.

हमारा लक्ष्य स्कूलों को स्थिर कैश फ्लो बनाए रखने में मदद करते हुए शिक्षा को अधिक वित्तीय रूप से फायदेमंद बनाना है ताकि वे अपनी सुविधाओं को बढ़ा सकें और नए साहित्य, पाठ्यक्रम और एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों को शुरू करके समाज में और भी अधिक योगदान दे सकें. संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के साथ यह साझेदारी शिक्षा भुगतान को सभी के लिए स्मार्ट और अधिक लाभदायक बनाने की दिशा में एक कदम है और कंपनी टियर 2 और टियर 3 शहरों में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जल संकट | *नलकूप खनन हेतु प्राधिकृत अधिकारी देंगे अनुमति*

महासमुंद जिला आगामी आदेश तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुन्द जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह द्वारा छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत जिले को आगामी आदेश तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत महासमुन्द जिले में आगामी आदेश तक सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल व्यवस्था, पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय/अर्द्धशासकीय / नगरीय निकायों को पेयजल हेतु अपने क्षेत्राधिकारी सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। परन्तु निर्धारित नियमों का पालन वे सुनिश्चित करेंगें।

जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे संबंधित क्षेत्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/नगरीय निकाय/तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगें। जिसमें महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, महासमुंद, अनुविभाग महासमुंद के लिए (महासमुंद शहर को छोड़कर) अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) महासमुंद प्राधिकृत अधिकारी होंगे। इसी तरह अनुविभाग बागबाहरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बागबाहरा, अनुविभाग पिथौरा के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) पिथौरा, अनुविभाग बसना के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) बसना एवं अनुविभाग सरायपाली के लिए अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) सरायपाली को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पलाश के फूलों से रंग गुलाल बनाने का प्रशिक्षण

छुरिया/नवप्रदेश। माँ बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलाश के फूलों से रंग-गुलाल बनाने कल ग्राम फाफामार में प्रशिक्षण ग्राम सोनवानी टोला, टीपानगढ़, तेंदूटोला, मासुल की महिलाओं को दी गई, साथ ही मोहला विकासखंड के कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया। इस दौरान फूलबासन यादव ने पलास के फूलों से रंग-गुलाल बड़े स्तर पर बनाने के लिये हरियाली बहिनी की तारिफ करते हुए कहा कि रंग-गुलाल को केमिकल युक्त बनाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें लोगों का विश्वास कायम रहें इसके लिये विशेष ध्यान देना होगा। हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान पलास के फुल एवं पालक की भाजी से गुलाल बड़ी संख्या में बनाई गई है अब इसे बाजार में बिक्री करने तैयार की जा चूकी है साथ ही पलास के फूलों से पावडर भी तैयार की गई है जिसे भी बेची जायेगी। 15-20 वर्ष पूर्व पलास के फूल को गरम पानी में उबालकर होली खेली जाती रही है रेडीमेंट केमिकल रंग गुलाल का प्रचलन शुरू होने के चलते अब पलास के फूलो के रंगों से होली नही खेली जा रही है जिसकों देखते हुए गाँव-गाँव में बिना लागत से तैयार होने वाले पलास के फूलों से होली खेलने जागरूकता अभियान साथ ही प्रशिक्षण दी जा रही है पलास फूल औषधि से भरपूर होने से त्वचा एवं स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। प्रशिक्षण के दौराण 3 कुंटल गुलाल का आर्डर भी प्राप्त हो चुका है इसमें मार्केटिंग की कोई दिक्कत नही हो रही है पहले आओं तभी पाओं के दर्ज पर रंग-गुलाल मिल पायेगा।

न्यूज गैलरी

साय सरकार का बजट सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी – मो. इरफान शेख

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने सामवेद तौर पर कहां कि मुख्यमंत्री विष्णु साय नीत भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश बजट 2025 में सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी और खुश करने वाला बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करने वाला बजट है। साय सरकार के इस दूसरे बजट से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट सभी वर्ग को फीलगुड कराने वाला बजट है।छत्तीसगढ़ अमृतकाल के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर होगा। दक्ष मानव संसाधन के लिए दस करोड़ का प्रावधान, युवाओं को रोजगार मिलेंगे। राजस्व विवादों को रोकने, डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहन देने पर फोकस किया गया है। ठेकेदार, सप्लायर, सेवा प्रदाता को निश्चित समय पर भुगतान पर फोकस किया गया है। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों की संख्या भी 4 लाख पहुंच चुकी है। 18 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। मेडिकल कॉलेज की संख्या 14 पहुंच चुकी है। रायपुर में पहले 6 फ्लाइट आया करती थी। अब 76 फ्लाइट आती हैं। उड़ान योजना का भी छत्तीसगढ़ को फायदा मिलेगा।

आज छत्तीसगढ़ सरकार का बजट आया बेहद निराश जनक

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सरकार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष बजट लाया गया गति प्रदान करने के नाम पर सिर्फ छलावा किया गया जब से भाजपा की सरकार आयी है विकास की गति घम गई । साथ ही वर्ष 2025 के बजट में विकास की दिशा में कोई नई सोच नहीं सिर्फ छलाग है। न कोई योजना है।ना. कोई सकारात्मक सोच हो आम जनता ठगा महसूस कर रही छत्तीसगढ़ का बजट बेहद निराशा है।

स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा छत्तीसगढ़ बजट–चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

छग बजट पर नपाध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया–छत्तीसगढ़ को गति प्रदान करेगा बजट 2025

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह बजट खुशहाल प्रदेश बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। आज बजट प्रस्तुत हुआ है छत्तीसगढ़ मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जावेगा। छत्तीसगढ़ का यह बजट आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को रोजगार की दिशा पर आगे बढ़ने वाला बजट है,यह बजट छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा को आगे ले जाने वाला बजट है, यह बजट छत्तीसगढ़ को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने वाला बजट है।

मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना

नगरीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री रिंग रोड योजना लाना शहर के विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा ,साथ ही साथ नगरी क्षेत्र में अधोसरंचना विकास हेतु 750 करोड़ प्रदान करना नगर के विकास के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। कवर्धा शहर में स्वास्थ्य की सुविधा को आगे बढ़ाने हेतु इस बजट में जिस प्रकार से एक नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति मिली है जो कवर्धा में स्वास्थ्य सुविधा को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान देगा ।

कर्मचारियों के हितों का ध्यान

इसी तरह ही कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए पटवारी को संसाधन भट्ट देना और साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय कर्मचारी का मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़ाकर अब 53 प्रतिशत कर दिया गया है इस घोषणा से छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों के लिए अत्यंत खुशी का बजट है।

छ.ग.बजट–बेरोजगारों के लिए आशा का किरण

छत्तीसगढ़ का बजट जो पेश किया है वह बेरोजगार युवाओं के लिए एक आशा की किरण जगाने वाला है बजट है, 20000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की घोषणा करना युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए महत्वपूर्ण होगा, साथ ही 12 नर्सिंग कॉलेज एवं 6 फिजियोथैरेपी कॉलेज खुलने से युवाओं को अनेक रोजगार के अवसर से मिलने वाले हैं। जो युवा पुलिस की तैयारी कर रहे हैं और सपना देख रहे हैं कि वो भी वर्दी की नौकरी करना चाहते उनके लिए छत्तीसगढ़ शासन एनएसजी के तहत पर एसएसजी का प्रावधान लाया गया है, तथा सीआईएसएफ के तर्ज पर स्ढ्ढस्स्न का गठन किया जायेगा जिससे आने वाले समय पर युवाओं शासकीय रोजगार मिल पायेगा इस बड़ी घोषणा से युवाओं में प्रसन्नता आई है। इसी तरह महतारी वंदन में 5500 करोड़ का प्रावधान करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने हमारी बहनों को बहुत लाभ होगा।

बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प

बजट 'गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के दूसरे साल का बजट विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष का बजट 'गति' गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। राजनांदगांव जिले में बजट को लेकर जनमानस में हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बजट से विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने और 2030 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प है। यह नवाचार, अधोसंरचना और समावेशी विकास को प्राथमिकता देने वाला बजट है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के कृषक प्रज्ञानंद मौर्य ने बजट में कृषक उन्नति योजना के तहत 10 हजार करोड़ रूपए की घोषणा किए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानहितैषी है और लगातार कृषकों के लाभ के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि पंपों के विद्युतीकरण के लिए 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को किसानों को खेती-किसानी में बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 600 करोड़ रूपए के प्रावधान किए जाने पर शासन की प्रशंसा की। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला के किसान श्री गोवर्धन लाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान भाईयों के लिए अच्छा बजट पेश किया है। किसान, महिला, व्यापारी सभी वर्गों के लिए बड़ा बजट प्रस्तुत किया गया है। वही कृषक उन्नति योजना के तहत 10 करोड़ रूपए का प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि ने इस बजट में पत्रकार सम्मान निधि की राशि दोगुना करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए एक अच्छी पहल की गई है। बजट से युवाओं में भी खुशी है। राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर-नवागांव निवासी श्री घमेन्द्र साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कहा कि छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद यह सबसे बड़ा बजट 1 लाख 65 हजार करोड़ रूपए का बजट है। बजट में अच्छे प्रावधान किए गए हैं। ज्ञान के लिए गति की ओर अग्रसर बजट है, जो समावेशी विकास को प्रदर्शित करता है। राजनांदगांव जिले में एक नये 500 सीटर आवासीय स्कूल भवन के लिए प्रावधान किया गया है तथा नालंदा पुस्तकालय का प्रावधान किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री को साधुवाद दिया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा सुश्री लता साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हस्तलिखित यह सबसे बड़ा बजट है, जिसमें किसान, बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में रायपुर में नालंदा पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। वहीं छात्रवृत्ति योजना, केन्द्रीय पुस्तकालय, राज्य छात्रवृत्ति योजना के तहत 150 करोड़ रूपए तथा केन्द्रीय पुस्तकालय के लिए 115 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहारे ने कहा कि बजट में राज्य के शासकीय कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। अब शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा जो केन्द्रीय कर्मचारियों के बराबर है। शासकीय सेवकों को दिए गये सौगात से समस्त अधिकारी-कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ शासकीय अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं वित्तमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

डिजिटल को ध्वस्त और मोदी की गारंटी को पस्त करने वाला बजट - रूपेश दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छ ग सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक बजट डिजिटल के नाम पर पेश किया गया था वहीं अब मैन्युअल बजट पेश कर डिजिटल को ध्वस्त करने का प्रमाण छ ग सरकार ने दिया है सब्ज बाग से भरे इस बजट में मोदी की गारंटी जो भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र था वह पूरी तरह से पस्त हो गई है जिसका प्रमाण निम्नानुसार है महिलाओं को ?500 में गैस सिलेंडर देने की योजना का प्रावधान इस बजट में नहीं है ,रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में बालिका के जन्म पर डेढ़ लाख रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्रका प्रावधान गायब है दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना सहित छात्रों को कॉलेज आनेजाने के लिए डीबीटी के माध्यम से मासिक ट्रैवल एलाउंस की भी प्रावधान इस बजट में नहीं है, शक्तिपीठ योजना का जिक्र इस बजट से गायब है सरकार तुम्हर द्वार अंतर्गत डेढ़ लाख बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की बात करने वाली भाजपा इस बजट में यह प्रावधान भी नहीं रखी है, प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम एवं दशगात्र घाट निर्माण करने की मोदी की गारंटी में बात कही गई थी उसका भी प्रावधान इस बजट में नहीं है, गरीब श्रेणी के छात्र इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून व सी ए,प्रोफेशनल शिक्षा के लिए 50त्न छात्रवृत्ति का भी बजट प्रावधान नहीं किया गया है कुल मिलाकर यह बजट मोदी की गारंटी को पस्त करने वाला बजट है प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिजिटल भुगतान की बात करने वाली भाजपा सरकार ग्राम स्तर पर डिजिटल फ्रॉड को प्रश्य देने की योजना बनाकर इस बजट में अपनी कुमंशा को जाहिर किया है।

बजट सत्र में विधायक रोहित साहू की मांग पर कृषि महाविद्यालय के भवन हेतु मिली स्वीकृति

स्टेडियम व 200 बिस्तर अस्पताल की भी मिली सौगात

राजिम/नवप्रदेश। छग विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने जनहित से जुड़े अनेक विषयों को सदन के पटल पर रखा। सदन के माध्यम से जनहित से जुड़े मांगों को सरकार ने स्वीकार करते हुए करोड़ों रूपये की सौगात गरियाबंद जिले को प्रदान की। विधायक रोहित साहू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के द्वारा गरियाबंद जिले हेतु स्वीकृत किए गए कृषि महाविद्यालय के सर्वसुविधायुक्त भवन, समुचित स्थल चयन एवं कृषि के क्षेत्र में विकास हेतु अनुसंधान केंद्र के स्थापना के लिए सदन ने अपनी बात रखी। प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु लगभग 15 करोड़ रूपये के स्वीकृति की जानकारी दी तथा जल्द ही सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण अच्छे लोकेशन में बनाने की घोषणा की। इसके साथ ही इस बजट सत्र में गरियाबंद जिले में खेल सुविधाओं के विकास हेतु बहुद्देशीय स्टेडियम तथा 200 बिस्तर अस्पताल की भी सौगात मिली है। इन सभी सौगातों के लिए विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,वित्त मंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रियों का गरियाबंद जिलेवासियों व राजिम विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से आभार प्रकट किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि कृषि महाविद्यालय के भवन के अभाव में कृषि अनुसंधान व नवीन तकनीकों की जानकारी क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रही थी साथ ही कृषि स्नातक के छात्र-छात्राओं को भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व में डॉ. रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में इस कृषि महाविद्यालय की स्वीकृति व शुभारंभ हुआ था लेकिन विगत 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार के समय इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तथा कृषि प्रधान क्षेत्र को एक कृषि महाविद्यालय के भवन के लिए भटकना पड़ा था। अब प्रदेश में विकास करने वाली सरकार फिर से बनी है तो इस कृषि महाविद्यालय के भवन हेतु राशि भी स्वीकृत हुई है। सच्चे अर्थों में कहें तो ÷हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे÷ के ध्येय वाक्य को आज हमारी सरकार ने पुनः चरितार्थ किया है।

प्रदेश के विकास की एक नई गाथा लिखने वाला दस्तावेज–देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार 3 मार्च को छत्तीसगढ़ सरकार का वार्षिक बजट पेश किया गया । इस बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि वित्त मंत्री चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास÷ को आत्मसात करते हुए एक समावेशी बजट पेश किया गया है, जिसमें समाज के हर तबके के लिए कल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं । वित्त मंत्री चौधरी ने इस बजट से एक बार फिर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए गत वर्ष की तुलना में और बेहतर बजट प्रस्तुत किया है । निश्चित तौर पर इस बजट से प्रदेश का खजाना तो भरेगा ही साथ ही साथ हर वर्ग के हिस्से में भी खुशियां आएंगी, जो कि साय सरकार का उद्देश्य है ।

देवांगन ने कहा प्रदेश में विकासोन्मुखी बजट, भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान ही आता है, जिन्हें पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से पूरा भी किया जाता है जबकि दूसरी ओर कांग्रेस की भूपेश सरकार के 5 वर्ष के दौरान केवल खोखले वादे किए जाते रहे। कांग्रेस को आम जनता से वैसे भी कोई सरोकार नहां रहता । कांग्रेस शासनकाल के दौरान प्रदेश 5 वर्ष पीछे चल गया था,

जिसे साय सरकार बड़ी मुश्किल से न केवल पटरी पर लाई है बल्कि द्रुत गति से प्रदेश को विकास के पथ पर ले जा रही है।

देवांगन ने कहा बजट की विशेष बात यह है कि इसे पूरी तरह हाथों से लिखा गया है, जिससे हमारी पुरातन गरिमा को फिर से पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है । हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारा छत्तीसगढ़ पुरातन वैभव को साथ लेकर, विकसित भारत की पटरी पर दौड़ रहे इंजिन के डिब्बे में शामिल हो गया है । आज का बजट जनपेक्षाओं का बजट है, जिसे वित्त मंत्री चौधरी द्वारा सीएम साय के नेतृत्व व निर्देशन में तैयार किया गया है । इसके लिए सीएम साय और वित्त मंत्री चौधरी विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं ।

देवांगन ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी भले ही राजनीतिक द्वेषवश हर बार की तरह इस बजट की आलोचना करे, लेकिन हकीकत यही है कि आम जनता इस बजट से काफी प्रसन्न है ।

कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर कर रहे हैं आय में वृद्धि

गरियाबंद/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, गरियाबंद के तकनीकी मार्गदर्शन में कार्यरत ग्राम-चिचिंया, ब्लाक-देवभोग के प्रगतिशील कृषक अवनीश पात्र को विगत दिनों भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, पूसा में आयोजित कृषि विज्ञान मेला में ''नवोन्मेषी किसान'' (इनोवेटिव फार्मर) के रूप में सम्मानित किया गया है। श्री पात्र छत्तीसगढ़ से एक मात्र कृषक है जिन्हें इस पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। श्री पात्र ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर पान की खेती करना प्रारंभ किया।

श्री पात्र ने पूर्व में शेड नेट में पान उत्पादन का कार्य किया एवं बाद में कृषि वैज्ञानिकों के साथ मिलकर पान उत्पादन के लिये आवश्यक नमी तथा तापक्रम का अवलोकन कर, पान की खेती को आम के बगीचें में करना प्रारम्भ किया जिससे विगत 2 वर्षो से लगातार पान का व्यावसायिक उत्पादन कर रहे हैं। श्री पात्र कृशि एवं संबद्ध गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के इस पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। श्री पात्र को यह सम्मान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. हिमानंशु पाठक द्वारा प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि श्री अवनीश पात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के मार्गदशन में बिलौरी, बंगला, मीठा एवं कपूरी पान की किस्मों की खेती कर रहे हैं। श्री पात्र ने कृषि विज्ञान केन्द्र, गरियाबंद के मार्गदर्शन में समन्वित कृषि प्रणाली को अपनाया है जिसके अंतर्गत 3 एकड़ प्रक्षेत्र में अनाज वाली फसलें, 5 एकड़ प्रक्षेत्र में फलों की खती एवं 1 एकड़ प्रक्षेत्र में वानिकी तथा औषधीय तथा सुगंधित फसलों का उत्पादन कर रहे हैं। श्री पात्र फसल उत्पादन के साथ ही 22 गायें तथा 200 मुर्गी की क्षमता वाली पोल्ट्री फार्म का भी संचालन करते हैं जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त होती है। श्री अवनीश पात्र समन्वित कृषि प्रणाली को अपना कर प्रति वर्ष लगभग 15 लाख रूपये की आय प्राप्त कर कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने का आदर्श प्रस्तुत किया है। श्री पात्र को वर्ष 2023 में ''मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया'' तथा राज्य स्तर पर वर्ष 2019 में ''कृषि रत्न पुरस्कार'' से भी सम्मानित किया जा चुका है। श्री अवनीश पात्र की इस उपलब्धि हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं निदेशक विस्तार डॉ. एस.एस. टुटेजा ने बधाई एवं शुभकामनएं दी हैं।

गोड समाज लेवाई चक के सरपंच गणों का हुआ सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। लेवाई चक के समस्त मंत्रिमंडल द्वारा नवनिर्वाचित सरपंचों का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम कड़ार में किया गया जिसमें प्रमुख रूप से नरेश नेताम सरपंच ग्राम पंचायत निपानिया पुष्प लता ध्रुव लमती हीरामणि ध्रुव कड़ार गायत्री ध्रुव लेवाई ऋषि ध्रुव सेमराड़ी अंजू ध्रुव भरतपुर उपस्थित हुई। इस सम्मान समारोह के अवसर पर वार्षिक आय व्यय का लेखा भी प्रस्तुत हुआ। इस दौरान लेवाई चक मंत्री मंडल में नरेश कुमार नेताम अध्यक्ष नरेश मरावी दीवान कृपाराम छेड़ैया संरक्षक कार्तिक नेताम पंडा पुजारी बलराम ध्रुव मीडिया प्रभारी उमेश मरकाम महामंत्री शंभू ध्रुव सचिव गौरी शंकर उप सचिव संतोष नेताम कोषाध्यक्ष एवं चक के समस्त रायपंच उपस्थित हुए।

बजट | बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों का रखा गया खयाल : विधायक रोहित

हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे के ध्येय को चरितार्थ करने वाला बजट : रोहित साहू

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट सोमवार को सदन में पेश हुआ। राज्य का कुल बजट 1 लाख 60 हजार करोड़ का रहा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दूसरी बार बजट पेश किया। बजट को लेकर राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे सर्वहारा वर्ग के लिए हितकारी बताया और इसे हमने बनाया है हम ही सवारेंगे के ध्येय को चरितार्थ करने वाला बजट कहा।

उन्होंने इसे ऐतिहासिक बजट बताते हुए कहा कि ÷यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाने वाला है जिसमें सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। बजट में युवाओं के लिए विभिन्न सरकारी विभागों में नई नौकरियों का सृजन करने की घोषणा की गई है, जिससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। साथ ही, राज्य में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने और नई तकनीकी योजनाओं को लागू करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना का विस्तार किया गया है, जिससे लाखों महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। वहीं, किसानों के लिए नई कृषि योजनाओं और सिंचाई सुविधाओं में सुधार की घोषणाएं की गई हैं, जिससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को और भी अधिक प्रभावी बनाया गया है, जिससे बुजुर्गों को वित्तीय सहायता मिलेगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ÷श्री रामलला दर्शन योजना÷ की शुरुआत की गई है, जिससे श्रद्धालु आसानी से धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। इसके अलावा

राज्य में सड़क, रेल और डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए बड़े निवेश किए गए हैं। मुख्यमंत्री मोबाइल टॉवर योजना के तहत दूरस्थ इलाकों में मोबाइल नेटवर्क सुधारने के लिए कदम उठाए जाएंगे। वहीं, रायपुर-दुर्ग मेट्रो परियोजना के लिए विस्तृत सर्वेक्षण किया जाएगा।

राजिम विधायक रोहित साहू कहा यह विकास में मील का पत्थर

राजिम विधायक रोहित साहू ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि 卐मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जो विजन प्रस्तुत किया है, वह छत्तीसगढ़ को एक नए युग की ओर ले जाएगा। यह बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों और व्यापारियों के लिए लाभकारी साबित होगा।卐 उन्होंने विशेष रूप से खेल और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किए गए बजट प्रावधानों की प्रशंसा की और कहा कि इससे गरियाबंद जिले में खेलों को बढ़ावा मिलेगा। बजट में गरियाबंद जिले में बहुद्देशीय स्टेडियम, राजिम लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के विस्तार, न्यायालय हेतु भवन की स्वीकृति,राजिम में हायर सेकंडरी एवं कन्या हायर सेकंडरी स्कूल भवन,जिला जेल गरियाबंद में फुटपाथ मार्ग निर्माण व ओव्हर हेड वाटर टैंक निर्माण, कनसिंही मान्तरबाहरा केन्द्रा नाला में उच्च स्तरीय पुल निर्माण, 200 बिस्तर अस्पताल तथा कृषि महाविद्यालय के भवन हेतु 15 करोड़ रूपये की स्वीकृति शामिल है। विधायक रोहित साहू ने इसे गरियाबंद जिले के विकास में मील का पत्थर बताया।

निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुये एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व कर की प्राप्ति के लिये निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते हुये निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

वित्तय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नही होने पर कलेक्टर व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में (होली को छोडकर) राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेगे। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने कहा कि कर का भुगतान समय सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जावेंगी। साथ ही बडे बकायदारों का नल विच्छेदन व कुर्की की कार्यवाही की जावेगी। आयुक्त विश्वकार्म ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर, जलकर समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर आर्थिक भार से बचे।

भाजपा ने कहा प्रदेश को मिलेगी विकास की गति, कांग्रेस बोली, होगी दुर्गति

श्रेष्ठ बजट : किरणदेव सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है। श्री देव ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। श्री देव ने कहा इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा ,वनवासी क्षेत्र , आदिवासी अंचल , जहां पर विकास की अनेक संभावनाएँ हैं, उसे उचित स्थान दिया गया है। देव ने कहा इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से हो, मातृ शक्तियों का सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से हो चाहे किसान भाइयों के लिए हो और उद्योग की दृष्टि से चाहे वह बड़े उद्योग हो लघु उद्योग हो मध्यम उद्योग हो ,इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पाँचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए है, जो बजट में घोषित योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित हुई हैं।

प्रगति वाला बजट : चिमनानी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने प्रदेश की भाजपा सरकार के दूसरे पूर्ण बजट प्रस्ताव को विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का उद्घोष निरुपित किया है।

साय के सुशासन की देन : अनुराग

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश सरकार की आधारभूत संरचना के कार्यों के प्रति संजीदगी को प्रदर्शित करता है।

भरोसे वाला बजट: मरकाम

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा है कि यह बजट सुशासन और अंत्योदय को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट है। जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी प्रभावी लाभ प्रदान करने वाला है। यह बजट आदिवासियों के समावेशी विकास को लक्ष्य में रखकर जारी किया गया है।

नए रोजगार होंगे सृजित: संजय

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार को बजट प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की घोषणा करके 46 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में सूक्ष्म और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को आर्थिक सहायता मिलेगी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तार से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए रोजगार सृजित होंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं को ऊंचाई देगा : रोहरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने इस बजट में न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए 5,326 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 1800 करोड़, डॉ आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग के विस्तार के लिए 10 करोड़ और डॉ भीमराव आंबेडकर अस्पताल में उपकरणों के लिए 20 करोड़ का प्रावधान करने के साथ ही सरोना रायपुर में 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की घोषणा करके प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधा से समृद्ध बनाने का काम कर रही है।

सभी वर्गों का उत्थान : मार्कण्डेय

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला बजट है। बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है।

सहायता समूहों और महिला उद्यमियों के लिए एक बड़ा अवसर शालिनी राजपूत

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास के लिए 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान करके प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय दिया है। नए आंगनबाड़ी बनाने 42 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नारी शक्ति के उत्त्थान के लिए संकल्पित प्रदेश सरकार ने इस वर्ष नारी के उत्थान के लिए 5 हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश के विकास का ध्यान : प्रदेश चेम्बर

प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन रायगढ़ अध्यक्ष हीरा मोटवानी एवं महामंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज जो बजट पेश किया है वह भी दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यह बजट आने वाले दिनों में प्रदेश की तरक्की में अपनी भूमिका अदा करेगा।

विकास की गति का बजट : अमित :

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास की नई गाथाएं लिख रहा है, इसी कड़ी में छत्तगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा आज प्रदेश का बजट प्रस्तुत किया गया है!

जनता तो छोड़िए, भाजपा को समझ नहीं आया : भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में साय सरकार ने आज 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए का 25वां बजट पेश किया किया। जिसमें विभिन्न योजनाओं और क्षेत्रों के लिए घोषणा की गई है. बजट को लेकर विपक्ष की प्रतिक्रया सामने आई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के लंबे बजट भाषण को पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सिंगल माइक पॉडकास्ट बताया। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे छत्तीसगढ़ के विनाश का बजट है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया ङ्ग पर साय सरकार के नए बजट को लेकर पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा कि ये था क्या, ये बजट भाषण था या गणतंत्र दिवस का भाषण था या किसी कवि सम्मेलन की भूमिका थी? ये था क्या? ये जनता तो छोड़िए, भाजपा के लोगों को खुद समझ नहीं आया होगा।

बजट छलावा नेता प्रतिपक्ष : महंत

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने बजट को प्रदेश की जनता के साथ छलने वाला बजट बताया है। सरकार को घेरते हुए महंत ने कहा कि आंखों की जादूगरी कर फायदे गिनाने की कोशिश की जा रही है जबकि फायदा किसी को नहीं मिलने वाला है।

बेहद निराशाजनक बजट : दीपक बैज

छत्तीसगढ़ के बजट 2025-26 को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की भी प्रतिक्रया सामंने आ गई है। उन्होंने सरकार के बजट को छत्तीसगढ़ के विनाश का बजट बताया है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नहीं बल्कि विनाश के लिए है. यह बजट कोरी कल्पना है. इस बजट में न तो कोई नीति है और न कोई विजन. पिछले बजट का एक भी पैसा गांव ओर शहरों तक नहीं पहुंचा है. यह बजट पूरी तरीके से दिशाहीन और विनाशी बजट।

महिला सुरक्षा पर बजट में कुछ नहीं: वंदना

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार का दूसरा बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक है। जो सिर्फकागजों का ही शोभा बढ़ाता है धरातल पर बिल्कुल शून्य है। प्रदेश की महिलाओं को इस बजट से यह विश्वास था कि महिला सुरक्षा और महिलाओं के रोजगार पर कुछ विशेष पैकेज रहेगा लेकिन इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं रहा।

दिशाहीन बजट : अजय गंगवानी

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अजय गंगवानी ने कहा कि आज वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी जी ने पौने दो घंटे तक छत्तीसगढ़ का आम बजट पेश किया, छत्तीसगढ़ की आम जनता, छग का युवा, महिला,गरीब, अन्नदाता किसान, आदिवासी एक उम्मीद, एक आशा लेकर इस बजट को ध्यान से देख रहा था, कि इस बजट में उनके लिए कुछ खास होगा, कोई घोषणा होगी, कोई योजनाएं होगी, परंतु सांय सरकार के इस बजट का पिटारा पूरी तरह खाली था, किसी के हाथ कुछ नहीं लगा. हर वर्ग निराश है और अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहा है. यह बजट पूरी तरह उनकी आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के विपरित रहा।

पीएम आवास पर झूठा श्रेय : सुशील

: साय सरकार के दूसरे बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि केवल ठगी और जुमलेबाजी के अलावा इस बजट में किसी के लिए कुछ भी नहीं है। महतारी वंदन योजना में लाखों की संख्या में पात्र हितग्राही योजना के लाभ से आज भी वंचित है लेकिन केवल 5500 करोड़ का बजट प्रावधान भाजपा सरकार के दुर्भावना का प्रमाण है। यदि सरकार की नियत सही होती और नए हितग्राहियों को शामिल करने की मंशा होती तो महतारी वंदन योजना के अंतर्गत कम से कम 10 हजार करोड़ का बजट प्रावधान किया गया होता।

अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में शोध को बढ़ावा : डेका

राज्यपाल रमेन डेका की विशेष पहल पर अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में शोध एवं अध्ययन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राज्य शासन के वर्ष 2025-26 के बजट में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में श्रीमंत शंकर देव अनुसंधान पीठ की स्थापना के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में आईटी आधारित एमआईयू प्रयोगशाला के लिए 1.71 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इससे अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी। इस संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि शोध एवं अध्ययन समाज के बौद्धिक विकास की नींव होते हैं। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में ज्ञान-विज्ञान को बढ़ावा देने और स्थानीय ज्ञान परंपराओं के दस्तावेजीकरण के लिए श्रीमंत शंकर देव अनुसंधान पीठ की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है।

राहत रियायत गायब : सुरेंद्र वर्मा

छत्तीसगढ़ बजट 2025 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आज प्रस्तुत साय सरकार के दुसरे बजट में पिछले वादों को भुला दिया गया है, न 1 लाख नई सरकारी नौकरी का ज़िक्र, न अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का कोई रोड़मैप, न 500 में सिलेंडर याद रहा न, बेरोज़गारी भत्ता और न ही छात्रों को बस का फ्री पास। वित्तमंत्री टोपी चौधरी केवल तुकबंदी करते रहे, मोदी की पुरानी अधूरी गारंटीयों पर मौन रहकर केवल झूठा यशोगान करते रहे, दूसरी सरकारों के कार्यों और योजनाओं का श्रेय खुद ही ले लिए।

महिला महापौर पूजा विधानी की दैनिक नवप्रदेश से विशेष बातचीत

शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए शहरवासियों को भी देना होगा योगदान

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और उनकी सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर : पूजा विधानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। *शहर की दूसरी महिला महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि शहरवासियों को भी अपना योगदान देना होगा और तभी हम सबका एक सुंदर और स्वच्छ शहर की परिकल्पना साकार हो सकती है। हम सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए शहर हित में कार्य करें, गंदगी ना फैलाएं, आसपास स्वच्छता बनाए रखें। आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव पूर्व जो घोषणा पत्र जारी कर वादा किए हैं उन्हें हम प्रमुखता से पूरा करेंगे। महिलाओं के लिए श्रीमती विधानी ने कहा कि सभी वार्डों में प्रयास किया जाएगा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाए यह सारे कोर्स व्यावसायिक होंगे, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनेगी, महिलाओं को कोई व्यवसाय शुरू करने के लिए मदद की आवश्यकता होगी तो उन्हें आर्थिक मदद भी दिया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमारी सरकार गंभीर है। इस तरह नगर पालिका के समस्याओं और विकास को लेकर कई सवालों के साथ दैनिक नवप्रदेश बिलासपुर के सीनियर रिपोर्टर रितु साहू ने आज श्रीमती पूजा अशोक विधानी से बातचीत की। प्रस्तुत है जिसके प्रमुख अंश.........*

रितु साहू

सवाल: बिलासपुर को सुंदर तो बनाना ही है पर उसके साथ चुनाव के दौरान आपके जेहन में ऐसी क्या समस्या नजर आई जिसे आप सबसे पहले समाधान करना चाहती हैं?

जवाब:: पिछले 5 साल प्रदेश और नगर में दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी इसके बावजूद शहरवासी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे। पेयजल की समस्या का निराकरण कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई। मेरी सबसे पहली प्राथमिकता होगी रुके हुए टेंडर को बढ़ाना। इसके साथ ही गर्मी के मौसम आने के पहले ही उससे जुड़े संभावित समस्याओं का समाधान करना होगा। अक्सर देखा जाता है गर्मी शुरू होने के साथ ही पेयजल संकट बढ़ जाता है, इस समस्या को दूर करने का प्रयास शुरू कर चुकी हूं। हालांकि इस बार मुझे भी थोड़ी देरी हो चुकी है, इस समस्या को गर्मी से पहले ही दूर करने की कोशिश होनी चाहिए थी, लेकिन बारिश में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उसके निराकरण की पहल मैं गर्मी में ही शुरू कर दूंगी जिससे बारिश के दिनों में जल भराव की स्थिति होती है उस से शहरवासियों को परेशान ना होना पड़े।

सवाल: महिलाओं की सुरक्षा को लेकर क्या नया करने सोचें हैं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए शहर के सभी वार्डों में सीसीटीवी लगाने का विचार कर रही है?

जवाब:: अटल विकास पत्र के हर बिंदु पर काम होगा सीसीटीवी लगाने के लिए आसपास के लोगों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। निगम द्वारा भी प्रत्येक वार्ड के खंभों में सीसीटीवी लगाने की योजना बनाई जाएगी, इसके साथ व्यापारियों और रहवासियों को सीसीटीवी लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। अक्सर देखा जाता है सीसीटीवी लगे होने से सुरक्षा के साथ अगर कोई घटना होती है तो उसकी जानकारी भी जल्द मिल जाती है, हम सभी को सहयोग करके सुरक्षित बिलासपुर बनाना है।

सवाल: दिनदहाड़े असामाजिक तत्व गली-मोहल्ले, बाजार में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने से बाज नहीं आते हैं खासकर शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास जमावड़ा रहता है क्या सिविल ड्रेस में पुलिस तैनात करने की कोई योजना है ?

जवाब:: अभी तक मेरे पास इस तरह की कोई भी शिकायत नहीं आई है आवश्यकता पड़ने पर सभी शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास सिविल ड्रेस में पुलिस की तैनाती भी की जाएगी। मैं एक महिला हूं और महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने वाली।

सवाल: नगर निगम की दूसरी महिला महापौर होने के नाते आपकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है, साफ सफाई नाली बिजली पानी के अलावा ऐसा कौन सा काम है जिसे आप पदभार संभालते ही करना चाहेंगी?

जवाब:: शहर में वर्किंग लेडीज की सबसे बड़ी समस्या होती है टॉयलेट। महिलाएं विभिन्न संस्थाओं में काम करती है। कई जगह पर उन्हें बेहतर साफ सुथरा टॉयलेट की व्यवस्था नहीं मिल पाती है, कई बार महिलाएं बाजार या किसी काम से शहर में निकलते हैं तो भी उन्हें वॉशरूम के लिए बहुत परेशान होना पड़ता है। वॉशरूम से होने वाली दिक्कतों को देखते हुए ही महिलाएं लंबे समय अगर घर से बाहर हैं तो पानी पीने से भी बचती है जिसका सीधा असर उनके सेहत में पड़ता है मेरे सबसे पहले योजना है कि शहर के सभी वार्डों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पिंक टॉयलेट बनाया जाए।

सवाल: भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून भी बनेगा और सभी पट्टाधारकों को भू-स्वामी बनाएगी एवं पक्का मकान बनाकर निवासियों को मालिकाना हक देंगे?

जवाब:: घोषणा पत्र में कहीं सारी बातों को हमें धीरे-धीरे पूरा करना है, भाजपा चुनावी वादे नहीं करती है भाजपा द्वारा पट्टा भी दिया जाएगा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ढाई लाख रुपए की सहयोग राशि भी दी जाएगी। इसके साथ ही घोषणा पत्र के सारे बिंदुओं को पूरा करने के लिए हम रणनीति बनाकर तैयारी शुरू करेंगे।

सवाल: महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बिलासपुर नगर निगम कोई समूह जैसी योजना लाएगी या महिलाओं की स्किल डेवलपमेंट के लिए क्या कारगर कदम उठाएगी?

जवाब:: सभी वार्डों में प्रयास किया जाएगा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाए यह सारे कोर्स व्यावसायिक होंगे, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनेगी, महिलाओं को कोई व्यवसाय शुरू करने के लिए मदद की आवश्यकता होगी तो उन्हें आर्थिक मदद भी दिया जाएगा, कोर्स का प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

सवाल: वार्डों में सफाई का ठेका परंपरागत ठेकेदारों के बजाय महिलाओं को देने की कोई योजना है क्या?

जवाब:: बिल्कुल वार्डों में साफ सफाई का ठेका महिला स्व-सहायता समूह को दिया जाएगा महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए रेडी-टू-इट मध्यान्ह भोजन जैसे काम भी महिला समूह को ही दिया जाएगा उनका संचालन करने में अगर किसी भी तरह की कोई दिक्कत आएगी तो उसका निवारण भी किया जाएगा।

सवाल: परित्यकता, विधवा महिलाओं के पेंशन में बढ़ोतरी होने की कोई गुंजाइश है?

जवाब:: महिलाओं को अभी सरकार की तरफ से महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इस योजना के तहत जोड़े।

सवाल: महतारी वंदन की तरह बिलासपुर की महिलाओं के लिए कोई शैक्षणिक के आर्थिक मदद की योजना है क्या?

जवाब:: जिन महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है उन्हें बेहद ही आसान तरीके से 25 हजार तक का लोन स्वीकृत किया जा रहा है इस लोन की किश्त भी महतारी वंदन योजना के प्रति महीने आने वाली राशि से की जाएगी।

सवाल: नगर निगम में रिक्त पदों पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा या नहीं?

जवाब:: शासन के नियमानुसार महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा। नगर निगम में महिला अधिकारी-कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारा काम है जो आरक्षण के नियम हैं उसके अनुसार योग्य महिलाओं को नगर निगम में आरक्षण पद का लाभ मिलेगा।

सवाल: शहरवासियों को आप क्या संदेश देना चाहती हैं?

जवाब:: सभी शहरवासियों से मैं अपील करूंगी कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए वह भी अपना योगदान दे, एक सुंदर और स्वच्छ शहर की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है जब हम सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए शहर हित में कार्य करें, गंदगी ना फैलाएं, आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

न्यूज गैलरी

एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आज

धमतरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने तथा कोटपा एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 4 मार्च को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल.कौशिक ने बताया कि सुबह 11 बजे से यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला सीएमएचओ कार्यालय के प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

लाईवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में अनआर्मड सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास पुरूष आवेदक आगामी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर नियोजन किया जाएगा। आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

आवेदन 31 तक आमंत्रित

बालोद।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के गुरूर, डौण्डी एवं दल्लीराजहरा में परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालन हेतु 31 तक आवेदन आमंत्रित की गई है।

आयोजन में महिलाओं की अपार भीड़ ने सबको रोमांचित कर दिया

आदिवासी ध्रुव गोंड़ महासभा का चुनाव सर्वसम्मति पदाधिकारियों का मनोनयन

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी का 69 वां महासभा ग्राम गोरेगांव में शूक्रवार को भारी भीड़ भरे वातावरण में सम्पन्न हो गया।ध्रुव गोंड़ के पांचों वंश का ध्वज एवं कलश स्थापना कर श्री बुढ़ादेव की स्तुति की गई।खुशियों और उमंगों के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में महिलाओं की अपार भीड़ ने सबको रोमांचित कर दिया। आकर्षक आदिवासी वेशभूषा से सुसज्जित कन्याओं ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को अभिभुत कर दिया। आदिवासी समुदाय को प्राप्त संवैधानिक अधिकार की जानकारियां इस सम्मेलन की खास विषयवस्तु थी। विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नीलू छेदैहा ने आदिवासियों को प्राप्त संवैधानिक जानकारियां प्रस्तुत कर काफी सुर्खियां बटोरी। जिलाध्यक्ष माधव ठाकुर ने मजबूत सामाजिक संगठन को सदैव कायम रखने का आग्रह करते हुए कहा कि धमतरी जिले के समस्त तहसीलों के साथ निहित औपचारिक संबंध बेहद प्रशंसनीय है।जिले का सामाजिक सौहार्द बेहद अनुकरणीय है। धमतरी तहसील अध्यक्ष जयपाल ठाकुर ने नशे के कारण महिलाएं सुरक्षित नहीं है।हम महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने नशामुक्त समाज की स्थापना पर जोर दिया। व्यस्तता के कारण मुख्य अतिथि अम्बिका मरकाम के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित भानेन्द्र ठाकुर ने खचाखच भीड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज विशेष की ऐसी सामाजिक भीड़ पहली बार देख रहा हुं। उन्होंने संगठित समाज की सफ्लता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज की मांग पर विधायक महोदया के निर्देश पर कार्यक्रम स्थल ग्राम गोरेगांव में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की।शशि ध्रुव ने नारी पढ़ेगी विकास गढ़ेगी,शैल्य नेताम ने महिलाओं की सामाजिक सहभागिता, उमाशंकर नागवंशी ने युवाओं को अपनी केरियर पर विशेष केंद्रीत करने , तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव ने हमारी संस्कृति हमारी पहचान तथा शशिकला ने नेताम ने समाजिक कुरितियों पर बखूबी प्रकाश डाला।समाज विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए नरेश छेदैहा ,जितेंद्र ध्रुव और टिकेश्वर ध्रुव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समस्त प्रभाग के पदाधिकारियों को 5 वर्षीय कार्यकाल पूरा करने के अवसर पर उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम गीत नृत्य और प्रेरक उद्बोधनों से सुसज्जित था जिसमें समाजिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया।इस महासभा के विषयों का स्वरूप कुछ अलग ही था।

इसमें समाज अपने पदाधिकारी का चुनाव रूढ़ि प्रथा से करता है। इसमें रूढ़ि प्रथा से समस्त प्रभाग के पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। तहसील अध्यक्ष छेद प्रसाद कौशिल ने अपने दस वर्षीय कार्यकाल पुरा करने में समाज से मिले अपार सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समिति भंग किया तत्पश्चात पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी,कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव महासचिव नरेश छेदैहा सहसचिव पुरन नेताम, वित्त सचिव मानिक लाल नेताम, संचालक हुलास सुर्याकर, सर्वाराकार अवधराम मरकाम धनराज ध्रुव, विष्णु भास्कर, तथा संरक्षक छेद प्रसाद कौशिल, तुलाराम ओटी,लोकेश मरकाम, धनसिंह नेताम चुने गए हैं।

महादेव के भजनों में देर रात तक झूमे साल्हेवारपारा के श्रद्धालु

■ गाड़ा समाज और सनातन सेना के द्वारा शिवरात्रि पर हुआ भजन संध्या का आयोजन,

धमतरी/नवप्रदेश। गाड़ा समाज साल्हेवारपारा एवं सनातन सेना धमतरी के द्वारा साल्हेवारपारा सुगम तालाब के पास ओंकारेश्वर महादेव के मंदिर का स्थापना महाशिवरात्रि के पावन अवसर किया गया, स्थापना के आयोजन के दौरान तीसरे दिवस भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्री श्याम संकीर्तन मंडली की मनमोहक प्रस्तुति हुई । भजन संध्या में मुख्य रूप से सनातन सेना धमतरी प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, गोपाल साहू, लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार, जतिन देवांगन, आशीष शर्मा उपस्थित हुए। दीपक सिंह ठाकुर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वार्ड से मेरा पुराना रिश्ता रहा है मेरे पिता जी जालमपुर स्कूल में काफी समय तक शिक्षक रहे है , यहां पर निवासरत बहुत से लोग होंगे जो उनके द्वारा पढ़ाए होंगे । उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज गाड़ा समाज के द्वारा और इस वार्ड के सनातनी भाइयों के द्वारा अथक प्रयास से महादेव के इस भव्य मंदिर का स्थापना हुआ है, निचले तबके के सीमित साधन संसाधन के साधन अपना जीवन यापन करने वाले लोगों के द्वारा यह पुनीत कार्य किया जा रहा है । श्री सिंह ने श्री श्याम संकीर्तन परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा लगातार निस्वार्थ भाव से भजन संध्या अलग अलग स्थानों में किया जाना है इनके माध्यम से इस पुनीत कार्य से लोगों को प्रभु की भक्ति से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं । उन्होंने कहा कि आज हमारे सनातन सेना से इस वार्ड की महिलाएं भी जुड़ी है और सभी वार्डो वासियों ने संकल्प लिया है कि इस तरह से धर्म के आयोजन और धर्म की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे ।

256 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 10 मार्च को

धमतरी/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी आगामी 10 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक बीमा सखी, सिटी कैरियर एजेन्ट, रूरल एजेंट, नॉर्मल एजेंट एवं हेड कुक, इलेक्ट्रीशियन और सिक्योरिटी गार्ड सहित कुल 256 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक और आईटीआई उत्तीर्ण हो, वे इस साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए आवेदक सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति, निवास, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

कांग्रेसी पार्षदों का आज होगा शपथ ग्रहण, अधिकारी ने गलती स्वीकारी

धमतरी/नवप्रदेश। आज नगर पंचायत आमदी में दिनांक 03 मार्च सोमवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदो का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत आमदी द्वारा प्रोटोकॉल कि अवहेलना करते हुए शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण कार्ड में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विधायक से बड़े महापौर को बताया गया हैं जो एक संवैधानिक पद का अपमान हैं साथ मे शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जो पोस्टर लगा था ऐसा लग ही नहीं रहा था कि ये एक प्रशासनिक कार्यक्रम हैं इस कार्यक्रम के पोस्टर में बीजेपीकरण करते हुए बीजेपी के कार्यकर्ताओ का फोटो व झण्डा लगाया गया था मगर विधायक का फोटो नहीं लगाया गया था जो निश्चित ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत आमदी द्वारा पंचायत राजनीतिक दबाव में आकर किया गया निंदनीय कृत्य हैं जो एक प्रशासनिक अधिकारी को शोभा नहीं देता। इस नींदनीय प्रशासनिक कार्य को देखते हुए विधायक जैसे संवैधानिक पद के गरिमा का सम्मान करते हुए कांग्रेसी पार्षदों ने शपथ ग्रहण समारोह का विरोध करते हुए नगर पंचायत आमदी में धरना प्रदर्शन किया और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए। जिसको लेकर पार्षदो ने मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौपा इस आवेदन को नगर पंचायत अधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए अपनी गलती स्वीकार करते हुए कांग्रेसी पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह अलग से 4 मार्च मंगलवार को सांस्कृतिक कला मंच में आयोजित करने का निर्णय लिया। कांग्रेसी पार्षदो ने मिडिया से चर्चा करते हुए कहा इस तरह त्रुटिपूर्ण निंदनीय प्रशासनिक कार्यक्रम भविष्य में आयोजित नहीं होनी चाहिए। पार्षदो ने कहा इससे पहले भी धमतरी नगर निगम में भी कमिश्नर के द्वारा कार्ड पर विधानसभा धमतरी के प्रथम नागरिक का नाम नहीं था हलाकि कि बाद में अलग से कार्ड छापया गया जिसमें धमतरी एवं सिहावा विधायक का नाम अतिथि में डाला गया।

गिरौदपुरी मेला तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। 4 से 6 मार्च 2025 तक गिरौदपुरी में आयोजित होने वाले विशाल मेला एवं संत समागम मंगलवार से शुरू हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को मेला स्थल पहुंचकर मेले में क़ानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की अंतिम तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आम लोगों की मौजूदगी के मद्देनजर क़ानून व्यवस्था एवं लोगों की सहूलियत को चुस्त- दुरुस्त रखने अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर नें पेयजल,टैंकर, फायर ब्रिगेड,एनीकट में जल भराव, विद्युत, भोजन, चिकित्सा, एम्बुलेंस, साफसफाई, सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपेड, कंट्रोल रूम, शौचालय, स्नान घर, वाहन पार्किंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से सौपे गए जिम्मेदारी क़ा तत्परता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये। मेला में कानून व्यवस्था संभभालने राज्य स्तर से ड्यूटी लगाए गये राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियो की भी विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि इस बार मेला में कई सुविधाओं का विस्तार किया गया है ।

निधन

कन्हैया लाल नवरंग

नगरी/नवप्रदेश। गांव छिपली के निवासी चिताराम नवरंग के पुत्र कन्हैया लाल नवरंग उम्र-40 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया परिवार का आर्थिक स्थिति कमजोर है जिसकी सूचना समाज सेवी सन्नी छाजेड, अनिल वाधवानी , गुरु प्रसाद साहू, पुनम प्रजापति, खेमराज साहू तक पहुंचा तो तत्काल दु:खद परिवार के घर जाकर राशन समान, तेल, दाल, चावल , आलु. प्याज, आटा और आर्थिक सहयोग किया गया।

न्यायालय तहसीलदार बेलरगांव जिला-धमतरी

उद्घोषणा

ग्राम लिखमा, प.ह.नं. 46 तहसील बेलरगांव
क्रमांक 36/तह./वा-1/2025
बेलरगांव, दिनांक 08/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिक के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका पल्लवी नेताम पति श्री जितेन्द्र प्रसाद जाति गोंड़ निवासी लिखमा प.ह.नं. 46 तहसील बेलरगांव जिला धमतरी द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के समस्त दस्तावेजों/आधार कार्ड/पेन कार्ड/शालेय दस्तावेजों में उसका नाम राधा सामरथ पिता मोतीराम सामरथ जाति गोंड़ निवासी पलारीखार पोस्ट गट्टासिल्ली थाना दुगली तहसील बेलरगांव दर्ज है। आवेदिका की शादी दिनांक 29.04.2024 को जितेन्द्र प्रसाद नेताम के साथ हुई है तब से राधा समरथ के स्थान पर पल्लवी नेताम पति श्री जितेन्द्र प्रसाद नेताम जाति गोंड़ निवासी लिखमा पोस्ट घुटकेल थाना बोराई तहसील बेलरगांव से जानी एवं पहचानी जाती है, तब से उसका नाम पल्लवी नेताम है। राधा सामरथ के स्थान पर पल्लवी नेताम पति श्री जितेन्द्र प्रसाद नेताम जाति गोंड़ निवासी लिखमा तहसील बेलरगांव से नाम सुधार हेतु न्यायालय में आवेदन पेश करने पर प्रकरण विचाराधीन हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा, आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 23/03/2025 तक अनिवार्य रूप प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
बेलरगांव (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17942 दिनांक 03.02.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N00127 जो कि निगम अभिलेख में श्री MS. AMISHA IN SKY CREATION DWARA-AKHILESH AGRAWAL पिता श्री LATE R.L. AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SAVITRI SHARMA पिता/पति श्री SHREE MITHILESH KUMAR SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दो दिवसीय भव्य कबीर सत्संग समारोह आज से

नगरी/नवप्रदेश। सप्तऋषियों के पावन धरा चित्रोत्पला गंगा महानदी एवं सीतानदी के पावन गोद में बसा पावन ग्राम बेलरगांव में 4एवं 5 मार्च दिन मंगलवार ,बुधवार दो,दिवसीय भव्य कबीर सत्संग समारोह का आयोजक समय 1बजे से शाम5बजे तक बस स्टैंड बेलरगाँव के बाजू मे किया गया है ।जिसमें मानवतावादी सिद्धांत के प्रवर्तक एवं सत्य की राह दिखाने वाले संत सम्राट सद्गुरू कबीरसाहेब जी के वाणी को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय संत परम पुज्य असंग देव जी साहेब उ. प्र. से अपने संत मण्डली सहित पधार रहें है। जिसमे अधिक से अधिक संख्या मे पधारकर सत्संग सेवा का लाभ लें कबीर सत्संग समिति बेलर गांव नगरी सिहावा द्वारा अपील की गई है। जिसकी तैयारी में जुटे हुए समिति के पदाधिकारी व सदस्य चमरू राम साहू,ए एल बनपेला, कंवल राम साहू, प्रकाश चंन्द्र साहू, पी डी कुलतेशवर, प्रकाश सेन, अमर सिह पटेल, हीरालाल देवागन, खेमन साहू, भुपत साहू, बलदेव साहू,चुन्नुलाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू,आदि उपस्थित थे।

कार्य की गुणवत्ता को लेकर महापौर ने ठेकेदार को लगाई फटकार

धमतरी/नवप्रदेश। महापौर रामू रोहरा ने आज बिलाई माता मंदिर के पास लग रहे चेकर की गुणवत्ता को लेकर संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर समझाईश दी। रोहरा ने अधिकारियों को कार्यस्थल पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि काम में गुणवत्ता बर्दाश्त नहीं किया जाएगाशपथ ग्रहण के पश्चात नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा पहले कार्यालयीन दिवस पर आज निगम पहुंचे और पहले दिन ही वे एक्शन मोड पर नजर आए। पहले दिन ही उन्होने निगम के अधिकारी-कर्मचारियों व ठेकेदारों को संदेश दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज महापौर रामू रोहरा निर्धारित समय पर निगम कार्यालय में पहुंचे जिसके बाद वे गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत की पड़ताल करने निकले। इस दौरान विंध्यवासिनी मंदिर के पास बनाए जा रहे फुटपाथ जिसमें पेवरब्लाक लगाए जा रहे है। जिसकी पड़ताल की। जिसमें गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत सही मिली। जिस पर महापौर ने मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.18691 दिनांक 02.03.2025
वार्ड का नाम- 19-डा.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19स्थित मकान/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802B00683 जो कि निगम अभिलेख में श्री/ श्रीमती Rohit Kumar Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Sunder Lal Sahu के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती S Laaxmi Devi पिता/पति श्री/श्रीमती S Chandrashekhar Rao ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./557/निविदा/लो.नि.वि./2025 भिलाई-चरौदा, दिनांक 21.02.2025

।। मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा क्षेत्र में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों /पंजीकृत फर्मों/ एजेंसी द्वारा निम्नानुसार कार्य हेतु दिनांक 21.02.2025 से दिनांक 17.03.2025 समय- सायं 5.30 बजे तक मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (रु. लाख में)
1	2	3
1	MCC योजनान्तर्गत निकाय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वर्दी क्रय कार्य में कार्यरत कर्मचारियों के लिए वर्दी क्रय कार्य	रु. 12.06

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सीधे नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा की वेब-साईट www.nagrnigambhilaicharoda.com से डाउनलोड कर निविदा की अंतिम तिथि तक कार्यालय में रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा/स्वीकार किया जावेगा। अंतिम तिथि के बाद निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

"प्रकृति को क्षति न पहुचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए"

CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN- 22AADCC5773EIZX

CSPTCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांस कं. लिमि.
(छत्तीसगढ़ शासन की एक उपक्रम)
कार्या. कार्यपालन अभियंता, मी.रि.परी. संभाग भिलाई
विद्युत कंपनीज परिसर, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ पिन नं. 490021
वेबसाईट ई-मेले- eemrt-bhilai@cspc.co.in टेलीफैक्स- 0788-2281219
क्र. 10-71/Pur/1176 भिलाई, दिनांक 03.03.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

*** SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन में अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु ***

कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlier Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत/ उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

क्र.	विवरण	संख्या	निविदा का मूल्य	बयाना राशि
1.	कार्यपालन अभियंता (एम.आर.टी.) संभाग, भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 1 नग SUV (earlir Jeep) श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध **(तीन वर्ष)** हेतु.	1 नग	रु. 1695/- + 18 प्रतिशत जीएसटी = रु. 2000/- (वापसी योग्य नहीं)	रु. 20118/- वापसी योग्य
अ	निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय		दिनांक 26.03.2025, समय 17:00 बजे तक	
ब	निविदा जमा करने की तिथि व समय		दिनांक 27.03.2025, समय 15:00 बजे तक	
स	निविदा खोलने की तिथि व समय		दिनांक 27.03.2025, समय 16:00 बजे	

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।

संवाद- 43080/2
कार्यपालन यंत्री
मीटर रिले परीक्षण संभाग
छ.स्टे.पा.ट्रांस, क.लिमि. भिलाई

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ---- ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सिद्धि श्रीश्रीमाल पति श्री विकास कुमार अन्य 01 निवासी ग्राम बालोद तहसील व जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 242/24 रकबा 0.036 हे. में से 0.0225 कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.0225 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी 1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/ दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 05/03/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 18.02.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद जिला बालोद

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग)

क्र./मंडी/निर्माण/2024-25/1690 गरियाबंद, दिनांक 01.03.2025

-:: मैन्युअल निविदा आमंत्रण हेतु संशोधित सूचना ::-

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद द्वारा आमंत्रित मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/मंडी/निर्माण/ 2024-25/ 990 गरियाबंद दिनांक 30.12.2024 की निर्धारित तिथियों में नगरीय निर्वाचन/ पंचायत निर्वाचन/ पंचायत निर्वाचन हेतु आधार संहिता प्रभावशील होने के कारण तत्समय निविदा की कार्यवाही यथा स्थिति में स्थगित की गयी थीं। आचार संहिता अप्रभावशील होने से आमंत्रित निविदा सूचना में निर्धारित तिथियों निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 05/03/2025 अपरान्ह 5.30 बजे।
2. निविदा विक्रय की अंतिम तिथि :- 19/03/2025 अपरान्ह 5.30 बजे।
3. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 25/03/2025 अपरान्ह 5.30 बजे।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 26/03/2025 अपरान्ह 1.30 बजे।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.) — संवाद-43061 — भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank — **ट्रांसपोर्ट नगर शाखा, रायपुर (छ.ग.)**

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री मनोज सोनी (ऋणी) पुत्र रामपाल सोनी, मकान नं. 923/4, कटोरा तालाब, रायपुर-492001. **श्रीमती लक्ष्मी सोनी (सह ऋणी) पत्नी मनोज सोनी**, मकान नं. 923/4, कटोरा तालाब, रायपुर- 492001. **मैसर्स आयुष एजेंसी, मालिकः श्री मनोज सोनी**, कटोरा तालाब, सिविल लाइन्स, वार्ड नं. 28, महर्षि वाल्मिकी रायपुर- 492001.	खसरा नं. 238/1, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड एलआईजी-II/387, स्लाइस-II, पी.सी. नं. 103/35, आरएनएम- रायपुर 1, मौजा- जरवाय (हीरापुर)- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वीर सावरकर नगर वार्ड नं. 01, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफलः 645.60 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भूमि और भवन के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः पूर्व**- एलआईजी II - 388, **पश्चिम**- एलआईजी II -386, **उत्तर**- रोड, **दक्षिण**- स्कूल.	HOME LOAN/OCC ₹ 23,50,000/- 18.02.2025 से कुल देय धनराशि ₹ 19,27,227.76 एनपीए तिथि 15.02.2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, ट्रांसपोर्ट नगर शाखा, रायपुर (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 03.03.2024 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

कार्यालय नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07701-233830, 234830 email-cmognawapara@gmail.com
क्रमांक 2361/राजस्व/न.पा./2025 गोबरा नवापारा, दिनांक 03.03.2025

-: ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नलिखित आवेदन पत्र प्राप्त हुए

क्र.	वार्ड क्र.	वार्ड का नाम	भवन/ डिमांड क्र.	वर्तमान मकान/भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्ता का नाम)/विक्रेता	आवेदक (हस्तांतरित का नाम) /क्रेता	स्वामित्व अर्जन का स्वरूप
1	10	राजीव लोचन वार्ड	257	स्व. फागूराम साहू पिता स्व. शंकरलाल साहू	दीपक साहू पिता स्व. कमल राम साहू	वंशानुक्रम/सहमति पत्र
2	12	श्री राम वार्ड	73	इच्छाराम पाण्डेय पिता स्व. परसराम पाण्डेय	पुष्पांजलि तिवारी पति संजय तिवारी	सहमति पत्र
3	7	विवेकानंद वार्ड	276	किरण कोचर पति अजय कुमार कोचर	सज्जन कुमार बोरून्दिया पिता स्व. पारसमल बोरुन्दिया	रजिस्ट्री
4	19	शीतला वार्ड	26	छबिराम साहू एवं चम्पू राम साहू पिता थुकेलराम साहू	भानुराम साहू पिता स्व. छबिराम साहू	वंशानुक्रम/ सहमति पत्र
5	19	शीतला वार्ड	26	छबिराम साहू एवं चम्पू राम साहू पिता थुकेलराम साहू	शिवनारायण साहू पिता स्व. छबिराम साहू	वंशानुक्रम/ सहमतिपत्र
6	2	तिलक वार्ड	11	सुनीता दुबे पति स्व. श्री प्रदीप दुबे	अनिल अग्रवाल पिता स्व. आत्मारामजी अग्रवाल	रजिस्ट्री
7	14	राधाकृष्ण वार्ड	130	श्रेणिक झाबक पिता संतोष कुमार झाबक	बसंत कुमार झाबक पिता स्व. अमरचंद झावक	सहमति पत्र
8	14	राधाकृष्ण वार्ड	183	सुलोचना देवी सारदा पति स्व. जगन्नाथ सारडा	1) ओमप्रकाश सारडा 2) कृष्णा सारडा सारडा पिता स्व. जगन्नाथ सारडा	सहमति पत्र
9	1	कचना धुरवा वार्ड	363	सुरेन्द्र शर्मा पिता राजदेव शर्मा	किरण वर्मा पति ललित वर्मा	रजिस्ट्री
10	18	माता कौशिल्या वार्ड	78	कपूर चक्रधारी पिता स्व.नारद चक्रधारी	सुखबती चक्रधारी पति स्व. कपूर चक्रधारी	सहमति पत्र

उपरोक्त अभिलेख द्वारा आवेदकगण अधिपत्य प्राप्त कर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन पेश की गई है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त ईश्तहार/नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते हैं तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपति लिखित में पेश कर सकते हैं। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

" स्वच्छता पर ध्यान देवें, जल व्यर्थ न बहने दें "

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

सौ से ज्यादा हत्याओं में शामिल 8 लाख के ईनामी नक्सली ने पत्नी, बच्चे की मौजूदगी में किया आत्मसमर्पण

- पत्नी कला और बच्चे को लेकर पहुंचा सरेंडर करने
- गंगालूर एरिया कमेटी का डीवीसीएम और सचिव रहा है दिनेश मोड़ियम

बीजापुर/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में नक्सलियों की गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव और हार्डकोर नक्सली कमांडर दिनेश ने हथियार डाल दिए है। पत्नी और बच्चे के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दिनेश अलग-अलग वारदातों में शामिल रहकर लगभग 100 से ज्यादा जवानों के हत्याओं का जिम्मेदार है। दिनेश पर 8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

ईनामी नक्सली जिले के पेद्दाकोरमा का रहने वाला है। कम उम्र में ही नक्सली अपने साथ लेकर चलें गए थे। हथियार चलाना, एंबुश लगाना, आईडी प्लांट करने का प्रशिक्षण दिया गया, वह इन सभी चीजों में माहिर हुआ। तो उसे नक्सल संगठन में एरिया कमेटी सदस्य बनाया गया।

गंगालूर एरिया में बड़े हमले करता था। गंगालूर एरिया में लगातार दहशत बनाकर रखा था।

जब पुलिस का लगातार दबाव बढ़ता देख एनकाउंटर के भय से अपने परिवार के साथ आत्मसमर्पण करना उचित समझा। नक्सल संगठन में रहते दिनेश AK-47,इंसास,SLR जैसे घातक हथियार चलाता था। इसके आत्मसमर्पण करने का खुलासा अब तक बीजापुर पुलिस द्वारा नहीं किया गया।

मास्टरमाइंड था दिनेश

दिनेश के काम को देखते हुए संगठन के बड़े लीडरों ने इसे गंगालूर एरिया कमेटी सचिव व ष्ठङ्कष्टरू कैडर का दायित्व दिया गया। जिले में हुई नक्सल घटनाओं में अधिकांश वारदातों का मास्टरमाइंड है। नक्सल संगठन को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दिनेश, नक्सली संगठन के हार्डकोर नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा, बटालियन नंबर - 1 का कमांडर देवा, सुजाता, दामोदर, विकास आदि नक्सली कैडर्स के साथ काम कर चुका है। नक्सलियों के स्ट्रेटजी से लेकर संगठन की तमाम जानकारी इसके जहन में है। पुछताछ में बड़े बड़े खुलासे हो सकते हैं?

संक्षिप्त खबरें

दो टीई के साथ 5 एसआई के प्रभार में फेरबदल

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने जिले में पदस्थ दो निरीक्षकों के साथ ही पांच सहायक निरीक्षक, एक सहायक उप निरीक्षकों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। निरीक्षक अश्वनी सिंह थाना लखनपुर को प्रभारी यातायात शाखा अंबिकापुर, निरीक्षक मनोज प्रजापति प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम अंबिकापुर के थाना प्रभारी लुण्ड्रा तथा उपनिरीक्षक शिशिरकांत सिंह लुण्ड्रा से अंबिकापुर, विजय कैवर्त्य प्रभारी यातायात शखा को थाना अंबिकापुर, चंद्रप्रताप तिवारी प्रभारी सायबल सेल को थाना प्रभारी बतौली, प्रेमसागर खुटियां थाना लखनपुर को लाइन अंबिकापुर, दीलिप दुबे अंबिकापुर को थाना लखनपुर तथा सहायक उप निरीक्षक अरुण दुबे को थाना अंबिकापुर से लाइन अंबिकापुर स्थानांरित किया गया है।

पीडब्ल्यूडी कालोनी में चोरों ने किया जेवर व नगदी पार

कोरबा/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पीडब्लूडी कॉलोनी के एक मकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफकर दिया। वारदात तहसील कार्यालय में पदस्थ ओंकार देवी लदेर के घर हुई, जब पूरा परिवार बिलासपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। चोरों ने अलमारी में रखे कीमती गहने और नकदी की चोरी कर ली। पीड़ित परिवार की बेटी की शादी जल्द होने वाली थी, जिसके लिए आभूषण और रकम जुटाई गई थी। पति डीआर लदेर की मृत्यु के बाद पत्नी अनुकंपा नियुक्ति पर तहसील कार्यालय में कार्यरत है और कठिन परिस्थितियों में बेटी के विवाह की तैयारियों में लगी थीं, लेकिन इस चोरी ने उनकी खुशियों को बड़ा झटका दे दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को संदेह है कि चोरी की इस वारदात में किसी ऐसे शख्स का हाथ हो सकता है, जिसे परिवार के बाहर जाने की जानकारी थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

दुकान के पास खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव घाट स्थित हनी मोटर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूर्णेन्द्र प्रताप सिंह 26 वर्ष गणपति नगर चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलडब्लू 0140 को महादेव घाट स्थित हनी मोटर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बिरौदा अभनपुर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गौतम साहू 38 वर्ष ग्राम बिरौदा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रेन से गिरा युवक, मौत

कोरबा/नवप्रदेश। सीतामढ़ी कोरबा निवासी 28 वर्षीय युवक की मध्य प्रदेश के इटारसी-बैतूल रेल लाइन पर ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गयी हैं। मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ के सीतामढ़ी कोरबा निवासी 28 वर्षीय अनिल कुमार रजक पिता राजकुमार रजक के रूप में की गयी हैं। रानीपुर पुलिस को रेल ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना मिली थी। तद्पश्चात शव को बरामद कर घोड़ाडोंगरी सीएचसी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव खंबा नंबर 831-20 के पास मिला था। बताया जा रहा हैं की मृतक जींस पहने हुए था। उसके जूतों की स्थिति से लगता है कि वह काफी दूर तक घसीटा गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। जांच अधिकारी प्रेम लाल परते के अनुसार, मृतक की जेब से आधार कार्ड और मोबाइल नंबर मिलने पर उसकी पहचान की गयी हैं। वह भोपाल से वापस लौट रहा था। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच उपरांत आशंका जताई जा रही हैं कि धाराखोह के पास ट्रेन की गति धीमी होने पर वह गिर गया होगा। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पिकअप की टक्कर से 12वीं कक्षा के छात्र की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के करतला थाना क्षेत्र के चारमार मदवानी मुख्य मार्ग पर एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 12वीं कक्षा के छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान विशेष राठिया (17) के रूप में की गई है, जो ग्राम मधुबनी का निवासी था और बोतली हाई सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई करता था। जानकारी के अनुसार घटना के समय विशेष स्कूल से घर लौट रहा था। हादसा इतना भीषण था कि घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए कोरबा के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायपुर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

- ईडी दफ्तर घेराव से पहले राजीव गांधी चौक पर जुटे हजारों कार्यकर्ता, भारी पुलिस बल तैनात

कांग्रेस नेताओं ने ईडी पर लगाए ये आरोप

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा के एजेंडे पर काम कर रही है और छत्तीसगढ़ में विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि वह ईडी और केंद्र सरकार की कार्रवाई के खिलाफ लगातार संघर्ष करेगी और जरूरत पड़ी तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के खिलाफ छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आज राजधानी रायपुर में बड़ा विरोध प्रदर्शन करने जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बना रही है। इसी के विरोध में आज, 3 मार्च (सोमवार) को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्थित ईडी दफ्तर के घेराव का ऐलान किया है। ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण से जुड़ी जानकारी मांगी थी। इस संबंध में कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को ईडी दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जहां उनसे लगभग 9 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कांग्रेस का कहना है कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। ईडी दफ्तर घेरने से पहले कांग्रेस ने राजीव गांधी चौक पर एक विशाल सभा आयोजित की, जिसमें हजारों कार्यकर्ता जुटे। सभा में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व पीसीसी चीफ धनेन्द्र साहू समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अलावा महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है, और उन्होंने केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगीड़, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी शामिल होंगे।

ईडी दफ्तर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात

कांग्रेस के इस बड़े प्रदर्शन को देखते हुए रायपुर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। ईडी दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बैरिकेडिंग लगाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर में तेज रफ्तार के चलते एक बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। बाइक इतनी स्पीड में थी कि वह अनियंत्रित होकर सामने डिवाइडर में जा घुसी। इस हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया. युवक सिर पर गंभीर चोट आई है। वहीं हादसे के बाद घटना स्थल से गुजर रहे ब्रस्न्न के जवानों ने जब युवक को खून से लथपथ और बेहोश पड़े देखा, तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपाय कर उसकी जान बचाई।

बीएसएफ जवानों ने सीपीआर देकर बचाई जान

बीएसएफ के अफसर और जवानों ने घायल को सीपीआर दिया, सिर से बह रहे खून को रोकने के लिए कपड़ा बांधा और राखी पुलिस को सूचित किया। वहीं घटना की सूचना पर एंबुलेंस देर से पहुंची। इससे पहले ही बीएसएफ ने सड़क से गुजरते निजी अस्पताल के एंबुलेंस को रोककर घायल को अस्पताल राखी उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

5 जिलों में पारा 36 डिग्री के पार...जगदलपुर सबसे गर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दिन और रात का तापमान लगातार बढ़ रहा है। 5 जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री पहुंच गया है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई जिलों में दिन और रात के तापमान में कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं है। 6 मार्च से 2 से 4 डिग्री दिन और रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

ड्राई मौसम के चलते रविवार को जगदलपुर जिला सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री ज्यादा था। सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा यहां न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री दर्ज किया गया।

रायपुर में पारा 36 डिग्री के पार: आज मौसम साफरहेगा। रविवार

को रायपुर में दिन का पारा 36.1 डिग्री रिकार्ड किया गया । वहीं न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक था। आज अधिकतम तापमान 35 डिग्री और रात का तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

अंबिकापुर में रात का पारा सामान्य : यहां रात का तापमान 14.4 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। वहीं दिन का तापमान 33.3 डिग्री रहा जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक था।

बिलासपुर में रात को उमस और गर्मी : बिलासपुर समेत आस-पास के सभी जिलों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। रविवार को यहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 2.6 डिग्री अधिक था। वहीं रात का तापमान 22.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक था, जिसके कारण रात में लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे।

अगले 24 घंटे में क्या बदलाव होंगे?

- प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।
- कुछ जिलों में तापमान स्थिर रहेगा
- अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव के आसार नहीं।

मुख्य मार्गों पर केक काटना पड़ेगा महंगा, जाना पड़ेगा जेल

- रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने दी हिदायत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सड़कों पर केक काटने का दूसरा मामला सामने आया। मामले पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। वहीं रायपुर कलेक्टर ने हिदायत भी दी है। सार्वजनिक जगहों पर या मुख्य मार्गों या मुख्य चौक चौराहे पर बर्थडे सेलिब्रेशन करना दंडनीय अपराध है। रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि सामान्यतः देखा जा रहा है कि हम सिविक सेंस को भूलकर कई बार सड़कों पर जन्मदिन बनाने के लिए निकल आते हैं। सड़क के नियमों का पालन नहीं करते हैं। सड़कों पर अतिक्रमण करने की अवरोध बन जाते हैं। हम सड़क के नियमों का पालन नहीं करते हैं। अवैध रूप से सड़कों पर आक्रमण करने की कोशिश करते हैं। बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते हैं।

उन्होंने कहा कि कहीं पर भी इधर-उधर पार्किंग में गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, जो कि आम जनजीवन को प्रभावित करता है। इसलिए कलेक्टर होने के नाते मेरा आप सभी से निवेदन है कि सड़क सुरक्षा से संबंधित जितनी भी चीज हैं उनका कड़ाई से पालन करें। उन्होंने आगे कहा कि मैं विशेषता बताना चाहता हूं कि अपनी खुशी को आप सार्वजनिक स्थानों पर रोड बीच रोड में

जन्मदिन मनाते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। उनके खिलाफ जितनी कठोर से कठोर कार्रवाई हो सकती है, की जाएगी। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि ऐसा कोई काम ना करें जो कि उनको और उनके परिवार के लिए कष्ट का कारण बने और समाज के लिए भी कष्ट का कारण बने। दूसरी ओर रायपुर एसपी डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि किसी के द्वारा भी मुख्य मार्ग पर या मुख्य चौक चौराहे पर अपना जन्मदिन या पारिवारिक आयोजन किए जाने से लोगों को मार्ग अवरोध होता है। इस प्रकार का कृत किया जाना अपराध के श्रेणी में आता है। किसी भी चौक चौराहे पर अपना बर्थडे के काटना आयोजन करना दंडनीय अपराध है। साथ ही एक माह की सजा होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कृति के जाने पर पुलिस के द्वारा प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर सार्वजनिक मार्ग पर किसी प्रकार का बर्थडे सेलिब्रेशन या केक काटने का कृत न करें। ऐसा करने पर जेल जाने की नौबत आएगी।

बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी पहुंचे राम मंदिर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन बेहद खास है, क्योंकि आज राज्य का बजट कुछ ही देर में पेश होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करने से पहले वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ पत्नी डॉ. अदिति चौधरी भी नजर आईं।

लाल ब्रीफकेस के साथ नजर आए मंत्री चौधरी : मंदिर से निकलते समय वित्त मंत्री लाल ब्रीफकेस के साथ नजर आए। उनकी चेहरे पर मुस्कान और आत्मविश्वास झलक रहा था। पिछले बजट के दौरान वे काले रंग के ब्रीफकेस के साथ विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन इस बार वह लाल ब्रीफकेस

के साथ नजर आए।

मंदिर में पूजा के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी सीधे विधानसभा के लिए रवाना हो गए।

कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस पलटी, टला हादसा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आज स्कूली बच्चों के साथ बड़ा हादसा होते होते टला। कृष्णा पब्लिक स्कूल की बस विधानसभा रोड पर पलट गई. बस तेज रफ्तार में थी और स्कूली बच्चों को पिक (लेने) करने जा रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बस अनियंत्रित होगई और पेड़ से टकराकर वहीं पलट गई। राहत की बात यह रही कि स्कूल बस में कोई बच्चे सवार नहीं थे, केवल ड्राइवर और कंडक्टर ही सवार थे। वरना कोई बड़ी अनहोनी भी हो सकती थी।

तमनार प्रखंड... ईशा नागवंशी ने नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' के बारे में जानकारी साझा की

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अदाणी फाउंडेशन की चलित विज्ञान प्रयोगशाला ने बढ़ाया आकर्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। अदाणी फाउंडेशन के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिलुपारा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया. तमनार प्रखंड के 18 शासकीय माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में चलित विज्ञान प्रयोगशाला के माध्यम से लगभग 1500 विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान की जा रही है।

छात्रों को चमत्कारों से रूबरू होने का अवसर मिला : कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विज्ञान के प्रयोगों के माध्यम से विषय को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त

किया. इस दौरान 11वीं कक्षा के छात्र भोला सिदार और छात्रा ईशा नागवंशी ने नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' और फोटोन सिद्धांत के बारे में जानकारी साझा की।

इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई छत्तीसगढ़ की पहली चलित विज्ञान प्रयोगशाला भी आकर्षण का केंद्र बनी. इस प्रयोगशाला के प्रशिक्षकों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया, जिसमें मौसम परिवर्तन, गुरुत्वाकर्षण, ग्रहों की धूरी, दिन और रात के बदलाव, प्रकाश परावर्तन प्रक्रिया आदि को मॉडल्स के माध्यम से समझाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिलुपारा सरपंच उद्धव भगत और विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष भिखलाल नायक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में गारे पेलमा III के जीएम (एचआर) श्रीनिवास रेड्डी, पर्यावरण विभाग के सुजीत तिवारी, प्रौद्योगिकी विभाग के राम दयाल पटेल और सीएसआर विभाग के अन्य सदस्य भी शामिल हुए। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है. इसका उद्देश्य विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com